CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, गुरुवार 28 मई 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 271 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

ईद उल अज़्हा की दिली मुबारकबाद

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2083 10 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

ईद-उल-अज़्हा के मौके पर सभी देशवासियों को दिली मुबारकबाद
- सम्पादक

### अवकाश सूचना

ईद-उल-अज़्हा के मौके पर 28 मई को दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 30 मई 2026 को प्रकाशित होगा। -प्रबंधक

## संक्षिप्त समाचार

### एआई की सैन फ्रांसिस्को जा रही फ्लाइट वापस लौटी

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया की बुधवार को दिल्ली से अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को जा रही उड़ान तकनीकी खराबी के कारण आधे रास्ते से दिल्ली लौट आई। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने जारी बयान में बताया कि उड़ान संख्या एआई173 तकनीकी खराबी के कारण तय प्रक्रिया के अनुरूप 27 मई को दिल्ली लौट आई। विमान की दिल्ली में सुरक्षित लैंडिंग हुई।

### असम विधानसभा में पारित हुआ यूसीसी विधेयक

**गुवाहाटी।** असम विधानसभा ने बुधवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पारित कर दिया। यह कानून धर्म से अलग सभी लोगों के लिए विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन रिश्तों से जुड़े मामलों में एक समान कानूनी व्यवस्था लागू करने के लिए लाया गया है। हालांकि, विपक्ष ने मांग की थी कि विधेयक को पहले विस्तृत चर्चा के लिए चयन समिति के पास भेजा जाए।

# अमेरिका से समझौते का ड्राफ्ट तैयार: ईरान

## कहा: एक महीने के भीतर होर्मुज में जहाजों की आवाजाही होगी शुरू, अमेरिका नौसैनिक घेराबंदी हटाएगा

**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान ने दावा किया है कि अमेरिका के साथ संभावित समझौते का शुरुआती ड्राफ्ट तैयार हो गया है। ईरान के सरकारी टीवी ने एक शुरुआती और अनौपचारिक दस्तावेज मिलने का दावा किया है, जिसमें अमेरिका-ईरान समझौते का ढांचा तैयार किया गया है।



■ यह व्यवस्था अमेरिकी सैन्य जहाजों पर नहीं होगी लागू
■ होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही का प्रबंधन ईरान और ओमान मिलकर करेंगे

ड्राफ्ट के अनुसार अमेरिका ईरान के आसपास से अपनी सैन्य मौजूदगी हटाएगा और नौसैनिक घेराबंदी खत्म करेगा। इसके बदले ईरान 30 दिनों के भीतर होर्मुज स्ट्रेट में व्यावसायिक जहाजों की आवाजाही को युद्ध से पहले के स्तर पर बहाल करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह व्यवस्था अमेरिकी सैन्य जहाजों पर लागू नहीं होगी। होर्मुज में जहाजों की आवाजाही का प्रबंधन ईरान और ओमान मिलकर करेंगे। ईरानी सरकारी मीडिया ने यह भी कहा कि समझौते का ड्राफ्ट अभी फाइनल नहीं है और बिना ठोस गारंटी के ईरान आगे नहीं बढ़ेगा। अमेरिका की तरफ से अभी तक इस रिपोर्ट पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। ईरान में 88 दिनों बाद इंटरनेट सेवाएं आंशिक रूप से बहाल हुईं। नेटब्लॉक्स ने इसे आधुनिक इतिहास का सबसे लंबा राष्ट्रीय इंटरनेट ब्लैकआउट बताया, जिससे कारोबार और डिजिटल सेवाएं प्रभावित रहीं। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉप्स (आईआरजीसी) नौसेना ने दावा किया है कि पिछले 24 घंटे में उसकी अनुमति से 23 जहाज होर्मुज स्ट्रेट से गुजरे। इससे एक दिन पहले 25 जहाजों की आवाजाही की जानकारी दी गई थी। आईआरजीसी नौसेना ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों की आवाजाही उसकी अनुमति से कराई जा रही है। ईरान की मिजान न्यूज एजेंसी ने अमेरिका-ईरान संभावित शांति समझौते के ड्राफ्ट को लेकर नई जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ईरान के आसपास तैनात अपनी सैन्य ताकत हटाने पर सहमत हुआ है। हालांकि इसमें क्षेत्र में तैनात अमेरिकी सैनिक और सैन्य ठिकाने शामिल होंगे या नहीं, इस पर अभी बातचीत बाकी है।

# दिल्ली में 45 डिग्री के करीब पहुंचा पारा, येलो अलर्ट जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में तापमान 45 डिग्री के करीब पहुंचने के बाद मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली-एनसीआर के लिए येलो अलर्ट जारी कर दिया है।



राजधानी सहित उत्तर भारत के बड़े हिस्से भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली- एनसीआर के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के करीब बना रह सकता है और 28 मई से पहले राहत की संभावना कम है। महीने के अंत तक पश्चिमी विक्षोभ के असर से कुछ इलाकों में आंधी और हल्की बारिश के साथ तापमान में गिरावट आ सकती है। आईएमडी के मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार विदर्भ क्षेत्र देश के सबसे अधिक गर्म इलाकों में बना हुआ है। ब्रह्मपुरी में तापमान 46.6 डिग्री सेल्सियस और नागपुर में 45.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने वर्धा, अमरावती और चंद्रपुर जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है और अगले दो दिनों तक गंभीर हीटवेव की चेतावनी

■ 29 मई को राहत की संभावना

दी है। विभाग ने कहा कि राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उप्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और तेलंगाना के कई हिस्सों में भी लू से गंभीर लू की स्थिति बनी रहेगी। पश्चिम राजस्थान और मध्य भारत के कुछ क्षेत्रों में तापमान सामान्य से चार से छह डिग्री सेल्सियस अधिक बना हुआ है। तेलंगाना के 10 जिलों में भी हीटवेव को लेकर चेतावनी जारी की गई है। पेद्दापल्ली, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, भद्राद्री कोठागुडेम और खम्मम जिलों में गंभीर लू चलने की आशंका जताई गई है।

# सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर की वैधता रखी बरकरार

## कहा: यह प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए जरूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग की ओर से किए गए मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की वैधता को बरकरार रखते हुए बुधवार को कहा कि यह प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए जरूरी है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 तथा उसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार आयोग को एसआईआर कराने का अधिकार प्राप्त है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने उन याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया, जिनमें निर्वाचन आयोग द्वारा पिछले वर्ष जून में बिहार में एसआईआर कराने संबंधी जारी अधिसूचना को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत द्वारा सुनाए गए फैसले में कहा गया कि जब कानून स्वयं चुनाव आयोग को किसी भी समय विशेष पुनरीक्षण कराने का अधिकार देता है, तो केवल इस आधार पर इस प्रक्रिया को अवैध नहीं ठहराया जा सकता कि यह नियमित

-शेष पृष्ठ दो पर



■ नियमों के अनुसार चुनाव आयोग को एसआईआर कराने का अधिकार प्राप्त है

### शीर्ष कोर्ट से अमेजन को बड़ी राहत, सीसीआई की तरफ से लगा 202 करोड़ का जुर्माना रद्द

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से अमेरिकी ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन को बड़ी राहत मिली है। सर्वोच्च अदालत ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के जून 2022 के आदेश को रद्द कर दिया है। आदेश में ई-कॉमर्स कंपनी के फ्यूचर समूह के साथ सौदे को निलंबित करने के सीसीआई के फैसले के खिलाफ अपील की गई थी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने यह फैसला सुनाया, जिसमें 17 दिसम्बर, 2021 के सीसीआई के अमेजन पर 202 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने और फ्यूचर ग्रुप के साथ उसके सौदे को निलंबित करने के आदेश को भी रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के 2 जजों की पीठ ने कहा कि यदि इन आदेशों के तहत अमेजन से कोई राशि जमा कराई गई है या वसूली गई है, तो उसे 8 सप्ताह के भीतर वापस किया जाए।

### प्री-मानसून बारिश 5 जून तक संभव

**नई दिल्ली।** तेज गर्मी से जूझ रहे देश के 80-90 प्रतिशत हिस्से में 29 मई से 5 जून तक प्री-मानसून बारिश हो सकती है। यह बारिश इसलिए अहम है, क्योंकि मानसून अभी केरल नहीं पहुंचा है। यहां 14 तय स्टेशनों में लगातार दो दिन 2.5 एमएम बारिश होने पर मानसून पहुंचने का ऐलान किया जाता है।




# सार्वजनिक वितरण प्रणाली को बेहतर बनाने की कवायद

**नई दिल्ली।** सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को बेहतर बनाने तथा उसमें सुधार के उद्देश्य से 25530 करोड़ रुपये की सार्थक जन वितरण प्रणाली 'सार्थक पीडीएस' को बुधवार को मंजूरी दे दी।

■ 25530 करोड़ रुपये की सार्थक पीडीएस योजना को मंत्रिमंडल की मंजूरी

सार्थक पीडीएस एक व्यापक योजना है जिसमें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत खाद्यान्नों की राज्य के भीतर ढुलाई और उचित दर दुकान डीलरों के मार्जिन के लिए राज्य एजेंसियों को सहायता देना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली में प्रौद्योगिकी के माध्यम से आधुनिकीकरण और सुधार योजना (स्मार्ट पीडीएस) को लागू करना शामिल है। सार्थक पीडीएस योजना में 25530 करोड़ की यह राशि पांच वर्ष के लिए जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

**Recruitment For Teaching Staff**

Required: Assistant Professor For

- B.A. (Education, History)
- M.A. (English, Urdu , Political Science)
- BBA
- BCA

Qualification: As per University/UGC Norms.

Eligible candidates are invited to send their Resume along with a set of self attested copy of all documents either to idcdeoband@gmail.com or by registered post within 15 days. **Experienced Candidates will be preferred.**

ISLAMIA DEGREE COLLEGE
Deoband, Distt., Saharanpur
Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur

Contact No. : 9045143298, 8755525452
Email Id- idcdeoband@gmail.com










CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी सरकार की विदेश नीति पूरी तरह विफल: तिवारी

**नई दिल्ल।** कांग्रेस राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने चीन-पाकिस्तान के बढ़ते गठजोड़ को लेकर केंद्र की मोदी सरकार की आलोचना करते हुए कहा है कि भारत की विदेश नीति पूरी तरह विफल हो चुकी है और इसका असर देश की सुरक्षा तथा राष्ट्रीय हितों पर पड़ रहा है। श्री तिवारी ने कहा ष्आज फिर खतरे की घंटी बज गई है। पाकिस्तान और चीन का संयुक्त बयान जारी हुआ है। जिस चीन को हमने पाकिस्तान से दूर रखा हुआ था, मोदी सरकार के 12 वर्षों में दोनों को गले मिला दिया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि खुद मोदी जी चीन को झूला झुलाते रहे और चीन जाकर पाकिस्तान के पाले में बैठ गया। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि ऑपरेशन सिदूर के दौरान चीन ने अपने अखबारों में खुद स्वीकार किया था कि उसने पाकिस्तान के साथ साम. रिक और सुरक्षा मामलों में सहयोग किया।

### घरेलू मार्गों पर भी उड़ानों की संख्या कम करेगी एयर इंडिया

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने ष्विमान ईंधन की ऊंची लागत के मद्देनजरष घरेलू के बाद अब अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर भी उड़ानों की संख्या में कटौती की घोषणा की है। एयरलाइंस के एक प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि कंपनी ने जून से अगस्त के बीच चुनिंदा मार्गों पर उड़ानों की संख्या कम करने का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा, ष्सकल परिचालन पर ईंधन की ऊंची लागत के जारी प्रभाव के कारण ए बदलाव किए गए हैं।ष प्रभावित यात्रियों को दूसरी उड़ानों में बुकिंग, तारीख में बिना शुल्क बदलाव या पूरा रिफंड लेने के विकल्प दिए जाएंगे।

# योगी सबसे असफल सीएम: अखिलेश

## उत्तर प्रदेश में बिजली कटौती पर भड़के सपा मुखिया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी में बिजली कटौती को लेकर अखिलेश यादव ने यूपी सरकार पर तंज कसते हुए निशाना साधा और योगी आदित्यनाथ को राज्य का सबसे असफल मुख्यमंत्री बताया। उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती को लेकर सियासत गर्म हो गई हैं। समा. जवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर से बिजली को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार पर बड़ा हमला किया है। उन्होंने यूपी में बिजली आपदा के पीछे मंत्री एके सिंह को जिम्मेदार बताया और कहा कि अब भाजपा में करंट नहीं रहा।



अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए तंज कसा और लिखा कि अगले चुनाव में जनता भाजपा को अच्छे से धो-पटककर हमेशा के लिए सुखा देगी। शुक्र है उप्र के 'असफल मुख्यमंत्री' जी ने ये नहीं कहा कि इस 'महा विद्युत आपदा' के पीछे दिल्लीवालों के भेजे हुए दूत की साजिश है। ये स्पष्ट किया जाए कि मुख्यमंत्री जी की समीक्षा बैठक में बिजली मंत्री जी आते नहीं हैं या बुलाए नहीं जाते हैं। अगर आते हैं, तो माननीय से अनुरोध है कि उनके 'कंधों पर हाथ रखकर' एक तस्वीर आप पोस्ट कर दीजिए, जनता को आपकी 'आपसी गर्मी' से तो राहत मिल जाएगी, क्योंकि जनता ने आप दोनों को कभी एकांत में साथ देखा नहीं। भाजपा राज में बिजली के सब-स्टेशनों पर पीएसी लगती है और विधायक-सांसद अपनी ही सरकार के खिलाफ चिट्ठी लिखकर जनता के आक्रोश से बचने का कायराना काम करते हैं। उत्तर प्रदेश इन दिनों प्रचंड गर्मी पड़ रही है। ऐसे में राजधानी लखनऊ समेत कानपुर, नोएडा, आगरा, मेरठ समेत कई जिलों में बिजली कटौती हो रही है, जिससे आम लोगों में जबरदस्त गुस्सा देखने को मिल रहा हैं। कई जगहों पर तो लोगों ने सड़क पर उतरकर बिजली विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किए, जिसके बाद तूल पकड़ लिया है।

# कांग्रेस और राहुल गांधी माफी मांगें: नकवी

नई दिल्ली, वार्ता

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय के फैसले को लेकर भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न नेताओं ने कांग्रेस और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल को आत्ममंथन करने तथा लोकतंत्र को बदनाम करने के लिए उनसे देश की जनता से माफी मांगने की मांग की है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि शीर्ष अदालत ने अपने फैसले के जरिए उन लोगों को साफ संदेश दिया है जो इस पर सवाल उठा रहे थे और डर तथा भ्रम फैला रहे थे। उन्होंने कहा कि जो लोग एसआईआर के बारे में दुर्भावनापूर्ण दुष्प्रचार फैला रहे थे, उन्हें न्यायालय के फैसले से कड़ा जवाब मिला है।बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे चुनावों में जनता ने जनादेश के जरिए ऐसे तत्वों को पहले ही नकार दिया है और अब न्यायालय के फैसले के बाद उन्हें आत्ममंथन करना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एसआईआर भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई



- दोनों ने लोकतंत्र को बदनाम किया
- एसआईआर के नाम पर फैला रहे भ्रम कोर्ट के फैसले का सम्मान करें

कोई नई योजना नहीं है। यह एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने शीर्ष कोर्ट के फैसले को स्वागत करते हुए लिखा कि गांधी और कांग्रेस का असली चेहरा बेनकाब! न्यायालय ने एसआईआर प्रक्रिया को वैध और संवैधानिक घोषित किया! यह साफ है कि श्री गांधी और कांग्रेस ने शुरू से ही इसका विरोध इसलिए किया, क्योंकि वे भारतीय मतदाताओं के साथ नहीं, बल्कि अवैध घुसपैठियों के साथ खड़े थे। यह सही मायनों में एक 'राष्ट्र-विरोधी कृत्य' था!

### इंडिया गठबंधन का वास्तविक चरित्र सामने आया: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि उच्चतम न्यायालय के निर्णय से 'सनातन धर्म विध्वंसक और घुसपैठिया संरक्षक इंडिया गठबंधन' का वास्तविक चरित्र सामने आ गया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को कहा कि एसआईआर प्रक्रिया को उच्चतम न्यायालय ने संविधान सम्मत और चुनाव आयोग के अधिकार के अंतर्गत माना है। इसके साथ ही निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए इसे आवश्यक माना है। अराजकता अव्यवस्था उत्पन्न करने की नैतिक पराजय के बाद अब यह विपक्ष और कांग्रेस की संवैधानिक धरातल पर भी पराजय हुई है। लोकतंत्र की समस्त संस्थाओं को अपनी राजनीतिक अक्षमता को ढकने के लिए आरोपित करने और लांछित करने के सभी कुप्रयास आज न्यायालय के धरातल पर निष्फल सिद्ध हुए।

## आज से बदलेगा मौसम का मिजाज, गर्मी से मिलेगी राहत, चलेंगी तेज हवाएं

# यूपी में गरज-चमक के साथ बारिश के आसार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** पिछले एक पखवारे से प्रचंड गर्मी और लू का सामना कर रहे उप्र में आगामी दिनों में मौसम का मिजाज तेजी से बदलने वाला है।

प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में कहीं लू तो कहीं तेज आंधी, गरज-चमक, बारिश और ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार आज शाम को पश्चिमी उप्र में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं, जबकि 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से धूलभरी हवाएं चल सकती हैं। वहीं पूर्वी उप्र में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। विभाग ने पूर्वी यूपी के कुछ हिस्सों में उष्ण लहर से लेकर भीषण लू चलने की चेता. वनी भी जारी की है। 28 मई से प्रदेश के मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। पश्चिमी और पूर्वी दोनों हिस्सों में कई स्थानों पर बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई गई है।



- पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में बौछारें पड़ने की संभावना, आंधी से पूर्वी यूपी के 3 जिलों में आठ लोगों की मौत

पश्चिमी उप्र में 60 से 70 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलने वाली आंधी, जो झोंकों में 80 किलोमीटर प्रतिघंटा तक पहुंच सकती है, की चेतावनी जारी की गई है।

बीते दो दिनों में आंधी-तूफान और बारिश से लखीमपुर, गोंडा और सीतापुर में जान-माल का काफी नुकसान हुआ है। इस दौरान इन जिलों में हादसे में 8 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। मौसम विभाग ने 28 से 30 मई तक यूपी सहित उत्तर भारत के कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। लखीमपुर, गोंडा और सीतापुर सहित कई जिलों में तूफान के दौरान कई मकानों की दीवार गिर गई। इतना ही नहीं कई जगह तो टीन-शेड के उड़ने की खबरें भी सामने आईं। आंधी-तूफान के दौरान लखीमपुर के कारीबडेरी गांव में आग से 40 घर जलकर राख हो गए। तूफान के इस आतंक से लोगों में अफरातफरी मच गई। इन हादसों में कई लोग हताहत भी हुए हैं। तेज हवाओं से कई जगह बिजली के पोल और पेड़ भी टूट गए, जिससे कई गांवों की बिजली गुल हो गई। गोंडा में मनकापुर-अयोध्या रेल मार्ग पर तेज तूफान से पेड़ गिरने से ट्रैक बाधित हुआ। कई ट्रेनों के रूट डायवर्ट करने की वजह से यात्रियों को कफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। तूफान थमने पर रेलवे कर्मियों ने रेल मार्ग को साफ कराया, जिससे रेल फिर से चल सकी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में मची इस हलचल को लेकर संवेदनाएं प्रकट की। मौसम विभाग के अनुसार सिर्फ एक दिन के इंतजार के बाद लोगों को धुआंधार बारिश देखने को मिल सकती है।

### मुजफ्फरनगर समेत 16 जिलों में संभावना

मौसम विभाग ने आज यूपी के तराई वाले इलाकों में बारिश होने के आसार जताए हैं, जिसकी वजह से सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, बिजनौर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर और देवरिया में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश होने का अनुमान हैं।

# योगी के तीसरे कार्यकाल को आरएसएस सक्रिय

लखनऊ, वार्ता

- आरएसएस ने कार्यकर्ताओं को दिए टिप्स

पश्चिम बंगाल चुनावों में सफलता के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अब उप्र में योगी आदित्यनाथ सरकार के तीसरे कार्यकाल की सफलता के लिए अपने कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर दिया है।

संघ प्रमुख मोहन भागवत पिछले तीन दिन से लखनऊ में हैं। उन्होंने हिंदुत्व और राष्ट्रवाद की विचारधारा को आगे बढ़ाकर भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल के प्रयासों को मजबूती देने पर जोर दिया। संगठन कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने कहा कि समाज में जातिगत भेद मिटाकर हिंदुत्व और राष्ट्रवाद को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी जातियों का सम्मान हो और किसी स्तर पर भेदभाव न हो। निराला नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में तीन दिन के प्रवास के दौरान भागवत ने प्रशिक्षण वर्ग में शामिल 289 स्वयंसेवकों को जीवन में अनुशासन अपनाने और संघ के काम को बढ़ाने के तरीके सिखाए।

'कुटुंब प्रबोधन' के तहत संघ प्रमुख ने बढ़ते एकल परिवारों की प्रवृत्ति को रोकने और पारंपरिक संयुक्त परिवार व्यवस्था तथा पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने की जरूरत बताई।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 75867.80
निफ्टी 23907.15


सोना 157000 प्रति 10 ग्राम
चांदी 262000 प्रति किलो

## सेंसेक्स दूसरे दिन भी टूटा, निजी बैंकों व वित्तीय कंपनियों पर दबाव

मुंबई, वार्ता

निजी बैंकों तथा वित्तीय कंपनियों में बिकवाली से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांकों में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 141.90 अंक टूटकर 75,867.80 अंक पर बंद हुआ। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में यह ऊपर 76,224.68 अंक और नीचे 75,748.21 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी सूचकांक भी 6.55 अंक यानी 0.03 फीसदी उतरकर 23,907. 15 अंक पर रहा। दोनों प्रमुख सूचकांक लगातार दूसरे दिन लाल निशान में बंद हुए हैं। वृहत बाजार में लिवाली का जोर रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.08 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.15 प्रतिशत ऊपर रहा। बैंकिंग, वित्त, आईटी, एफएमसीजी और तेल एवं गैस समूहों के सूचकांक नीचे बंद हुए। विशेषकर निजी बैंकों में बिकवाली हावी रही। धातु, ऑटो, मीडिया और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों की कंपनियों में लिवाली



देखी गई। एनएसई में जिन 3,422 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,770 के शेयरों में तेजी और 1,533 में गिरावट रही। अन्य 119 कंपनियों के शेयर अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 के शेयर हरे निशान में रहे। एचडीएफसी बैंक का शेयर 2.63 प्रतिशत गिर गया। इंफोसिस, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनीलिवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी नीचे बंद हुए। पावर ग्रिड का शेयर 2.56 प्रतिशत, इटरनल का 2. 54, एनटीपीसी का 2.23 और टाटा स्टील का 2.04 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। इंडिगो का शेयर 1.90 प्रतिशत, मारुति सुजुकी का 1.22 प्रतिशत और एशियन पेंट्स का 0.96 प्रतिशत चढ़ा।

### चांदी दो दिन में 9000 , सोना 1,800 रुपए सस्ता

**नई दिल्ली।** बुधवार को सोने-चांदी के दाम में भारी गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 1 किलो चांदी की कीमत 4,503 रुपए कम होकर 2.62 लाख रुपए पर आ गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 571 रुपए गिरकर 1.57 लाख रुपए हो गया है। चांदी की कीमत 2 दिन में 9 हजार और 1,800 रुपए सस्ता हो चुकी है। सोने में इस साल की शुरुआत में तेजी दिखी थी, लेकिन पिछले कुछ प में मुनाफावसूली और वैश्विक कारणों से इसमें गिरावट आई है। चांदी में सोने के मुकाबले ज्यादा उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। यह अपने ऑलटाइम हाई से काफी नीचे आई है।

## चावल, गेहूं, दालें नरम, चीनी और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिस बाजारों में बुधवार को चावल का औसत भाव टूट गया। गेहूं और दालों में भी नरमी रही जबकि चीनी की कीमत चढ़ गई। खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 24 रुपये घटकर 3,832 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं सात रुपये टूटकर 2,774 रुपये प्रति क्विटंल बोला गया। आटा भी 10 रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में मूंग दाल की औसत कीमत 18 रुपये और तुअर दाल की 10 रुपये प्रति क्विटंल गिर गई। चना दाल नौ रुपये और मसूर दाल सात रुपये सस्ती हुई। उड़द दाल में पांच रुपये की



गिरावट रही। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में आज बकरीद का अवकाश रहा। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.17 प्रतिशत टूटकर 74. 23 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 51 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। वनस्पति 49 रुपये और सरसों तेल 44 रुपये फिसल गया। सूरजमुखी तेल में पांच रुपये और मूंगफली तेल में तीन रुपये की गिरावट रही। सोया तेल 64 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव में टिकाव रहा। चीनी भी तीन रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7685. 20 रुपये, मसूर काली 8123.89 रुपये, मूंग दाल 10144.60 रुपये, उड़द दाल 10838.04 रुपये, तुअर दाल 11234.34 रुपये प्रति क्विटंल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2773.81 रुपये और चावल 3831.50 रुपये प्रति क्विंटल और आटा द्धगेहूंत्र 3247.63 रुपये प्रति क्विटंल रहा। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4331.28 रुपये और गुड़ 5035.08 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## हर घंटे दो छात्र कर रहे आत्महत्या शिक्षा व्यवस्था चौपट : एनएसयूआई

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) प्रभारी कन्हैया कुमार ने कहा है कि देश में हर घंटे दो छात्र आत्महत्या कर रहे हैं और इसका सीधा संबंध खराब होती शिक्षा व्यवस्था से है। कुमार ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में केंद्र सरकार और शिक्षा व्यवस्था की आलोचना करते हुए कहा कि देश में शिक्षा और परीक्षाओं से जुड़ी गड़बड़ियां सरकार के लिए भले 'कॉमेडी' हों, लेकिन छात्रों के लिए यह जीवन-मरण का सवाल बन चुकी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मीडिया का एक बड़ा हिस्सा गंभीर छात्र मुद्दों की बजाय गैर-जरूरी विषयों पर बहस करता है, जबकि छात्रों की आत्महत्याओं और परीक्षा घोटालों पर पर्याप्त चर्चा नहीं होती। हर साल नेशनल टेस्टिग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट परीक्षा में गड़बड़ियां सामने आती हैं, लेकिन न तो शिक्षा मंत्री इस्तीफा देते हैं और न ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई होती है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सुप्रीम कोर्ट...** पुनरीक्षण की सामान्य प्रक्रिया के प्रत्येक पहलू का पूरी तरह पालन नहीं करती। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमारी सुविचारित राय में यह विवादित एसआईआर 'जन प्रतिनिधित्व अधिनियम' और उसके नियमों की जगह नहीं लेता है, बल्कि, यह धारा 21(3) द्वारा निर्धारित सटीक कानूनी सीमाओं के भीतर अनुच्छेद 324 के तहत दिए गए संवैधानिक आदेश में नई जान डालता है। इसलिए, यह नहीं कहा जा सकता कि आयोग ने अपनी कानूनी शक्तियों से बढ़कर कोई कार्य किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि एसआईआर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की संवैधानिक आवश्यकता को आगे बढ़ाता है। न्यायालय के अनुसार, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव केवल मतदान की प्रक्रिया तक सीमित नहीं हैं। वे मूल रूप से मतदाता सूची की सटीकता और विश्वसनीयता पर आधारित होते हैं, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया की नींव है। पीठ ने कहा कि विस्तृत विचार के बाद वह इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 16 के तहत चुनाव आयोग को मतदाता सूची तैयार करने अथवा संशो. धित करने की प्रक्रिया में नागरिकता से जुड़े प्रश्नों की जांच करने का अधिकार है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि ऐसी जांच केवल मतदाता सूची में नाम शामिल करने अथवा हटाने तक सीमित उद्देश्य से ही की जा सकती है और यह प्रक्रिया उस मतदाता के पक्ष में लागू पूर्वधारणा का सम्मान करते हुए की जानी चाहिए, जिसका नाम पहले से मतदाता सूची में दर्ज है। न्यायालय ने कहा कि आयोग केवल चुनावी प्रयोजनों के लिए उपलब्ध सामग्री का आकलन कर निर्णय ले सकता है।

# मई-जून के लिए स्कूली बच्चों व परिजनों को म्यूजियम एवं स्मारकों में प्रवेश निशुल्क

मुहम्मद जान तुर्की

लखनऊ। विश्व की वर्तमान स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री ने राष्ट्र हित में सभी को अपना योगदान करने का आह्वान किया था। इसी क्रम में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने अधिकारियों के साथ 13 मई, 2026 को बैठक करके प्रधानमंत्री जी के निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए है। जिन अधिकारियों को वाहन आवंटित है उसके उपयोग में मितव्ययिता बरती जाये और इस पर आने वाले व्यय को 50 प्रतिशत के स्तर पर लाए जाने के प्रयास किये जाये।



पर्यटन मंत्री ने एक ही रूट पर रहने वाले अधिकारियों को एक ही गाड़ी का उपयोग करने तथा शासकीय भ्रमण आदि के लिए संयुक्त रूप से एक ही वाहन उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा अधिकारी गण पब्लिक ट्रांसपोर्ट, मेट्रो का उपयोग करें। कार्यालय में बिजली का उपयोग भी न्यूनतम किया जाए और एसी का उपयोग भी कम किया जाए। अवकाश के दिनों में कार्यालयों को अपरिहार्य स्थिति में ही खोला जाए। जयवीर सिंह ने विभागीय अधिकारियों को स्मारकों में नि:शुल्क प्रवेश करने के निर्णय का व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने की अपेक्षा की है। प्रदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग की विद्यमान अपार संभावनाओं को देखते हुए पीपीपी योजना में लीज पर दी गई इकाइयों एवं पर्यटक आवास गृहों में डेस्टिनेशन वेडिंग को प्रोत्साहित करने के लिए कहा है। पर्यटन विभाग के राही पर्यटक आवास गृहों, होटलों में मई एवं जून 2026 में बच्चों एवं परिवार के यात्रियों को 20 से 25 प्रतिशत छूट प्रदान करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने विजिट माई स्टेट को बढ़ावा दिए जाने के निर्देश दिए हैं, उसके अनुपालन में वाराणसी, मथुरा, प्रयागराज, अयोध्या, बुन्देलखण्ड, चित्रकूट, आगरा, नैमिषारण्य, शाकुम्भरी देवी आदि स्थलों का प्रचार-प्रसार एवं ब्रांडिग की जाए। उन्होंने पर्यटकों और स्थानिय नागरिकों को क्षेत्रीय व्यन्जनों से परिचित कराने के लिए विशेष कुकिंग शो आयोजित करायें जाने की अपेक्षा की है। प्रदेश के स्थलों और विरासत से परिचित कराने हेतु हेरेटिज वाक का आयोजन करने के निर्देश दिये है। संस्कृति विभाग द्वारा जिलाधिकारी के माध्यम से सास्कृतिक कार्यक्रम, भजन, नाटक आदि का आयोजन किए जाने की अपेक्षा की है। प्रदेश भर में कुल 200 नाटय प्रस्तुति चिन्हिन की गई है। जिनका विभिन्न स्थलों और मण्डलों में मंचन किया जाए।

### गायत्री प्रजापति के आवास पर अराजक तत्वों ने किया हंगामा

**अमेठी।** अमेठी में समा. जवादी पार्टी के पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के आवास पर हमले और हंगामे का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार देर शाम अमेठी नगर स्थित आवास विकास कॉलोनी में हुई, जहां वर्तमान विधायक महाराजी प्रजापति अपने परिवार के साथ रहती हैं। पूर्व मंत्री के बेटे अनुराग प्रजापति ने कोतवाली पुलिस को दी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि करीब दो से तीन दर्जन लोग मोटरसाइकिलों और एक काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी से उनके आवास पर पहुंचे। उन्होंने परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी और वीडियो बना रहे परिजनों के साथ मारपीट करते हुए मोबाइल छीन लिया। शिकायत में कई लोगों के नाम भी दर्ज कराए गए हैं। अनुराग प्रजापति का कहना है कि उनके परिवार को जान-माल का खतरा है।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन आज आएंगे देहरादून, तैयारियां पूरीं

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के आगामी उत्तराखंड दौरे को लेकर संगठन ने तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। यह दौरा कार्यकर्ताओं और बूथ स्तर के संगठन को समर्पित है। राष्ट्रीय अध्यक्ष देहरादून के गढ़ी कैंट इलाके में एक बूथ कार्यकर्ता के घर भोजन करेंगे। वहीं ईंधन बचत और सादगी का संदेश देने के लिए बड़े रोड शो के बजाय सड़क किनारे स्वागत कार्यक्रमों की तैयारी की जा रही है।



28 मई को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के उत्तराखंड दौरे को लेकर देहरादून स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में लगातार बैठकें हो रही हैं। प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने संगठन पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों, प्रभारियों, मीडिया और सोशल मीडिया टीम के साथ समन्वय बैठक कर तैयारियों का जायजा ले रहे हैं।प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि भाजपा की ताकत उसका बूथ स्तर का संगठन है। पार्टी बूथ को अपनी सबसे पहली और सबसे मजबूत इकाई मानती है और इसी सोच के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह दौरा तय किया गया है। उन्होंने कहा कि, राष्ट्रीय अध्यक्ष सीधे बूथ कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे, उनके घर जाएंगे, उनके साथ समय बिताएंगे और संगठन को लेकर फीडबैक भी लेंगे।

### ■ कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि दौरे का मुख्य फोकस संगठनात्मक मजबूती और कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद रहेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल चुनाव जीतने की राजनीति नहीं करती, बल्कि संगठन के अंतिम छोर पर खड़े कार्यकर्ता को भी नेतृत्व से जोड़ने का काम करती है। पार्टी 'अंत्योदय' की सोच के साथ आगे बढ़ती है, जिसमें अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच बनाना, सबसे अहम माना जाता है।

> भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी इसलिए बन पाई, क्योंकि यहां कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा जाता है। चुनाव में जीत और हार अलग विषय हो सकते हैं, लेकिन कार्यकर्ता का मनोबल बनाए रखना और उसकी बात को शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाना भाजपा की कार्यशैली का अहम हिस्सा है। भाजपा संगठन को उम्मीद है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह दौरा प्रदेश के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरेगा। साथ ही आगामी चुनावों को देखते हुए बूथ स्तर पर संगठन को और मजबूत करने में भी यह दौरा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
>
> **-महेंद्र भट्ट, प्रदेश अध्यक्ष, उत्तराखंड भाजपा**

### नहीं होंगे बड़े रोड शो, सड़क किनारे होंगे स्वागत कार्यक्रम

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के दौरे को लेकर भाजपा संगठन इस बार सादगी और अनुशासन पर भी विशेष जोर दे रहा है। पार्टी नेताओं के मुताबिक, राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत में पारंपरिक बड़े रोड शो नहीं होंगे। इसके पीछे एक कारण ईंधन बचत और ट्रैफिक व्यवस्था को प्रभावित न करना भी बताया जा रहा है। पार्टी अब जगह-जगह सड़क किनारे स्वागत कार्यक्रमों की तैयारी कर रही है। जहां कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करेंगे, लेकिन लंबा वाहन काफिला और रोड शो जैसी गतिविधियों से बचा जाएगा। पार्टी का कहना है कि, इससे आम लोगों को भी परेशानी नहीं होगी और संगठन का संदेश भी सीधे कार्यकर्ताओं तक पहुंचेगा। पार्टी इसे दिखावे की राजनीति से अलग कार्यकर्ता आधारित कार्यक्रम के रूप में पेश करना चाहती है। संगठन का मानना है कि जब शीर्ष नेतृत्व सीधे बूथ स्तर तक पहुंचता है तो उसका असर आने वाले चुनावों में भी दिखाई देता है।

# गर्मी से राहत के आसार, आज से बारिश का अलर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड में भीषण गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग, देहरादून द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार राज्य के विभिन्न जनपदों में आगामी दिनों में वर्षा, गर्जन, आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि तथा तेज झोंक. ेदार हवाएं चलने की संभावना व्यक्त की गई है।



भारत मौसम विज्ञान विभाग, देहरादून द्वारा 27 मई, को जारी पूर्वानुमान के अनुसार 28 मई को जनपद उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़ में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन जनपदों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि तथा 40-50 कि.मी. प्रति घंटा से बढ़कर 60 कि.मी. प्रति घंटा तक की गति से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना व्यक्त की गई है। इसके अतिरिक्त राज्य के शेष जनपदों में भी कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने तथा 40-50 कि.मी. प्रति घंटा की गति से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना व्यक्त की गई है।

29 मई को राज्य के उत्तरकाशी, देहरादून, टिहरी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर एवं पिथौरागढ़ जनपदों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि तथा 40-50 कि.मी. प्रति घंटा से बढ़कर 60 कि.मी. प्रति घंटा तक की गति से तेज हवाएं चलने की संभावना के साथ आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही उत्तरकाशी, देहरादून, टिहरी, रुद्रप्रयाग एवं चमोली जनपदों में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की भी संभावना व्यक्त की गई है।

### ■ कई जनपदों के लिए जारी किया गया औरेंज अलर्ट


30 मई तथा 31 मई के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र द्वारा संबंधित जनपदों को सतर्क रहने तथा आवश्यक एहतियाती व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने, आपदा प्रबंधन से जुड़े विभागों को अलर्ट मोड में रखने तथा त्वरित कार्रवाई हेतु सभी आवश्यक संसाधनों को तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं।

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें, सुरक्षित स्थानों पर रहें तथा आकाशीय बिजली एवं तेज हवाओं के दौरान पेड़ों, बिजली के खंभों एवं कमजोर संरचनाओं से दूर रहें। मौसम संबंधी नवीनतम जानक. ारी एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

# धामी, योगी और हिमंता को अमेरिका में निशाना बनाने की कोशिश अस्वीकार्य: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने अमेरिका मे तथाकथित धार्मिक स्वतंत्रता आयोग की सुनवाई को हिंदुत्व की सबसे मजबूत आवाजों पर विदेशी मंच से हमला करार देते हुए कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि देश में अपनी संस्कृति, धर्म और सभ्यता की बात होने पर कुछ लोगों को इसकी जलन सात समंदर पार तक होने लगी है और यह दुर्भाग्यपूर्ण है।



■ हिंदुत्व की सबसे मजबूत आवाजों पर विदेशी मंच से हमला दुर्भाग्यपूर्ण
■ भारत में सनातन की मजबूती से उड़ी विदेशी एजेंडे की नींद

भट्ट ने कहा कि अमेरिका की तथाकथित धार्मिक स्वतंत्रता आयोग की सुनवाई में भारत के तीन ऐसे मुख्यमंत्रियों को घेरने की को. शिश की गई, जो लगातार हिंदू संस्कृति, सनातन परंपरा और राष्ट्रहित की बात खुलकर करते रहे हैं।

धार्मिक स्वतंत्रता आयोग की सुनवाई में एक वामपंथी-लिबरल एक्टिविस्ट रकीब अहमद नाइक द्वारा हिंदुत्व विचारधारा, राष्ट्रवादी संगठनों और भारत की लोकतांत्रिक सरकारों के खिलाफ बयानबाजी करते हुए पुष्कर सिंह धामी, योगी आदित्यनाथ और हिमंता बिस्वा सरमा पर "प्रतिबंध" लगाने की मांग तक कर दी गई। इसके साथ ही आरएसएस, बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद जैसे संगठनों को भी निशाना बनाया गया। इससे सवाल उठ रहा है कि आखिर धर्म और संस्कृति की रक्षा की आवाज कुछ लोगों को इतनी क्यों चुभ रही है?

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में पुष्कर सिंह धामी ने समान नागरिक संहिता, अवैध कब्जों और धर्मांतरण जैसे मुद्दों पर सख्त रुख अपनाया है। वहीं उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ ने माफिया और कट्टरपंथ के खिलाफ कार्रवाई कर कानून का डर पैदा किया। दूसरी ओर असम में हिमंता बिस्वा सरमा लगातार घुसपैठ और जनसंख्या असंतुलन जैसे मुद्दों को उठाते रहे हैं। हिंदुत्व की आवाज को निशाना बनाने की किसी भी कोशिश का कड़ा जवाब दिया जायेगा। अब यही नेता विदेशी मंचों पर निशाने पर हैं। सवाल यह है कि आखिर क्यों? क्या अपने ही देश में अपनी जमीन बचाने की बात करना गुनाह है? क्या अपनी संस्कृति, अपने मंदिरों और अपनी पहचान की रक्षा की आवाज उठाना गलत है? या फिर कुछ लोगों को दिक्कत सिर्फ इस बात से है कि अब हिंदू समाज खुलकर अपनी पहचान और अपने अधिकारों की बात करने लगा है?

## एसआईआर पर सुप्रीम निर्णय लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जीत: चौहान

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा वोटर लिस्ट की एसआईआर प्रक्रिया को सही ठहराने के फैसले का स्वागत करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जीत और विपक्ष के दुष्प्रचार पर चोट बताया है। पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए चौहान ने इसे चुनाव आयोग की स्वायत्तता, निष्पक्षता और स्वच्छ लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जीत बताया है। वहीं इस निर्णय को विपक्ष की हार बताते हुए आँख खोलने वाला बताते हुए कहा कि यह संवैधानिक संस्थाओं को लेकर झूठ, भ्रम और संशय की धारणा फैलाने की साजिश रचने वालों के लिए भी संदेश है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को भारतीय चुनाव आयोग की संवैधानिक मर्यादा और निष्पक्षता की बड़ी जीत बताया है।

# सीएम ने गजा क्षेत्र को दी विकास योजनाओं की बड़ी सौगात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई टिहरी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गजा घण्टाकर्ण महोत्सव-2026 के अवसर पर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने घंटाकर्ण महादेव मंदिर तक रोपवे निर्माण की घोषणा करते हुए कहा कि इससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। इसके साथ ही नगर पंचायत गजा क्षेत्र में विभिन्न आंतरिक मार्गों के निर्माण, गजा मैदान के विस्तारीकरण एवं मंच निर्माण की घोषणा भी की गई। मुख्यमंत्री ने शहीद श्री विक्रम सिंह नेगी राजकीय पॉलिटैक्निक गजा में फार्मेसी विषय की स्वीकृति प्रदान करने की घोषणा की।



■ धामी ने गजा घण्टाकर्ण महोत्सव-2026 का किया भव्य शुभारम्भ ■ लोक संस्कृति, धार्मिक विरासत एवं क्षेत्रीय विकास के संरक्षण-संवर्धन का दिया संदेश

मुख्यमंत्री ने पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोटेश्वर झील के विकास तथा डांडाचली में इको पार्क निर्माण की घोषणा की। साथ ही पावकी देवी एवं चमराड़ा देवी (भरपूर) मंदिरों के सौंदर्यीकरण कार्य कराए जाने की भी घोषणा की गई। उन्होंने दंद. ेली, अंदरफीगांव, फलसारी, बिमाण गाँव मोटर मार्ग तथा रणाकोट डांडा जमोला मोटर मार्ग की स्वीकृति देने की घोषणा भी की।

स्वास्थ्य एवं आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने चाका महिला अस्पताल को पीएचसी में परिवर्तित कर उसके उच्चीकरण तथा चाका में सामुदायिक भवन के सुदृढ़ीकरण की घोषणा की। शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिंगटाली एवं पजे गाँव को इंटर स्तर पर उच्चीकृत करने तथा नरेंद्रनगर महाविद्यालय को पीजी स्तर पर उच्चीकृत किए जाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री धामी ने गजा तहसील में लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, जल संस्थान एवं जल निगम के तहसील स्तरीय कार्यालयों/कार्यक्रमों की स्वीकृति देने की घोषणा भी की। इसके अतिरिक्त हेंवल नदी में झील निर्माण तथा गजा बगीद के 33 केवी सब स्टेशन की स्वीकृति प्रदान किए जाने की घोषणा करते हुए कहा कि इन योजनाओं से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज गजा, टिहरी गढ़वाल पहुंचकर "गजा घण्टाकर्ण महोत्सव-2026" (द्वितीय संस्करण) का दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गजा स्थित प्राचीन घंटाकर्ण मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही उन्होंने राज्य आंदोलनकारी शहीद बेलमती चौहान की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों ने अत्यंत शानदार एवं मनमोहक प्रस्तुतियां दी हैं। उन्होंने कहा कि गजा महोत्सव निरंतर विराट स्वरूप ग्रहण कर रहा है तथा इसका विस्तार तेजी से हो रहा है। इस वर्ष का आयोजन पहले की अपेक्षा अधिक भव्य एवं सुव्यवस्थित दिखाई दे रहा है।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत, ब्लॉक प्रमुख चंबा सुमन सजवाण, ब्लॉक प्रमुख नरेंद्रनगर दीक्षा राणा, नगर पालिका अध्यक्ष चंबा शोभना धनौला, नगर पंचायत अध्यक्ष मुनि की रेती विनीता बिष्ट, जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे, मीना खाती, हुकुम सिंह भंडारी, जसवंत सिंह, खेम सिंह चौहान, मंच संचालन राजेश रावत ने किया।

## ग्रामीण क्षेत्रों में सीएम के नेतृत्व में तेजी से हो रहे विकास कार्य: सुबोध

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने मुख्यमंत्री धामी का स्वागत करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने गजा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उच्चीकृत किए जाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य क्षेत्र में रोजगार के अवसरों को बढ़ाना तथा विकास कार्यों को जनसहभागिता के माध्यम से आगे बढ़ाना है।

# पीएम पोषण योजना में स्कूलों का सोशल ऑडिट कराएं : सीएस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण) के सम्बन्ध में राज्य स्तरीय क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य सचिव ने पीएम पोषण की विस्तार से जानकारी ली।

■ विद्यालयों में बच्चों का एक डिजिटल मैपिंग एवं ट्रैकिंग मैकेनिज्म तैयार किए जाने के निर्देश दिए ■ राज्य स्तरीय क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित

मुख्य सचिव ने पीएम पोषण योजना के तहत अधिक से अधिक स्कूलों का सोशल ऑडिट कराए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सोशल ऑडिट पायी गयी कमियों के विषय में सम्बन्धित जनपदों को सूचित करते हुए अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए। जाता है।

मुख्य सचिव ने विद्यालयों में बच्चों का एक डिजिटल मैपिंग एवं ट्रैकिंग मैकेनिज्म तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों का हेल्थ स्क्रीनिंग पर विशेष जोर देते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एनीमिया आदि से पीड़ित बच्चों का उपचार सहित लगातार फॉलोअप करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों का स्थान विशेष विश्लेषण भी किए जाने के निर्देश दिए ताकि यह भी ज्ञात हो सके कि किस जनपद या ब्लॉक के बच्चों में किस प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं हैं, ताकि उन क्षेत्रों में ऐसी समस्याओं के निराकरण के लिए विशेष प्रयास किए जा सकें।

सचिव रविनाथ रमन ने पीएम पोषण योजना की वित्तीय वर्ष 2026 27 के लिए भारत सरकार को प्रस्तावित की जाने वाली वार्षिक कार्य योजना एवं बजट को समिति के सम्मुख प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा नई पहल के रूप में बागेश्वर और हरिद्वार जनपदों में कुल 78 भोजन माताओं को मशरूम खेती का प्रशिक्षण भी दिया गया है। मध्याह्न भोजन में पोषक तत्वों को बढ़ाया जा सके। साथ ही, उत्तराखंड सहकारी डेयरी फेडरेशन लिमिटेड के सहयोग से बच्चों को सप्ताह में दो बार फोर्टिफाइड फ्लेवर्ड स्किम्ड दूध उपलब्ध कराया जा रहा है। कहा कि यह राज्य सरकार की एक पहल है, जिसका उद्देश्य बच्चों के पोषण स्तर में सुधार करना है।

इस अवसर पर सचिव रविनाथ रमन, चंद्रेश कुमार यादव, अपर सचिव नमामि बंसल, रोहित मीणा एवं निदेशक विद्यालयी शिक्षा मुकुल कुमार सती सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# द्वाराहाट में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना को मिली मंजूरी

**देहरादून।** जनपद अल्मोड़ा के द्वाराहाट में इस वर्ष से केंद्रीय विद्यालय की स्थापना हो जाएगी। इसके लिए केंद्रीय विद्यालय संगठन के अपर आयुक्त दीपेश गहलोत द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने जारी आदेश में स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार द्वारा केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए भूमि का हस्तांतरण केंद्रीय विद्यालय संगठन के पक्ष में किए जाने के साथ ही विद्यालय संचालन के लिए उपयुक्त अस्थाई भवन उपलब्ध होने के उपरांत इसकी स्वीकृति प्रदान की गई है। द्वाराहाट में केंद्रीय विद्यालय का संचालन शैक्षिक सत्र 2026-27 से किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने द्वाराहाट में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री के साथ ही केंद्रीय विद्यालय संगठन का भी आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि द्वाराहाट में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना से इस क्षेत्र में शिक्षा का अनुकूल वातावरण सृजित होगा तथा क्षेत्र के युवाओं को बेहतर शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी।




# यात्रा मार्गों पर अश्ववंशीय पशुओं के संचालन को नई एसओपी जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ केदारनाथ, यमुनोत्री, हेमकुंट साहिब व आदि कैलाश यात्रा मार्ग शामिल

**देहरादून।** राज्य सरकार ने श्रद्धालुओं की सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित करने तथा यात्रा मार्गों पर अश्ववंशीय पशुओं के कल्याण एवं संरक्षण के उद्देश्य से श्री केदारनाथ, श्री यमुनोत्री, श्री हेमकुण्ड साहिब एवं आदि कैलाश यात्रा मार्गों पर अश्ववंशीय पशुओं (घोड़ा-खच्चर आदि) के संचालन हेतु नवीन मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की गई है। यह नई व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू होगी। इस संबंध में अपर सचिव सन्तोष बडोनी ने निदेशक पशुपालन को संबोधित शासनादेश में स्पष्ट किया है कि नई एसओपी के अंतर्गत मा० उच्च न्यायालय नैनीताल एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देशों के अनुरूप यात्रा मार्गों की वहन क्षमता निर्धारित की गई है। केदारनाथ यात्रा मार्ग पर अधिकतम 5000 अश्ववंशीय पशुओं, हेमकुण्ड साहिब यात्रा मार्ग पर लगभग 1050 तथा यमुनोत्री यात्रा मार्ग पर लगभग 595 पशुओं के संचालन की अनुमति होगी। इसके तहत यात्रा मार्गों पर संचालित होने वाले सभी अश्ववंशीय पशुओं का पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। पंजीकरण से पूर्व स्वास्थ्य परीक्षण, ग्लैंडर्स जांच, इयर टैगिंग एवं माइक्रोचिपिंग अनिवार्य होगी। स्वास्थ्य प्रमाणपत्र की वैधता 45 दिन होगी, जिसके पश्चात पुनः परीक्षण आवश्यक होगा। अपंजीकृत पशुओं के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। पशुओं का वार्षिक पंजीकरण जिला पंचायत तथा जिला प्रशासन द्वारा किया जाएगा। पशु कल्याण को प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक एक किलोमीटर पर पशु स्वामी द्वारा स्वच्छ एवं गुनगुने पेयजल की व्यवस्था, चारा एवं इलेक्ट्रोलाइट उपलब्ध कराने, की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

# प्रदेश में सिल्क पार्क की स्थापना के लिए शीघ्र बजट स्वीकृत कराने का आग्रह

**नई दिल्ली।** कृषि मंत्री गणेश जोशी ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज से प्रदेश में सिल्क पार्क की स्थापना के लिए शीघ्र बजट स्वीकृत कराने का आग्रह किया। जिसपर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए मामले में शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया।



# मुख्यमंत्री धामी ने अल्मोड़ा को दी 138 करोड़ की सौगात

## 17 योजनाओं का लोकार्पण, 9 नई परियोजनाओं का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को अल्मोड़ा दौरे के दौरान जनपद को करीब 138 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की सौगात दी। सोबन सिंह जीना विवि परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 17 विकास योजनाओं का लोकार्पण और 9 योजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्वतीय क्षेत्रों के समग्र विकास और आम जनता तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई और नगर विकास से जुड़ी योजनाएं जनपद के विकास को नई दिशा देंगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य विकास का लाभ अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसके लिए प्रदेशभर में आधारभूत सुविधाओं को तेजी से मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने अल्मोड़ा को सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यहां की जरूरतों के अनुरूप निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं। इन योजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र की सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी तथा लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमा गैड़ा, रानीखेत विधायक डा. प्रमोद नैनवाल, एसएसजे विवि के कुल. पति सतपाल सिंह बिष्ट, डीएम अंशुल सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर घोड़के समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।



### इन प्रमुख योजनाओं का हुआ लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने करीब 112 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण किया। इनमें रानीखेत तहसील में क्षतिग्रस्त आवास एवं कान्फ्रेंस हाल निर्माण, अल्मोड़ा महिला पॉलीटेक्निक की बाउंड्रीवाल, भैरव मंदिर क्षेत्र में पार्किंग निर्माण, जीआईसी और केएमओयू बस स्टेशन में बहुस्तरीय पार्किंग, विभिन्न ग्रामीण पेयजल योजनाएं तथा कई मोटर मार्गों के सुधारीकरण कार्य शामिल हैं। इसके अलावा सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन एवं कुलपति आवास निर्माण से जुड़ी परियोजनाओं का भी लोकार्पण किया गया।

### नौ नई योजनाओं की रखी आधारशिला

मुख्यमंत्री ने करीब 26 करोड़ रुपये की 9 योजनाओं का शिलान्यास भी किया। इनमें दौलाघाट में बैराज निर्माण, दन्या स्थित सैम देवता मंदिर का सौंदर्यीकरण, विभिन्न मोटर मार्गों के डामरीकरण और मरम्मत कार्य, चौखुटिया में विद्यालय भवन निर्माण तथा ग्रामीण संपर्क मार्गों के वन टाइम मेंटेनेंस कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विकास योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है, ताकि आम जनता को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके।

### काले झंडे दिखाने जा रहे युकां कार्यकर्ता हिरासत में

सीएम पुष्कर सिंह धामी तय समय के मुताबिक बुधवार सुबह साढ़े दस बजे अल्मोड़ा स्थित एसएसजे कैंपस पहुंचे। यहां सीएम को नवनिर्मित प्रशासनिक भवन और कुलपति आवास का उद्घाटन करना था। लेकिन यूथ कांग्रेस



कार्यकर्ताओं ने सीएम के दौरे के विरोध का आह्वान किया था। इस पर सीएम के अल्मोड़ा पहुंचते ही यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता भी काले झंडे लेकर सड़क पर उतर आए। पहले से मुस्तैद पुलिस ने कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया।

## अल्मोड़ा में 32 संस्थाएं और व्यक्तित्व सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिला मुख्यालय स्थित उदय शंकर नृत्य एवं संगीत अकादमी में आयोजित राज्य स्तरीय एसडीजी एचीवर्स अवार्ड समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 32 संस्थानों, संगठनों और व्यक्तियों को सम्मानित किया। समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड ने एसडीजी इंडिया इंडेक्स में देशभर में पहला स्थान प्राप्त कर विकास और पर्यावरण के संतुलन का उदाहरण पेश किया है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार वर्ष 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य के सामने अनेक चुनौतियां हैं, लेकिन इकोलॉजी और इकोनॉमी के संतुलन के साथ राज्य तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि नीति आयोग की पूर्व रैंकिंग में उत्तराखंड 10वें स्थान पर था, जबकि अब राज्य देश में प्रथम स्थान पर पहुंच चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सुशासन, गरीब कल्याण, सीमांत क्षेत्रों के विकास, सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामूहिक प्रयासों का परिणाम है कि राज्य की जीडीपी में 7.23 प्रतिशत वृद्धि और प्रति व्यक्ति आय में 4.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। साथ ही बेरोजगारी दर में रिकॉर्ड गिरावट आई है, जो प्रदेश की प्रगति को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि उद्योग, स्टार्टअप,



ग्रीन एनर्जी, हेलीकॉप्टर सेवा और हाईवे निर्माण जैसे क्षेत्रों में हुए विकास कार्यों से राज्य में रिवर्स पलायन को भी बढ़ावा मिला है। केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि एसडीजी रैंकिंग में उत्तराखंड की उपलब्धि राज्य सरकार के संकल्प और कर्मयोगियों की मेहनत का परिणाम है। वहीं प्रमुख सचिव नियोजन एवं सीईओ सीपीपीजीजी डा. आर. मीनाक्षी सुंदरम ने एसडीजी की अवधारणा और राज्य की उपलब्धियों पर विस्तार से जानकारी दी। जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने कहा कि जनपद के समग्र विकास और जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। राज्य स्तरीय एसडीजी वार्षिक रैंकिंग में रुद्रप्रयाग जनपद को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जबकि उत्तरकाशी और नैनीताल संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे।

बागेश्वर, चमोली और टिहरी जनपदों ने तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष हेमा गैड़ा, विधायक रानीखेत डा. प्रमोद नैनवाल, राज्य मंत्री गोविंद सिंह पिलख्वाल, गंगा बिष्ट, सदस्य पलायन आयोग अनिल सिंह साही, मेयर अल्मोड़ा अजय वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, एसएसपी चंद्रशेखर आर घोड़के समेत अन्य मौजूद रहे।

**उत्तराखंड बना एसडीजी रैंकिंग में देश का नंबर वन**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि नीति आयोग की एसडीजी इंडिया इंडेक्स रैंकिंग में उत्तराखंड का प्रथम स्थान प्राप्त करना राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि सरकार सुशासन, पर्यावरण संरक्षण, सड़क, बिजली, पानी और रोजगार जैसे क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है, जिसका सकारात्मक परिणाम अब राष्ट्रीय स्तर पर दिखाई दे रहा है।

**32 संस्थाओं और व्यक्तित्वों को मिला एसडीजी एचीवर्स अवार्ड**

अल्मोड़ा के उदय शंकर नृत्य एवं संगीत अकादमी में आयोजित राज्य स्तरीय एसडीजी एचीवर्स अवार्ड समारोह में 32 संस्थाओं, संगठनों और व्यक्तियों को नवाचार एवं सतत विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों की वार्षिक एसडीजी रैंकिंग भी घोषित की गई, जिसमें रुद्रप्रयाग ने पहला स्थान हासिल किया।

## एक नजर

### उत्तराधिकारियों की समस्याओं पर चर्चा

**बागेश्वर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन की बैठक गरुड़ में अध्यक्ष कैप्टन धीरेन्द्र पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने और उत्तराधिकारियों की समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने गरुड़ विकासखंड परिसर में प्रस्तावित स्वतंत्रता सेनानी स्मारक के जीर्णोद्धार को लेकर ब्लॉक प्रमुख से सहयोग मांगा। वहीं बलवंत सिंह रावत को गरुड़ इकाई का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में स्वतंत्रता सेनानी परिवारों को मिलने वाली सुविधाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग उठाई गई। साथ ही संगठन की अगली बैठक 28 मई को कपकोट विकासखंड में आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

### खड़िया खनन से प्रभावित, डीएम से गुहार

**बागेश्वर।** खड़िया खनन से प्रभावित एक व्यक्ति ने जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। ग्राम बौडा मझेड़ा निवासी महेश चंद्र पंथ ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर आरोप लगाया कि खड़िया खनन कार्यों के चलते उनकी निजी भूमि और आजीविका को भारी नुकसान पहुंच रहा है। प्रार्थना पत्र में उन्होंने बताया कि गांव के पास संचालित खड़िया खनन कार्यों के दौरान भारी वाहनों और मशीनों के उपयोग से उनकी जमीन को क्षति पहुंची है। साथ ही खेतों और आसपास के क्षेत्र में दरारें आने तथा मलबा फैलने से खेती प्रभावित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिकायत करने पर उन्हें धमकियां भी दी जा रही हैं। पीड़ित ने कहा कि खनन गतिविधियों के कारण उनके परिवार की आजीविका संकट में पड़ गई है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा हुए नुकसान का उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा प्रदान करने की भी मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा नुकसान हो सकता है।

### ज्ञानार्थी कॉलेज में फैशन प्रदर्शनी का आयोजन

**काशीपुर।** ज्ञानार्थी कॉलेज में आज भव्य फैशन एक्सहिबिशन का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में फैशन और हस्तकला का अद्भुत संगम देखने को मिला। कॉलेज परिसर रंग-बिरंगी कलाकृतियों, आकर्षक डिजाइन और पारंपरिक कला के शानदार प्रदर्शन से पूरी तरह सजा नजर आया। इस फैशन प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं और स्थानीय कलाकारों द्वारा तैयार किए गए सुंदर-सुंदर फैशन आइटम लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। प्रदर्शनी में हाथों से बनाए गए आभूषण, डिजाइनर ज्वेलरी, पारंपरिक हस्तशिल्प और हैंड प्रिंटिंग से तैयार कपड़ों की विशेष झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कलाकारों की मेहनत और रचनात्मकता की जमकर सराहना की। खास बात यह रही कि प्रदर्शनी में आधुनिक फैशन के साथ-साथ भारतीय पारंपरिक कला और संस्कृति की भी खूबसूरत झलक दिखाई दी। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से युवाओं को आत्मनिर्भर बनने और स्वरोजगार की दिशा में प्रेरणा मिलती है। फिलहाल ज्ञानार्थी कॉलेज में आयोजित इस फैशन एक्सहिबिशन ने कला, फैशन और हस्तशिल्प को एक नई पहचान देने का काम किया है।

### उदयराज के टीचर्स ने राहगीरों को पिलाया शर्बत

**काशीपुर।** उदयराज हिंदू इंटर कालेज के शिक्षक शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों की ओर से प्रेक्षागृह गेट द्वार पर स्टाल लगाकर राहगीरों को छबील बांटकर राहगीरों को गर्मी से निजात दिलाई। शिविर का शुभारंभ अग्रवाल सभा अध्यक्ष एवं प्रबंध समिति सदस्य मनोज कुमार अग्रवाल तथा प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता ने राहगीरों को शरवत पिलाते हुए किया। पहली बार विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा आयोजित शरवत वितरण कार्यक्रम की प्रबंध समिति पदाधिकारियों ने सराहना की। इस अवसर पर संयोजक बलजीत सिंह सुमेरिया एमसी आर्या सुनील कुमार उपाध्याय रणधीर सिंह कौशलेश गुप्ता राजेन्द्र सिंह दिनेश चंद्र गोस्वामी चौ नवनीत कुमार मनोज कुमार विश्नोई खुशी वेल्फेयर फाउंडेशन अध्यक्षा शालिनी शर्मा नीलम सूंठा मनीषा चौहान कल्पना नौडियाल पूनम चंयाल समेत शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### मंदिर के दानपात्र से हजारों की नकदी व दुकान में भी हुई चोरी

**काशीपुर।** नगर में इन दिनों चोरों का आतंक गहराता जा रहा है। रामनगर रोड स्थित एक मंदिर व उसके निकट स्थित एक पान की दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। रामनगर रोड पर स्टेडियम के निकट स्थित नगिन शक्ति मंदिर में बीती रात चोरों ने धावा बोल दिया और मंदिर का दानपात्र तोड़कर उसमें रखी हजारों रूपये की नकदी चोरी कर ली। बताया जा रहा है कि छह-छह महीने में यह दान पात्र खोला जाता है और अब 1 जून को यह दानपात्र खोला जाना था। अनुमान लगाया जा रहा है कि दानपात्र में लगभग 50-60 हजार की नकदी होगी, क्यों छह महीने में लगभग इतनी ही धनराशि एकत्र हो जाती है। इसके अलावा चोरों ने मंदिर के निकट स्थित एक पान की दुकान में भी चोरी कर ली। दुकान स्वामी का कहना है कि उसकी दुकान से हजारों रूपये की सिगरेट व अन्य सामान चोरी हुआ और गल्ले में रखी लगभग पांच हजार की नकदी जिसमें सिक्के आदि थे, भी चोरी हो गये हैं। वहां के लोगों ने बताया कि पहले भी मंदिर व दुकान में चोरी हो चुकी है। एक बार एक चोर को भी पकड़कर पुलिस को सौंपा गया था। लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि यहां नियमित रूप से गश्त की जाये ताकि चोरों में पुलिस का भय बना रहे।

### पार्षद ने मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार

**अल्मोड़ा।** नगर निगम अल्मोड़ा के डुबकिया वार्ड में सार्वजनिक रास्ते, हिंदू मंदिर और क्रिया-कर्म स्थल पर कथित अवैध अतिक्रमण को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मामले को गंभीर बताते हुए वार्ड पार्षद अंजू बिष्ट ने क्षेत्रवासियों के साथ मुख्यमंत्री को शिकायत पत्र भेजकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पत्र में आरोप लगाया गया है कि क्षेत्र के एक व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक उपयोग की भूमि, मंदिर परिसर तथा क्रिया-कर्म स्थल पर अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिससे आम लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## पंडित नेहरू को अर्पित की श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रानीखेत।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर रानीखेत कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सीडब्ल्यूसी सदस्य करन माहरा ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे। उन्होंने देश को लोकतंत्र, वैज्ञानिक सोच और विकास की नई दिशा प्रदान की। उन्होंने युवाओं से नेहरू के विचारों को आत्मसात कर देशहित में कार्य करने का आह्वान किया। करन माहरा ने



कहा कि नेहरू जी का जीवन देश सेवा, त्याग और समर्पण का प्रतीक था तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उनके सिद्धांतों पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने का कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष उमेश भट्ट ने की। इस दौरान पीसीसी सदस्य कैलाश पांडेय, महिला जिलाध्यक्ष गीता पवार, महिला नगर अध्यक्ष नेहा माहरा, अगस्त लाल साह, योगेश साह, कॉर्डिनेटर कुलदीप कुमार, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल देव, कार्यालय प्रबंधक रमेश पंत, पूर्व जिला उपाध्यक्ष दीपक पंत, मीडिया प्रभारी सोनू सिद्दीकी, त्रिलोक आर्या, भूपेंद्र आर्या, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रमोद कुमार, हेमंत बिष्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय तिवारी, चंदन बिष्ट, विनीत चौरसिया, संदीप बंसल एवं सुरेंद्र पवार सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राहुल चार को अल्मोड़ा आएंगे

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** लोक सभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की प्रस्तावित जनसभा को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। बुधवार को विधायक मनोज तिवारी ने प्रेस वार्ता कर कार्यक्रम की तैयारियां को लेकर जानकारी दी। बताया कि आगामी चार जून को अल्मोड़ा में राहुल गांधी एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। जिला



कांग्रेस पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में विधायक तिवारी ने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की जनसभा को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए उत्तराखंड सरकार में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत समेत अन्य नेता गुरुवार यानी आज कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेगें। बैठक में कार्यक्रम को भव्य बनाने समेत आदि को लेकर चर्चा की जाएगी। यहां प्रेस वार्ता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, महिला जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट, महानगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष पीतांबर पांडे, परितोष जोशी, मयंक बिष्ट आदि मौजूद रहे।


### सूचना

सूचित किया जाता है कि संपत्ति जिसका क्षेत्रफल 130.11 वर्ग मीटर है, जो गौजाजाली उत्तर के खसरा/प्लॉट नंबर 89 क मिन (पूर्व खसरा 150 मि) में स्थित है। यह संपत्ति हमारे द्वारा मो0 सारिक पुत्र शकील अहमद से पंजीकृत बैनामा दिनांक 12 दिसंबर 2023 के माध्यम से क्रय की गई है, जिसका पंजीकरण उप-निबंधक कार्यालय में जिल्द नं. 3083, पृष्ठ सं. 111 से 128, क्रमांक सं. 9481 पर दर्ज है। जिसका रजिस्ट्री/बैनामा मेरे पास मौजूद है।

सूचित किया जाता है कि इस संपत्ति की पुरानी टाइटल चेन के निम्नलिखित तीन मूल रजिस्ट्री बैनामे हमसे वास्तव में गुम हो गए हैं:

1. बैनामा दिनांक 23 मई 2012: जगदीश चन्द्र व ललित मोहन द्वारा आसमा बेगम के पक्ष में (जिल्द नं. 1527, पृष्ठ: 37 से 52, क्रमांक सं. 3537)।
2. बैनामा दिनांक 16 अगस्त 2014: आसमा बेगम द्वारा राजदा खान के पक्ष में (जिल्द नं. 2032, पृष्ठ: 259 से 274, क्रमांक सं. 5306)1
3. बैनामा दिनांक 02 दिसंबर 2014: राजदा खान द्वारा नैय्यर हसीन के पक्ष में (जिल्द नं. 805, पृष्ठ: 379 से 392, क्रमांक सं. 5800)1

हमारे द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी इन मूल दस्तावेजों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। हमारे द्वारा उक्त रजिस्ट्री बैनामों को बंधक रखकर कोई भी ऋण नहीं लिया गया है तथा किसी प्रकार का कोई दुरुपयोग नहीं किया गया है।

दस्तावेज गुम होने की गुमशुदगी सूचना हमने थाना कोतवाली-बनभूलपूरा में दर्ज करा दी है। उक्त संपत्ति के सापेक्ष उत्तराखंड ग्रामीण बैंक सी पी सी हल्द्वानी से आवास ऋण लिया जाना प्रस्तावित है। अगर किसी को उक्त दस्तावेज मिलते हैं या कोई आपत्ति हो तो 15 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करें।

तबस्सुम खान पत्नी सुहैल अहमद खान एवं मो0 तालिब अंसारी पुत्र सईदुल्ला अंसारी पता: गौजाजाली उत्तर, हल्द्वानी, नैनीताल 263139


### टीचर्स एसोसिएशन ने बीईओ को सौंपा ज्ञापन

**अल्मोड़ा।** स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन लमगड़ा ने भाषा समर कैंप को ऐच्छिक किए जाने की मांग उठाई हैं। बुधवार को मामले को लेकर बीईओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि संगठन शिक्षा विभाग के नवाचारों, छात्र हित गतिविधियों व भाषा विकास का समर्थन करता है, लेकिन बिना तैयारी के इसे व्यवहारिक नहीं माना जा सकता है। कहा कि वर्तमान में समर कैंप संचालन से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रश्न अनुत्तरित हैं। विद्यालयों को पूर्व तैयारी के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध नहीं कराया गया है और अधिकांश विद्यालयों में कैंप संचालन को आवश्यक संसाधन एवं आधारभूत व्यवस्थाएं उपलब्ध नहीं हैं। मांग उठाई की भारतीय भाषा समर कैंप को ऐच्छिक घोषित किया जाए। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यक्ष गणेश सिंह भण्डारी, महामंत्री मनोज शर्मा आदि रहे।

## बालिका इंटर कालेज चोरगलिया में भारतीय भाषा समर कैंप



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआं।** राजकीय बालिका इंटर कालेज चोरगलिया में ग्रीष्मावकाश के प्रथम दिन भारतीय भाषा समर कैंप का शुभारम्भ प्रधानाचार्या तनुजा जोशी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कैंप में छात्राओं को इंडियन साइन लैंग्वेज के माध्यम से ए से ज़ेड तक के अल्फाबेट, संख्याएं तथा सामान्य अभिवादन शब्द सिखाए गए। काव्या सिंगवाल और इशिका ने छात्राओं के साथ सीखी गई जानकारियां साझा कीं।

इसके अलावा छात्राओं को तमिल भाषा के सामान्य शब्दों की जानकारी दी गई तथा संगीता सम्मभल ने लोकगीत प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। इस दौरान विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## जल संकट से जल्द मिलेगी निजात: बाली

### महापौर दीपक बाली ने किया 63 लाख की दो परियोजनाओं का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** नगर के सम्पूर्ण विकास के लिए प्रतिवद्ध महापौर दीपक बाली ने आज वर्षा जल संचयन से जुड़ी दो परियोजनाओं का शिलान्यास किया। कार्यक्रम स्थलों पर पहुंचने पर महापौर का शानदार स्वागत किया गया।



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेरा उद्देश्य है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में काशीपुर को विकास के साथ-साथ समावेशी शहर बनाया जाए जिसमें जनता को किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े और लोग बदलते काशीपुर में अपने सपनों को साकार होता देखें। महापौर ने वार्ड संख्या 27 सिंधान में जीजीआईसी परिसर में 31 लाख 66 हजार की लागत से बनने वाली वर्षा जल संचयन परियोजना का शिलान्यास किया। इसके ठीक बाद वार्ड संख्या 12 लक्ष्मीपुर पट्टी में पार्षद अब्दुल कादिर की मौजूदगी में लोक निर्माण विभाग के परिसर में 31 लाख 66 हजार की दूसरी वर्षा जल संचयन परियोजना का शिलान्यास किया। महापौर दीपक बाली ने कहा कि शहर में क्रियान्वित की जा रही इन परियोजनाओं से भूजल स्तर सुधारने और जल संकट से निपटने में मदद मिलेगी और शहर की जनता को जल संकट से निजात मिलेगी। इसके बाद महापौर ने बीआरसी कार्यालय में दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित उपकरण वितरण कार्यक्रम में प्रतिभाग कर उन्हें संबल प्रदान किए। इन कार्यक्रमों में ईश्वर चंद्र गुप्ता पार्षद रवि प्रजापति पार्षद पति हनीफ गुड्डू राजकुमार यादव कैलाश प्रजापति एडवोकेट प्रकाश नेगी मुकेश पाहवा नितिन गोले राजीव परनामी राजीव सेतिया राकेश नरूला खंड शिक्षा अधिकारी धीरेंद्र साहू प्रधानाचार्य गीता जायसवाल वीआरसी कोऑर्डिनेटर अनिल चौहान जिला कोऑर्डिनेटर इंदिरा आर्य डॉ विपिन कुमार पांडे लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता विवेक सक्सेना ए ई बलवंत सिंह भंडारी चौधरी समरपाल सिंह मंडल महामंत्री मोहित भारद्वाज अनिल शर्मा सतीश कुमार शिक्षक शिक्षिकाएं छात्राएं एवं अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## यूकेडी के कार्यालय का श्रीगणेश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) ने बुधवार को जिले के दुगनाकुरी मंडल एवं जिला मुख्यालय में भागीरथी रोड़ में पार्टी कार्यालय का शुभारंभ किया। कार्यालय का उद्घाटन यूकेडी के केंद्रीय अध्यक्ष आशीष नेगी सहित अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष आशीष नेगी ने कहा कि पार्टी में लगातार कार्यकर्ता जुड़ रहे हैं और सीमित संसाधनों के बावजूद यूकेडी जनता के बीच मजबूती से अपनी बात रख रही है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड के कुल 11,524 बूथों में से लगभग साढ़े चार हजार बूथों पर पार्टी सदस्यता अभियान चलाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि यूकेडी जल, जंगल, जमीन और गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाने के मुद्दे को लेकर जनता के बीच पहुंच रही है। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, पहाड़ों के आर्थिक विकास और उत्तराखंड के भविष्य को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने एग्रो फॉरेस्ट्री को बढ़ावा देने और पलायन रोकने पर विशेष जोर दिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए आशीष नेगी ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में एग्रो फॉरेस्ट्री के माध्यम से रोजगार और स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं। गांवों में मजबूत मंडी व्यवस्था विकसित कर स्थानीय उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराया जा सकता है। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष वरुण चंदोला ने कहा कि यूकेडी जिले की दोनों विधानसभाओं में लगातार सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मनोज जोशी, केंद्रीय सलाहकार समिति सदस्य भुवन कंडपाल, संरक्षक दिनेश बिष्ट, संजय कुमार, पूरन सिंह, आनंद सिंह, मीना जोशी, अंजू थापा, संगठन मंत्री ललित थापा, मंगल सिंह, दीपक सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन जिला महामंत्री मनोज ने किया।

## केबिल चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** पुलिस ने 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए निर्माणाधीन पेयजल ट्यूबवेल से तांबे की केबिल चोरी करने वाले चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई पूरी 60 मीटर केबिल भी बरामद कर ली है, जिसकी अनुमानित कीमत 30 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक बागेश्वर जितेन्द्र मेहरा ने बुधवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 26 मई 2026 को उत्तराखण्ड जल संस्थान गरुड़ के कनिष्ठ अभियंता नीरज बिष्ट ने कोतवाली बैजनाथ में तहरीर देकर बताया कि तैलीहाट पेयजल ट्यूबवेल निर्माण कार्य स्थल से करीब 60 मीटर तांबे की केबिल 24 मई की रात



चोरी हो गई थी। मामले में कोतवाली बैजनाथ में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक उमेश रजवार को सौंपी गई। पुलिस टीम ने पतारसी-सुरागरसी करते हुए 27 मई को घटना में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में धारा 317(2)/3(5) बीएनएस की बढ़ोतरी भी की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में कुबेर परिहार निवासी टीटबाजार, सूरज थापा निवासी नईबस्ती बिमौला, अभिषेक खड़का निवासी थान डंगोली तथा नन्हे शाह निवासी भोजीपुरा बरेली (हाल निवासी टीटबाजार) शामिल हैं। नन्हे शाह कबाड़ी का कार्य करता है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक उमेश रजवार, अपर उपनिरीक्षक किशन सिंह, कांस्टेबल नरेंद्र कुमार और कांस्टेबल अरुण राठौर शामिल रहे। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है तथा उनके आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।

## राजकीय इंटर कालेज में भारतीय भाषा समर कैंप

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** पीएम श्री विक्रम मोहन जोशी स्मारक राजकीय इंटर कालेज बागेश्वर में बुधवार को भारतीय भाषा समर कैंप के प्रथम दिवस का आयोजन उत्साह एवं उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य दीप चंद्र जोशी ने किया। इस अवसर पर समर कैंप के जिला समन्वयक डा. केएस रावत, डा. हरीश चंद्र जोशी, कार्यक्रम प्रभारी संजय कुमार टम्टा, भाषा शिक्षक सुरेश राम, गिरीश रावत एवं ममता नेगी मौजूद रहे। समर कैंप के पहले दिन छात्र-छात्राओं को विभिन्न भारतीय भाषाओं में बेसिक अभिवादन एवं सामान्य बोलचाल की भाषा का अभ्यास कराया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न भाषाओं में संवाद एवं रोल प्ले प्रस्तुत कर अपनी भाषाई दक्षता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रा नेहा पांडे ने विद्यालय के कक्षा 10 के टॉपर छात्र प्रियांशु आर्य का हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में साक्षात्कार लिया, जिसकी उपस्थित शिक्षकों एवं अतिथियों ने सराहना की। जिला समन्वयक डा. केएस रावत ने विद्यार्थियों को भारतीय भाषा समर कैंप के उद्देश्य एवं महत्व की जानकारी देते हुए कुमाऊँनी, हिंदी एवं अंग्रेजी भाषाओं के सामान्य वाक्यों का अभ्यास भी कराया। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12 तक के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक एवं आनंददायक बताते हुए अपने अनुभव साझा किए।

# बकरीद पर हाई अलर्ट, ड्रोन की नज़र

## संवेदनशील जगहों पर तीन एसपी समेत 357 पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिले में बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने कैंप कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की और सख्त दिशा-निर्देश जारी किए। एसएसपी ने स्पष्ट कहा कि पर्व के दौरान कानून व्यवस्था से खिलवाड़, अफवाह फैलाने या सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की किसी भी को. शिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी के लिए चार ड्रोन कैमरे लगातार आसमान से नजर रखेंगे, जबकि सड़कों पर तीन एसपी समेत 357 पुलिस जवान और एसडीआरएफ की टीमें मुस्तैद रहेंगी। बैठक में भीड़ नियंत्रण, यातायात संचालन, पार्किंग व्यवस्था और संवेदनशील इलाकों



में गश्त बढ़ाने को लेकर रणनीति तय की गई। पुलिस बल को बाजारों, पर्यटन स्थलों, झील क्षेत्रों, बैराज, पार्क, मॉल और अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष रूप से तैनात किया जाएगा। बनभूलपुरा समेत संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी अत्याधुनिक ड्रोन कैमरों से की जाएगी। इसके साथ ही सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम को 24 घंटे सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं। फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप समेत अन्य प्लेटफॉर्म पर भ्रामक पोस्ट, अफवाह या सां. प्रदायिक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, एसपी नैनीताल डा. जगदीश चंद्र, सीओ हल्द्वानी अमित कुमार, सीओ भवाली रविकांत सेमवाल, सीओ नैनीताल अंजना, सीओ विमल प्रसाद, सीएफओ गौरव किरार समेत जिले के सभी थाना प्रभारी और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

### बकरीद ड्यूटी में रहेगा इतना पुलिस बल

- 3 पुलिस अधीक्षक
- 4 क्षेत्राधिकारी
- 14 थाना प्रभारी/एसओ
- 75 उपनिरीक्षक/ सहायक उपनिरीक्षक
- 254 हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल
- 2 कंपनी पीएसी
- 5 फायर टीम
- 4 ड्रोन टीम
- 2 एसडीआरएफ टीम

### एरिया डोमिनेशन और सघन चेकिंग के निर्देश

एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने सभी थाना प्रभारियों को पीएसी और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के साथ एरिया डोमिनेशन बढ़ाने और लगातार गश्त करने के निर्देश दिए हैं। होटल, ढाबों, धर्मशालाओं और सार्वजनिक स्थलों पर सत्यापन अभियान भी चलाया जाएगा। रात के समय सीओ, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी स्वयं क्षेत्र में मौजूद रहकर चेकिंग करेंगे।

### धार्मिक स्थलों पर विशेष निगरानी

मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च समेत सभी धार्मिक स्थलों पर विशेष चेकिंग और क्लीन स्वीप अभियान चलाया जाएगा। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरे जिले की पुलिस और राहत टीमें हाई अलर्ट पर रहेंगी।



## कुर्बानी के वीडियो पोस्ट किए तो होगी कार्रवाई: एसएसपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ईद-उल-अजहा को लेकर पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए साफ कर दिया है कि इस बार किसी भी सार्वजनिक स्थान पर नमाज अता नहीं की जाएगी। एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि ईद की नमाज केवल मस्जिदों, ईदगाहों और निजी परिसरों में ही अदा की जाए। एसएसपी ने कहा कि सड़क, गली, मैदान, नगर निगम अथवा नगर पालिका की किसी भी सार्वजनिक संपत्ति पर नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पीस कमेटी की बैठक में सभी पक्षों को पहले ही अवगत करा दिया गया है। गौरतलब है कि हल्द्वानी के कई क्षेत्रों में पूर्व में सड़कों पर ईद की नमाज अता की जाती रही है। इनमें प्रमुख बाजार क्षेत्र, रेलवे स्टेशन के पास गफूर बस्ती से गुजरने वाली सड़क तथा बनभूलपुरा के कई इलाके शामिल हैं। हालांकि इस बार प्रशासन ने सार्वजनिक स्थानों के इस्तेमाल पर रोक लगाने का निर्णय लिया है। एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के उस बयान का भी हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि सड़कों पर नमाज की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा पुलिस ने कुर्बानी को लेकर भी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। एसएसपी ने लोगों से अपील की है कि कुर्बानी पर्दे में करें और इस दौरान वीडियो बनाने या सेल्फी लेने से बचें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कुर्बानी से जुड़े वीडियो या फोटो सोशल मीडिया पर साझा किए गए तो संबंधित लोगों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी।

## मंगलपड़ाव चौकी के पीछे दबोचा शराब तस्कर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुलिस ने अभियान चलाकर एक युवक को अवैध देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 56 टेट्रा पैक देसी शराब बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधि. नियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते मंगलवार की रात एएसआई मान सिंह कुंवर और कांस्टेबल रणवीर सिंह क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मंगलपड़ाव पुलिस चौकी के पीछे गेट के पास एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास से 56 टेट्रा पैक देसी शराब बरामद हुई। पूछताछ में युवक ने अपना नाम रॉकी सोलंकी निवासी जवाहर नगर, बनभूलपुरा बताया। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# होमगार्ड समेत 11 लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा

## शादी समारोह में पानी पीने को लेकर हुई थी मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गौलापार क्षेत्र में करीब 15 दिन पहले एक शादी समारोह के दौरान पानी पीने को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। मामले में पुलिस ने एक होमगार्ड कर्मी समेत 11 नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार देवला मल्ला निवासी बीडीसी सदस्य प्रतिनिधि और डीजे कारोबारी उमेश चन्द्र ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा, बीती 11 मई को स्थानीय निवासी हरीश जोशी के आवास पर शादी समारोह चल रहा था। शादी में उमेश के भाई शुभम टम्टा डीजे चला रहे थे। इस दौरान शुभम का कुछ लोगों से पानी पीने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए शुभम पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर जब उमेश चन्द्र मौके पर पहुंचे तो आरो. पियों ने उन पर भी धारदार हथियारों से हमला किया। इस दौरान जातिसू. चक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की गई। पीड़ित का आरोप है कि अफरा-तफरी और बीच-बचाव के दौरान उनकी दो तोले की सोने की चेन और करीब 50 हजार रुपये नकद भी लूट लिए गए। मामले में राहुल जोशी, विक्की जोशी, गौरव जोशी, पवन जोशी, रोहित जोशी होमगार्ड कर्मी, मुकुल सम्मल, पुष्पा जोशी, बबलू, गुलिया, राहुल देव और कमल दुम्का समेत अन्य अज्ञात लोगों को नामजद किया गया है। कोतवाल जसवीर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

# प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस में लाखों की चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र के लामाचौड़ में अज्ञात चोरों ने एक प्रॉपर्टी डीलर के निजी कार्यालय को निशाना बनाते हुए लाखों की नकदी चोरी कर ली। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जानकारी के अनुसार बच्चीनगर निवासी कन्नू कनवाल का लामाचौड़ में निजी कार्यालय है, जहां वह प्रॉपर्टी का कारोबार करते हैं। बताया जा रहा है कि बीते मंगलवार रात वह रोजाना की तरह कार्यालय बंद कर अपने घर चले गए थे। देर रात अज्ञात चोरों ने कार्यालय के ताले तोड़ दिए और शटर को क्षतिग्रस्त कर अंदर घुस गए। चोरों ने कार्यालय में रखे गल्ले से करीब पांच लाख रुपये की नकदी चोरी कर ली। बुधवार सुबह आसपास के लोगों ने कार्यालय के ताले टूटे देख कन्नू कनवाल को सूचना दी। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## युवक ने फंदे से लटककर दी जान, पुलिस को बिना सूचना दिए परिजनों ने कर दिया अंतिम संस्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थाना क्षेत्र के गौलापार में एक युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। हैरानी की बात यह रही कि परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दिए बिना ही तड़के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस जब तक मौके पर पहुंची, तब तक युवक का दाह संस्कार हो चुका था। जानकारी के अनुसार गौलापार निवासी युवक ने बीते मंगलवार रात परिवार के साथ भोजन किया और इसके बाद अपने कमरे में सोने चला गया। बुधवार तड़के जब परिजन उसके कमरे में पहुंचे तो युवक का शव फंदे से लटका मिला। यह देख परिवार में कोहराम मच गया। आनन-फानन में परिजनों ने युवक को नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि घटना के बाद परिवार ने पुलिस को सूचना नहीं दी और सुबह करीब छह बजे शव को श्मशान घाट ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया। इधर, घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम युवक के घर पहुंची, लेकिन तब तक अंतिम संस्कार हो चुका था। काठगोदाम कोतवाल जसवीर सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस को मौके पर भेजा गया था। यदि किसी पक्ष की ओर से शिकायत मिलती है तो मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

## पंपिंग योजना में आई खराबी हुई दूर

**नैनीताल।** देवीधूरा कूण पेयजल पंपिंग योजना में आई खराबी को विभाग ने ठीक कर लिया है। बीते दो दिनों से ठप पड़ी योजना के चलते 100 से अधिक परिवारों को पानी नहीं मिल पा रहा था। ग्रामीणों का आरोप था कि बिजली लाइन, कम वोल्टेज और पंप खराब होने जैसी समस्याओं के कारण हर सप्ताह जल संकट खड़ा हो जाता है। इस बार पंप हाउस में लगे दोनों पंप एक साथ खराब हो गए थे, जिससे जलापूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई थी।

# पद्मभूषण सम्मान के साथ लौटे भगत दा का भव्य स्वागत

## पीएम मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड तेजी से बन रहा आत्मनिर्भर: कोश्यारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड तेजी से आत्मनिर्भर और सर्वश्रेष्ठ राज्य बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह बात पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कही। बुधवार को उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को पद्मभूषण सम्मान मिलने के बाद पहली बार हल्द्वानी पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों, फूल मालाओं और जयघोष के साथ समर्थकों ने उनका अभिनंदन किया। इस दौरान पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि पूरे उत्तराखंड की जनता का सम्मान है। उन्होंने कहा कि उनका पूरा जीवन



देश सेवा और समाज सेवा के लिए समर्पित रहा है और आगे भी वह जनता की सेवा करते रहेंगे। इस दौरान श्री कोश्यारी ने अपने आवास में पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि राज्य की जनता भाजपा विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साथ दे रही है और प्रधानमंत्री भी गुजरात की तर्ज पर उत्तराखंड को विकसित राज्य बनाने में मदद कर रहे है और उन्होंने अपने विजन को साकार करने के लिए मुझे माध्यम बनाकर इतना बड़ा स मान दिया है। उन्होंने इसके लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु व प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। भगतदा ने कहा कि उन्होंने कभी भी पद्मभूषण की अपेक्षा नहीं की थी। यह सम्मान मेरी समाज सेवा को मिला है। पद्मभूषण स मान मिलने से उन्हें और अधिक जि मेदारी और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा मिली है। उन्होंने कहा कि राज्य निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। इन 26 सालों में राज्य ने विकास की नई ऊचाइयों को छुआ है। इस दौरान मेयर गजराज बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, दर्जा मंत्री सुरेश भट्ट, ध्रुव रौतेला, रेनू अधिक. ारी, महेश शर्मा, मोहन पाठक सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चलते-चलते डस्टर बनी आग का गोला

## एक ही परिवार के चार लोग समय रहते सुरक्षित निकले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कालाढूंगी।** नैनीताल रोड में सड़क पर चल रही डस्टर कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई। कार में सवार एक ही परिवार के चार लोग मय सामान के सुरक्षित बाहर निकल गए। कार सवार परिवार कैंची धाम दर्शन के लिए जा रहा था। कालाढूंगी पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया। घटना के बाद मार्ग में दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। आग पर काबू पाने के बाद पुलिस ने जाम खुलवाया। राजपुर रोड, किशनपुर (देहरादून) निवासी विनय थापा पुत्र स्व. फतेह सिंह अपनी पत्नी और दो छोटे बच्चों के साथ कैंची धाम मंदिर दर्शन के लिए



जा रहे थे। तभी रास्ते में उनकी डस्टर कार संख्या यूके 07डीई 3095 में अचानक वायर जलने की बदबू आई। इस पर विनय ने कार खड़ी कर देखा तो कार में आगे से काला धुआं आ रहा था। उन्होंने तुरंत पत्नी और बच्चों का कार से बाहर निकाला और कार में रखा सामान भी बाहर निकाला। देखते ही देखते कार में आग तेज हो गई। कार पूरी तरह से खाक हो गई। एसआई बलबीर कंबोज ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब डेढ़ बजे पुलिस को सूचना मिली कि नैनीताल रोड में प्रिया बैंड से पास एक कार में आग धधक रही है। इस पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर गई। आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया लेकिन आग नहीं बुझ पाई। रामनगर से फायर ब्रिगेड घटना स्थल तक पहुंचने तक कार पूरी तरह से जल चुकी थी। आग पर काबू पाने के बाद पुलिस ने मार्ग से जाम खुलवाया। टीम में कांस्टेबल वीरेंद्र मेहता, विनोद कुटियाल शामिल रहे।

# भगतदा को बधाई देने घर पहुंचे मेयर गजराज बिष्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम के महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को देश के प्रतिष्ठित पद्म भूषण सम्मान से अलंकृत किए जाने पर उनके हल्द्वानी स्थित आवास पहुंचकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने कहा कि यह सम्मान भगत सिंह कोश्यारी के लंबे सार्वजनिक जीवन, राष्ट्रसेवा, सरल व्यक्तित्व और जनहित के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कोश्यारी का मार्गदर्शन, स्नेह और सान्निध्य सदैव समाज तथा जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरणास्रोत रहा है। महापौर ने स्नेहपूर्वक उन्हें भगतदा कहकर संबोधित करते हुए कहा, मुझे भगतदा के साथ कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ, यह मेरे लिए गर्व और सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि भगतदा पहाड़ के लाल हैं। उन्होंने अपने संघर्ष, मेहनत, सरलता और जनसेवा के बल पर उत्तराखंड का नाम देशभर में गौरवान्वित किया है। पहाड़ की संस्कृति, मूल्यों और जनभावनाओं से उनका गहरा जुड़ाव उन्हें जनता के बीच अत्यंत सम्मानित और लोकप्रिय बनाता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि देशभर में लोगों का उनके प्रति स्नेह, सम्मान और विश्वास उनकी जनप्रियता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि भगत सिंह कोश्यारी का जीवन संघर्ष, सेवा और सादगी का प्रेरणादायी उदाहरण है।

## झील से सिल्ट निकालने का कार्य शुरू

**नैनीताल।** गर्मियों में नैनीझील का जलस्तर घटने के साथ ही सिंचाई विभाग ने झील से सिल्ट और गाद निकालने का अभियान शुरू कर दिया है। विभाग ने इस बार करीब 1200 क्यूबिक मीटर सिल्ट निक. ालने का लक्ष्य तय किया है। सिंचाई विभाग के जेई नीरज तिवारी ने बताया कि झील में मैनुअली सिल्ट निकालने का कार्य शुरू कर दिया गया है। वर्तमान में नाला संख्या तीन से लेकर 23 तक झील के किनारों से गाद निकाली जा रही है। श्रमिकों की मदद से नालों और झील किनारे जमी सिल्ट को बाहर निकाला जा रहा है ताकि बरसात के दौरान अतिरिक्त गाद जमा न हो। बताया कि झील की जलधारण क्षमता बनाए रखने और पारिस्थितिकी तंत्र को सुरक्षित रखने के लिए यह अभियान हर वर्ष चलाया जाता है।

# मिली बड़ी जिम्मेदारी: जहीर अंसारी बने प्रदेश सह-संयोजक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता पार्टी, अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तराखंड द्वारा मोदी सरकार के 12 वर्षों के सफल कार्यकाल और जन-कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु गठित प्रदेश स्तरीय समिति में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष जहीर अंसारी को प्रदेश सह-संयोजक का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। यह जिम्मेदारी मिलने पर जहीर अंसारी ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड़ और संगठन का धन्यवाद करते हुए कहा पार्टी ने मुझ पर जो विश्वास जताया है मैं उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगा। हमारा मुख्य उद्देश्य केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किए गए अभूतपूर्व विकास



कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रदेश के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुँचाना है। प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड़ द्वारा गठित इस समिति में गुरप्रीत छावड़ा (प्रदेश संयोजक) के साथ जहीर अंसारी सह-संयोजक के रूप में टीम का नेतृत्व करेंगे। साथ ही शमीना सिद्दीकी, सलमान अंसारी, दिलशाद देहान और आरिफ हुसैन को समिति में सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

# भगवती मंदिर में गूंजा गीता संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ग्राम मज्यूली कल्याणपुर पहाड़पानी स्थित मां कल्याणपुर भगवती मंदिर के 14वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, क्षेत्रीय लोगों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने सहभागिता की। समारोह को संबोधित करते हुए ज्ञानानंद ने कहा कि मां कल्याणपुर भगवती सभी देवी-देवताओं की शक्तियों का पुंज हैं। जो भी श्रद्धा, भक्ति और विश्वास के साथ उनकी पूजा-अर्चना करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद् गीता जीवन जीने का आधार है और इसके सिद्धांतों को अपनाकर व्यक्ति अपने लोक और परलोक दोनों को श्रेष्ठ बना सकता है। इस अवसर पर ज्ञानानंद महाराज द्वारा हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले स्थानीय छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही स्वामी विवेकानंद योग ध्यान केंद्र का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम में महिला डिग्री कॉलेज हल्द्वानी की



छात्राओं द्वारा योगासन की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख धारी भावना, ग्राम प्रधान मज्यूली नवीन कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी विश्वनाथ गौतम, खंड विकास अधिकारी महेश चंद्र गंगवार, सहायक खंड विकास अधिकारी रमेश बिष्ट, खंड शिक्षा अधिकारी शुभम वर्मा, डा. हिमांशु कांडपाल, सहायक समाज कल्याण अधिकारी अंजू बिष्ट सहित समारोह में डा. मथुरा दत्त जोशी, योगाचार्य डा. बिपिन जोशी, रमेश जोशी, कमल जोशी, संजय जोशी सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विद्यार्थी कार्य विभाग द्वारा बुधवार को संघ कार्यालय मधुकर कुंज में जिले के हाईस्कूल के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. जय श्री तिवारी, मुख्य वक्ता पंतनगर विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रो. शिवेंद्र कश्यप व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक बहादुर सिंह बिष्ट ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिवेंद्र कश्यप ने विद्यार्थियों को संबो. धित करते हुए कहा कि जीवन में समय का नियोजन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, मित्रों के साथ



सकारात्मक समय बिताने तथा माता-पिता एवं दादा-दादी के साथ आत्मीय संबंध बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जय श्री तिवारी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के मेधावी विद्यार्थी भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में देश और समाज का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक बहादुर सिंह बिष्ट ने कहा कि उज्ज्वल भविष्य की नींव विद्यार्थी जीवन में ही रखी जाती है। उन्होंने अनुशासन, परिश्रम और निरंतर प्रयास को सफलता का मूल मंत्र बताते हुए विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। इस मौके पर विभाग प्रचार प्रमुख उमेश साह, जिला कार्यवाह राहुल जोशी, जिला प्रचारक जितेंद्र, सह जिला बौद्धिक प्रमुख कमलेश त्रिपाठी, जिला विद्यार्थी प्रमुख नितिन बोरा, डा. तरुण सक्सेना, नगर प्रचार प्रमुख डा. नवीन शर्मा, लता पंत, मीरा श्रोत्रिय, तनुजा टकवाल, प्रदीप जनौटी, मधुकर श्रोत्रिय, नीरज पांडे, यश गुप्ता, पारस, पंकज मेहता सहित जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावक, शिक्षक एव गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पानी के लिए जलसंस्थान में हंगामा

## पार्षद सीमा अंजुम के नेतृत्व में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा क्षेत्र के वार्ड 25 और वार्ड 17 से वार्ड 20 में एक सप्ताह से लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। इन वार्डों में पिछले एक हफ्ते से पानी नहीं आया है जिस कारण से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल किल्लत से जूझ रहे वार्डवासियों का गुस्सा फूट पड़ा।

बुधवार को गुस्साए लोग वार्ड 25 की पार्षद सीमा अंजुम के नेतृत्व में जल संस्थान कार्यालय जा धमके और जमकर हंगामा काटा। लोगों का कहना है कि गुरूवार को ईद उल अजहा का त्यौहार है, ऐसे में कई क्षेत्रों में पानी नहीं आने की वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। पेयजल किल्लत की वजह से लोगों की दिनचर्या पूरी तरह से



गड़बड़ा गई है। लोगों ने चेतावनी दी कि अगर क्षेत्र में पेयजल सुचारू नहीं हुई तो वह उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन भी सौंपा गया। ज्ञापन देने वालों में इकराम अहमद, सैय्यद इशरत अली, शब्बन वारसी, शाहिद खान, इकबाल सिद्दीकी, रईस अहमद, कल्लू कुरैशी, इम्तियाज अंसारी, कमर अली, इकराम अली, गौहर अली, मेहबूब गफ्फारी, आसमा, गुलशन, फिरदौस, नसरीन, नाजमीन, फूलबानो, नगमा, आशा, नगमा, शहाना, अजगरी बेगम आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला से दुष्कर्म

- आरोपी ने की मारपीट
- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर/जसपुर।** एसएसपी अजय गणपति के निर्देशन में महिला संबंधी अपराधों पर कार्यवाही लगातार जारी। 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला से दुष्कर्म व मारपीट के आरोपी को जसपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार बीती 24 मई 2026 को वादी मुकदमा द्वारा कोतवाली जसपुर में प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि 23 मई 2026 की सायं उनकी भाभी रोज की तरह जानवर चराने के लिए गयी थी, जहां एक सफेद दाढ़ी वाले व्यक्ति द्वारा उनके साथ मारपीट कर गलत काम करने की कोशिश की गयी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना का संज्ञान लेते हुए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जसपुर को तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर घटना के अनावरण के आदेश /निर्देश दिए गए। वादी की तहरीर के आधार पर कोतवाली जसपुर में मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक काशीपुर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी काशीपुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जसपुर के नेतृत्व में अपराध के अनावरण हेतु सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन व सुरागरसी पतारसी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया, तथा अभियोग की विवेचना महिला उप निरीक्षक रूचिका चौहान के सुपुर्द की गयी।

महिला उप निरीक्षक द्वारा पीड़िता से घटना के संबन्ध में विस्तृत पूछताछ की गयी तो पीड़िता द्वारा स्वयं के साथ दुष्कर्म होने की बात बतायी गई जिसके आधार पर अभियोग में दुष्कर्म की धाराओं की बड़ोतरी की गई।

विवेचना के दौरान पीड़िता ने पूछताछ करने पर बताया कि उसके साथ कक्का सिंह उर्फ भजन सिंह पुत्र कपूर सिंह निवासी गोरा फॉर्म हल्दुवाशाहू द्वारा मारपीट कर जबरदस्ती बलात्कार किया है। विवेचना के दौरान प्रकाश में आए साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त कक्का सिंह उर्फ भजन सिंह पुत्र कपूर सिंह निवासी गोरा फॉर्म हल्दुवाशाहू थाना कुण्डा को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में हल्द्वानी उपकारागार भेजा गया।

पुलिस टीम में निरीक्षक राजेश पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक जसपुर, व. उ. नि. भूपाल राम पौरी, उप नि राजेंद्र प्रसाद चौकी प्रभारी सूतमिल जसपुर,, उ. नि. संतोष देवरानी चौकी प्रभारी नादेही, उ. नि. हरीश आर्या, म. उ. नि. रूचिका चौहान विवेचक, का. कुलदीप सिंह, विपिन चन्द्र, अरूण कुमार, भवान सिंह, हो. गा. दीक्षित कुमार शामिल थे।

# मुख्यमंत्री ने जनता व जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनीं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को लोहियाहेड हेलीपैड पर जनता व जनप्रति. निधियों से मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनी तथा समस्याओं का समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा जन समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है,इसलिए जनता की समस्याओं का शीघ्रता से समाधान किया जाए। उन्होंने किसानों को खाद उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो सतीश भट्ट, महामंत्री रमेश जोशी, गोविंद टम्टा, डा. नवीन भट्ट, अमित कुमार पांडे, भवानी भंडारी, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी,अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एएसपी डा. उत्तम सिंह नेगी सहित अनेक अधिकारी व जनप्रतिनिधि, जनता उपस्थित थी।

## एक नजर

### पुण्यतिथि पर चाचा नेहरू को किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि 27 मई, बुधवार को मनाई गई। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी ने सिटी क्लब परिसर में नेहरू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने आधुनिक भारत के निर्माण में पंडित नेहरू के महत्वपूर्ण योगदान को याद किया। उन्होंने नेहरू के विचारों और सिद्धांतों को अपनाने का संकल्प लिया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष हिमांशु गाबा ने नेहरू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया। उन्होंने आधुनिक भारत के निर्माण में नेहरू के विशेष योगदान पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, महानगर अध्यक्ष ममता रानी सहित कई अन्य कांग्रेस नेता, सदस्य और पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने देश की तरक्की और उन्नति के लिए मिलकर काम करने की बात कही।



### स्कॉर्पियो सवार चार नशा तस्कर 580 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहारश्और नशा मुक्त अभियान के तहत खटीमा पुलिस ने सितारगंज रोड से एक काले रंग की स्कोर्पियो गाड़ी (UK 03B 0007) से 580 ग्राम अवैध चरस बरामद की है। पुलिस ने मौके से चम्पावत जिले के रहने वाले चार तस्करों को गिरफ्तार कर उनका वाहन जब्त कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अमित सिंह (30 वर्ष) व सूरज सिंह (32 वर्ष) निवासी बुन्देलाढेक (लोहाघाट), सूरज सिंह (32 वर्ष) निवासी बाजरीकोट (चम्पावत) और मनीष सिंह (20 वर्ष) निवासी त्यारसों (पाटी, चम्पावत) के रूप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में चकरपुर चौकी प्रभारी विकास कुमार, अपर उप निरीक्षक नाथ सिंह, हेड कांस्टेबल संजय कुमार व रविंद्र नाथ शामिल रहे।



### ग्राम पंचायत में गंदगी व सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** समाजसेवी धर्मवीर शर्मा के नेतृत्व में ग्राम सभा नन्दपुर नरका टोपा के ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी बाजपुर को ज्ञापन सौंपकर गांव में फैली गंदगी की समस्या का समाधान कराने एवं सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मांग उठाई। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि ग्राम सभा के समीप नेहू मार्ग पर सड़क किनारे गांव के घरों और नालियों का कूड़ा-कचरा एवं प्लास्टिक एकत्र कर डाला जा रहा है। आरोप लगाया कि कई बार कूड़े में आग लगा दी जाती है, जिससे उठने वाले धुएं से बीमार, बुजुर्ग एवं बच्चों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही राहगीरों और ग्रामीणों को भी आवागमन में दिक्कतें हो रही हैं। ग्रामीणों ने मांग की कि सड़क किनारे जमा कूड़े के ढेर को तत्काल हटाया जाए तथा भविष्य में दोबारा इस प्रकार की समस्या न हो इसके लिए संबंधित स्थान पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। ज्ञापन में कहा गया कि कैमरे लगने से कूड़ा फेंकने वालों पर निगरानी रखी जा सकेगी और गांव में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर होगी। इस दौरान मुख्य रूप से चंद्रपाल, बन्ने, जाकिर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



### अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** थाना बाजपुर क्षेत्र के भौना रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



बुधवार सुबह करीब 7:35 बजे एसडीएच बाजपुर से थाना हाजा को सूचना मिली कि सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को 108 एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल लाया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान शिवचरण पाल पुत्र रामदयाल निवासी वार्ड नंबर-3 आलापुर, कोतवाली बाजपुर, जनपद ऊधम सिंह नगर के रूप में हुई। उनकी आयु लगभग 52 वर्ष बताई गई है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि शिवचरण पाल सुबह घर से घूमने निकले थे। इसी दौरान भौना रोड पर किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में आई गंभीर चोटों के कारण उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह मनराल एवं पुलिस टीम ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी काशीपुर भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों और परिचितों ने मृतक के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है।

### जयहिंद सेवा संघ ने चलाया स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बुधवार शाम छह बजे जयहिंद सेवा संघ संगठन के सदस्यों ने महुआखेड़ा गंज स्थित राजकीय इंटर कॉलेज, कन्या इंटर कॉलेज एवं राजकीय आईटीआई के मैदानों में स्वच्छता अभियान चलाकर फैली गंदगी और बड़ी-बड़ी घास को साफ किया।




संगठन के कार्यकर्ताओं ने फावड़ा व घास काटने वाले उपकरणों की सहायता से मैदान की साफ-सफाई कर बच्चों के खेलने योग्य बनाया। संगठन के सदस्यों ने बताया कि समर छुट्टियों के दौरान बच्चे सुबह और शाम के समय मैदान में खेलकूद कर अपने शरीर और मस्तिष्क को स्वस्थ रख सकेंगे। साथ ही वर्तमान में पुलिस भर्ती एवं अन्य विभागों की फिजिकल तैयारी करने वाले युवाओं के लिए भी मैदान का साफ और समतल होना बेहद आवश्यक है। स्वच्छता अभियान में सेवा संघ संगठन के मीडिया प्रभारी अल्फैज अंसारी, राशिद अंसारी, रजा अली, अली हसन, फिरोज आलम, रिजवान धीमरखेड़ा, नाजिम हुसैन, समर अली समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान सेवा संघ के केंद्रीय अध्यक्ष एडवोकेट मोहम्मद रिजवान अंसारी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक और जनहित के कार्यक्रम लगातार करता रहेगा।

### खुली जगह पर न करें कुर्बानी:मुफ्ती मन्नान रजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखण्ड राज्य हज समिति के सदस्य मुफ्ती मन्नान रजा ने प्रेस को जारी एक बयान में समस्त मुस्लिम समाज से विशेष अपील करते हुए कहा है कि ईद उल अजहा को आपसी सौहार्द का ख्याल रखते हुए मनाना है। खुली जगह में किसी तरह की कोई कुर्बानी नहीं करें, कुर्बानी की वीडियो या फोटो सोशल मीडिया पर हरगिज शेयर करने से दूर रहें, अपने धार्मिक फरीजे पर अमल करने के साथ साथ दुसरे धर्मो से जुड़े अपने बिरादराने वतन की आस्था का भी पूरा सम्मान और ख्याल रखें।

# अतिक्रमण और मनचलों पर पुलिस का शिकंजा



- अधिकारियों ने पत्रकारों संग की बैठक
- कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल बोलेः स्कूलों के बाहर आवारा तत्वों पर होगी सख्त कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** कोतवाली में बुधवार को नव नियुक्त कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी अखलेश कुमार ने पत्रकारों के साथ परिचय बैठक आयोजित की। बैठक में नगर की कानून व्यवस्था, यातायात व्यवस्था और विभिन्न जनसमस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान अधिकारियों ने पत्रकारों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि पुलिस और मीडिया के बेहतर समन्वय से अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सकता है।

बैठक में गदरपुर नगर में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर भी चर्चा हुई। कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल ने कहा कि बाजार और मुख्य सड़कों पर हो रहे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ जल्द अभियान चलाया जाएगा, जिससे आम जनता को जाम और अन्य परेशानियों से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है।

इसके अलावा स्कूलों और कॉलेजों के बाहर घूमने वाले मनचले एवं आवारा युवकों पर भी सख्ती से कार्रवाई करने की बात कही गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी अखिलेश कुमार ने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और ऐसे असामाजिक तत्वों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। इस दौरान बैठक में पत्रकार मीडिया क्लब के अध्यक्ष मुकेश पाल, प्रेस क्लब के अध्यक्ष जय किशन अरोरा, उमर अली, नितिन छाबड़ा, ठाकुर रामपाल सिंह, सतीश बत्रा, जसपाल डोगरा, राजकुमार चावला, बाबा देवेंद्र सिंह, महेंद्र पाल मौजूद रहे।

# नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मनोज सरकार स्टेडियम, रुद्रपुर में आयोजित 21वीं कैडेट नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप के तीसरे एवं चौथे दिन फॉइल स्पर्धाओं के मुकाबले रोमांच और प्रतिस्पर्धा से भरपूर रहे। देशभर से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने कैडेट मेन्स एवं वुमेन्स फॉइल सिंगल्स और टीम इवेंट्स में शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया।

फॉइल स्पर्धाओं के पदक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पंकज उपाध्याय, पीसीएस, अपर जिलाधिकारी, ऊधम सिंह नगर उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भूपेंद्र सहगल, उत्तराखंड कंसल्टेटिव कमेटी सदस्य, एफसीआई, खाद्य आपूर्ति एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार मौजूद रहे अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पदक प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कैडेट वुमेन्स फॉइल व्यक्तिगत स्पर्धा में महाराष्ट्र की जीजाऊ पाटिल ने स्वर्ण पदक जीतकर पहला स्थान प्राप्त किया। चंडीगढ़ की जिया शर्मा ने रजत पदक हासिल किया, जबकि चंडीगढ़ की हितैशी हितैशी एवं रूबी चमोली ने कांस्य पदक अपने नाम किए। वहीं कैडेट मेन्स फॉइल व्यक्तिगत स्पर्धा में हरियाणा के विवेक कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। एफएआई के मेयाश महलान ने रजत पदक हासिल किया, जबकि हरियाणा के युवराज सैनी एवं मणिपुर के लामयानबा कोनसम ने कांस्य पदक प्राप्त किए।

टीम स्पर्धाओं में कैडेट टीम वुमेन्स फॉइल वर्ग में चंडीगढ़ की टीम ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि हरियाणा की टीम उपविजेता रही। मणिपुर एवं महाराष्ट्र की टीमों ने कांस्य पदक अपने नाम किए। वहीं कैडेट टीम मेन्स फॉइल वर्ग में हरियाणा की टीम ने स्वर्ण पदक जीता, एफएआई की टीम ने रजत पदक हासिल किया, जबकि उत्तर प्रदेश एवं मणिपुर की टीमों ने कांस्य पदक अपने नाम किए।

# क्रय-विक्रय समिति के अध्यक्ष ने किया खाद केंद्र का औचक निरीक्षण

- स्टाम्प की भूमि वाले किसानों को भी मिलेगी खाद, मौके पर ही किया समस्या का निस्तारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नवनियुक्त क्रय-विक्रय समिति के अध्यक्ष प्रतिनिधि और भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार पाण्डेय ने क्रय-विक्रय समिति के अंतर्गत संचालित खाद वितरण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टॉक रजिस्टर और वितरण प्रणाली की गहनता से जांच की। अमित कुमार पाण्डेय ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि हमारे अन्नदाता कृषक बंधुओं को खाद की किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पूरी वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित किसानों ने अध्यक्ष के सामने अपनी एक बड़ी व्यावहारिक समस्या रखी। किसानों ने अवगत कराया कि खटीमा क्षेत्र में अधिकांश किसानों के नाम खतौनी में दर्ज नहीं हैं। वे केवल स्टाम्प पेपर के आधार पर ली गई भूमि पर खेती-किसानी करते हैं, जिस कारण उन्हें खाद प्राप्त करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। किसानों की इस गंभीर समस्या को देखते हुए अध्यक्ष अमित कुमार पाण्डेय ने संवे. दनशीलता दिखाते हुए मौके पर ही इसका तत्काल निस्तारण कर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन किसानों के पास स्टाम्प की भूमि है, वे अपना वैध स्टाम्प पेपर दिखाकर खाद प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान क्रय-विक्रय समिति के अध्यक्ष अमित कुमार पाण्डेय ने कहा कि उत्तराखंड की धामी सरकार 'विकल्प रहित संकल्प' के विजन पर काम कर रही है। इस विजन को धरातल पर उतारने के लिए भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी तरह से कृतसंकल्पित है।

इस अवसर पर समिति के कर्मचारी और भारी संख्या में स्थानीय किसान मौजूद रहे।

# गदरपुर की राजनीति में उठने लगे सवाल

- विधायक बनने का सपना देख रहे त्रिनाथ विश्वास पर गंभीर आरोप
- गदरपुर सीट की राजनीति गरमाई
- त्रिनाथ विश्वास के खिलाफ शिकायत पत्र वायरल, छवि पर उठे सवाल
- दबंगई और अभद्रता के आरोपों में घिरे त्रिनाथ विश्वास, चुनावी मैदान में बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर/दिनेशपुर।** ऊधम सिंह नगर के गदरपुर विधानसभा क्षेत्र में राजनीति गर्माती नजर आ रही है। 65 गदरपुर विधानसभा सीट से विधायक बनने का सपना देख रहे त्रिनाथ विश्वास अब एक गंभीर विवाद में घिरते दिखाई दे रहे हैं। सोशल मीडिया और स्थानीय चर्चाओं में एक शिकायत पत्र तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें त्रिनाथ विश्वास पर महिला के साथ अभद्रता, धमकी और मारपीट जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

शिकायत पत्र के अनुसार, दिनेशपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि त्रिनाथ विश्वास ने न केवल उनके साथ गाली-गलौज की बल्कि हाथ पकड़कर अभद्र व्यवहार भी किया। महिला का यह भी कहना है कि पहले से कई मुकदमों में नाम आने के बावजूद आरोपी खुलेआम दबंगई कर रहा है और परिवार को जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस व्यक्ति पर महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने और दबंगई के आरोप लग रहे हों, उसका विधायक बनने का सपना जनता के बीच सवाल खड़े कर रहा है। गदरपुर विधानसभा क्षेत्र पहले ही राजनीतिक खींचतान का केंद्र बना हुआ है और अब यह मामला चुनावी माहौल को और गरमा सकता है।

हालांकि अभी पुलिस जांच पूरी नहीं हुई है, लेकिन इस शिकायत ने त्रिनाथ विश्वास की राजनीतिक छवि पर बड़ा असर डालना शुरू कर दिया है। विपक्षी दल भी इस मुद्दे को जनता के बीच जोर-शोर से उठाने की तैयारी में हैं।

अब सबकी नजर प्रशासनिक कार्रवाई और पुलिस जांच पर टिकी हुई है। मामले की जानकारी त्रिनाथ विश्वास से ली गई तो उनका कहना है उनके ऊपर लगाए गए आरोप निराधार हैं मामले की निष्पक्ष जांच हो।

# नशा मुक्ति को लेकर हुआ दो दिवसीय अंतर राज्यीय सम्मेलन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नशा मुक्त भारत नशा मुक्त उत्तराखंड के संकल्प को लेकर जैन धर्मशाला देहरादून में आयोजित दो दिवसीय अंतर राज्यीय सम्मेलन में केंद्र एवं राज्यों की सरकार से पूरे देश में शराब बंदी लागू करने, मुख्य चुनाव आयुक्त भारत सरकार, राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारी से आचार संहिता लागू होने के साथ -साथ संबंधित राज्य में शराब बंदी की मांग को लेकर जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से जन-जागरूकता अभियान चलाया गया।

नशा मुक्त भारत ,नशा मुक्त उत्तराखंड के संकल्प को लेकर देहरादून जैन धर्मशाला में आयोजित सम्मेलन के संपन्न होने के बाद रामनगर पहुंचने पर आयोजन समिति के सदस्य राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी ने बताया कि नशा मुक्त भारत नशा मुक्त उत्तराखंड के संकल्प को लेकर आयोजित सम्मेलन में उत्तराखंड सहित हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश ,मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आदि राज्यों के 55 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने सम्मेलन में भाग लेकर इस गंभीर समस्या पर गहन चिंतन,विचार विमर्श करने के बाद कई प्रस्ताव पारित किए।

आयोजन समिति के सदस्य प्रभात ध्यानी ने बताया कि उत्तराखंड में नशे के खिलाफ संयुक्त रूप से जन जागरण अभियान चलाया जाएगा, जिसके लिए राज्य के उन तमाम संगठनों,व्यक्तियों को नशा मुक्त जन जागरण संयुक्त अभियान समिति में एक सहयोगी के रूप में शामिल किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी संयोजक अधिवक्ता उच्च न्यायालय नैनीताल डीके जोशी बागेश्वर एवं सह संयोजक के रूप में नेकी की दीवार के माध्यम से जनपद नैनीताल में कार्य कर रहे ताराचंद घिल्डियाल को सदन द्वारा सर्वसम्मति से दी गई।

# सात दिवसीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** संस्कृत-भारती उत्तरांचल की रामनगर इकाई द्वारा संचालित सात दिवसीय संस्कृत-सम्भाषण-शिविर का समापन बुधवार को पीएमश्री राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, रामनगर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालि. का छात्रावास के सभागार में सम्पन्न हुआ।



समापन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के प्राचार्य प्रो. मोहन चन्द्र पाण्डेय ने कहा कि संस्कृत में सभी ज्ञान विज्ञान समाहित है। संस्कृत भाषा का ज्ञान आज की अनिवार्य आवश्यकता है क्योंकि संस्कृत भाषा का क्षेत्र इतना बड़ा है कि समाज अर्थ, विज्ञान, संगीत, नृत्य, कला आदि किसी का ज्ञान संस्कृत के बिना पूर्ण नहीं हो सकता। विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् के संयुक्त सचिव सीपी. रतूड़ी ने संस्कृत भाषा के सम्यक् विकास के लिए ऐसे शिविरों की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा किसी भाषा की जीवन्तता उसके सम्भाषण में निहित होती है। यहां डॉ. सत्यप्रकाश मिश्र, डॉ. आशुतोष सती, डॉ. मूलचन्द्र शुक्ल, डॉ. रामचंद्र पाण्डेय, दर्शन सिंह,पूजा रावत, मानसी अग्रवाल, अंजली अधिकारी, स्नेहा, मेघा राणा, शिवानी, सुनीता,नीलम वर्मा आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय-देशबन्धु इण्टर कॉलेज पिपलिया नं.1, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक-491/2026-27/ प्रबन्ध समिति चुनाव दिनांक-28 मई 2026

**सूचना**

सर्व साधारण से निवेदन किया जाता है कि देशबन्धु इण्टर कॉलेज पिपलिया नं.1, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर की साधारण सभा की सदस्यता ग्रहण करने हेतु साधारण सदस्यता शुल्क रु. 501.00 (पांच सौ एक रू.), आजीवन सदस्यता शुल्क रु. 5100.00 (पांच हजार एक सौ रू.) संरक्षण / संस्थापक / विशेष आजीवन सदस्यता शुल्क रु. 11000.00 (ग्यारह हजार रू.) की धनराशि का बैंक ड्रॉफ्ट प्रबन्धक देशबन्धु इण्टर कॉलेज पिपलिया नं.1, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर के नाम से देय होगा। सदस्यता हेतु विज्ञापन तिथि से एक माह के अन्दर विद्यालय के कार्यालय मे बैंक ड्रॉफ्ट, भारत के नागरीक होने से सम्बधित परिचय पत्र जैसे-आधार कार्ड, राशन कार्ड, पासपोर्ट, वोटर कार्ड अथवा पैन कार्ड में से कोई एक जमा कराकर सदस्यता ग्रहण कर सकते है।

**प्रबन्धक**

# अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं आगंतुकों के लिए यादगार बना पीटीएम कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्राम हिम्मतपुर ब्लॉक पीरूमदारा रामनगर में स्थित ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल में आयोजित पीटीएम कार्यक्रम इस वर्ष अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं आगंतुकों के लिए यादगार बन गया। विद्यालय परिसर में शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान, तकनीक और विद्यार्थियों की प्रतिभाओं का संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर सुलभ बंसल के तत्वाधान मे जय देवी जगतप्रकास फाउंडेशन द्वारा किया गया, रक्तदान शिविर का आयोजन मोहित अग्रवाल के तत्वाधान मे दया फाउंडेशन द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों एवं स्थानीय लोगों ने भाग लेकर लाभ प्राप्त किया। दंत परीक्षण डॉ रोहित बंसल,ई.एन.टी. जांच डॉ कल्पना कुयाल,महिला स्वास्थ्य संबंधी परामर्श डॉ रीना सिंघल प्रमुख रूप से मरीजों को चेकअप किया।डॉक्टरों द्वारा अभिभावकों एवं आगंतुकों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण परामर्श भी दिए गए। वहीं रक्तदान शिविर में लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर स्व. मंजुला श्रीवास्तव की प्रतिमा का अनावरण भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम गोपाल सिंह चौहान और ज्येष्ठ ब्लॉक उप-प्रमुख संजय नेगी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। यहां डॉ. प्रसून श्रीवास्तव, प्रधानाचार्या डॉ. नलिनी श्रीवास्तव, प्रणेय श्रीवास्तव,अलोकिता श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने लगाई फांसी

■ एक वर्षीय बेटे के साथ घर में थी अकेली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नगर के मोहल्ला भोना इस्लामनगर वार्ड 12 में बुधवार को एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मोहल्ला भोना इस्लामनगर निवासी राजन की 26 वर्षीय पत्नी रूशा देवी घर पर अपने एक वर्षीय बेटे के साथ अकेली थीं। राजन मजदूरी करने गया हुआ था, जबकि उसकी माता राजवती भी काम पर गई थीं। इसी दौरान रूशा देवी ने कमरे का दरवाजा बंद कर पंखे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। बताया जा रहा है कि घटना से कुछ समय पहले रूशा देवी ने अपने पति राजन को फोन किया था।

फोन आने पर राजन घर पहुंचा तो उसने पत्नी को फंदे पर लटका देखा। उसने तुरंत दुपट्टा काटकर रूशा देवी को नीचे उतारा और उपचार के लिए बाजपुर के एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सीओ अखिलेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। बताया गया है कि रूशा देवी का विवाह करीब दो वर्ष पूर्व हुआ था। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# पंचेश्वर घाटी में तूफान का कहर

■ आम और लीची बागानों में भारी तबाही

■ उद्यान विभाग और राजस्व टीम ने किया स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** पंचेश्वर घाटी में मंगलवार शाम आए तेज तूफान ने क्षेत्र के आम और लीची उत्पादकों की मेहनत पर बड़ा असर डाला है। तूफान से फलों से लदे पेड़ों को भारी नुकसान पहुंचा, जबकि कई स्थानों पर कच्चे आम और लीची जमीन पर गिर गए।



बुधवार प्रातः उद्यान विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर नुकसान का आकलन किया। उद्यान विभाग के एडीओ आशीष रंजन खर्कवाल तथा राजस्व उप निरीक्षक ने ग्रामीणों के साथ ग्राम निडिल, मल्ला खाइकोट और ग्राम विविल पहुंचकर आम के व्यवसाय एवं बागवानी से जुड़े काश्तकारों के बगीचों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में सबसे अधिक क्षति आम के पेड़ों और फलों को पाई गई। ग्रामीणों ने बताया कि तेज आंधी और तूफान के चलते कई पेड़ों की शाखाएं टूट गईं और बड़ी मात्रा में फल झड़ गए। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि तूफान से शिमला मिर्च एवं मक्का की फसल को भी आंशिक नुकसान पहुंचा है। किसानों का कहना है कि इस समय आम की फसल तैयार होने के अंतिम चरण में थी, ऐसे में अचानक आए तूफान ने आर्थिक नुकसान बढ़ा दिया है।

पंचेश्वर क्षेत्र को गर्म घाटी क्षेत्र माना जाता है, जहां बड़ी संख्या में किसानों ने आम के हजारों पेड़ लगाए हुए हैं। कोरोना काल के दौरान यहां के जैविक स्वाद वाले आमों की मांग तेजी से बढ़ी थी, जिसके बाद क्षेत्र के कई किसानों ने बागवानी को आय का प्रमुख साधन बनाया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय किसान तेज सिंह, वीर सिंह, ओंकार धौनी, होशियार सिंह, माधवानंद पंत, आन देव पंत, शंकर सिंह, ललित सिंह सामंत, खिमानंद सुतेड़ी, गोविंद राम, नारायण राम, जयदत्त पंत, महेश भट्ट एवं नारायण दत्त भट्ट सहित कई प्रभावित किसानों ने अपने बगीचों का निरीक्षण करवाया। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं मीडिया का आभार जताते हुए कहा कि उनकी पहल पर विभागीय टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया, जिससे प्रभावित किसानों को राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

# एक नजर

## भव्य श्री श्याम दरबार में चोरों का धावा, दर्जनभर मोबाइल पार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** ग्राम सकैनिया में 23 मई को आयोजित भव्य श्री श्याम दरबार कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति के साथ-साथ चोरी की घटनाओं को लेकर भी चर्चा का विषय बन गया। प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल के पहुंचते ही कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्याम प्रेमियों की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा पंडाल "हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा" जैसे भजनों से गूंज उठा और श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में लीन रहे।

**कन्हैया मित्तल के भजनों में झूमते रहे श्रद्धालु, जेबकतरे करते रहे सफाई**

**श्याम प्रेमियों की आस्था पर चोरी का दाग, आयोजक समेत कई लोग बने निशाना**

लेकिन इसी भीड़ और अव्यवस्था का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने कई लोगों को अपना निशाना बना लिया। जानकारी के अनुसार आयोजनकर्ता एवं एस के फ्रूट के एमडी कश्मीर कंबोज का मोबाइल भी चोरी हो गया। इतना ही नहीं, श्याम मित्र मंडल के प्रधान विजय अनेजा, भाजपा नेता संतोष गुप्ता सहित लगभग दर्जनभर लोगों के मोबाइल फोन गायब हो गए। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जब लोगों ने अपने मोबाइल तलाशने शुरू किए तो हड़कंप मच गया।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कार्यक्रम में भारी भीड़ होने के बावजूद सुरक्षा व्यवस्था बेहद कमजोर दिखाई दी। न तो पर्याप्त स्वयंसेवक मौजूद थे और न ही किसी प्रकार की चेकिंग व्यवस्था नजर आई। श्रद्धालु भजनों में मग्न रहे और चोर आराम से अपने काम को अंजाम देते रहे। कई लोगों ने आरोप लगाया कि ऐसे बड़े आयोजनों में सुरक्षा को लेकर सिर्फ दिखावा किया जाता है, जबकि जेबकतरे और मोबाइल चोर सक्रिय गिरोह बनाकर पहुंचते हैं।

घटना के बाद पीड़ित लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि कार्यक्रम स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर जल्द आरोपियों की पहचान की जाए। धार्मिक आयोजनों में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने अब सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## एनसीसी एयर विंग शुरू, छात्रों को मिलेगी उड़ान प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनसीसी की एयर विंग यूनिट की शुरुआत हो गई है। कॉलेज में पहली बार एयर विंग खुलने से छात्र-छात्राओं में उत्साह का माहौल है। इस सत्र में 15 सीटें आवंटित की गई हैं, जिन पर चयनित विद्यार्थियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। एयर विंग के तहत छात्रों को ड्रोन संचालन, थ्रीडी मैपिंग, सोशल सर्विस और अन्य एयर गतिविधियों की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके अलावा वरिष्ठ कैडेटों को विशेष प्रशिक्षण के लिए बरेली भेजा जाएगा, जहां उन्हें माइक्रोलाइट विमान उड़ाने का अनुभव कराया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान छात्र विमान संचालन की बारीकियां सीखेंगे और हवाई गति. विधियों की जानकारी प्राप्त करेंगे।

कॉलेज प्राचार्य प्रो. अवधेश नारायण सिंह के अनुसार एयर विंग शुरू होने से विद्यार्थियों को नई तकनीक और रक्षा सेवाओं से जुड़ी गतिविधियों को सीखने का अवसर मिलेगा। इससे छात्रों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

## दो सड़क हादसों में महिला समेत पांच घायल, हायर सेंटर रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** क्षेत्र में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को आसपास के लोगों की मदद से उपचार के लिए उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। बुधवार दोपहर करीब डेढ़ बजे बजे विजय रामपुरा निवासी 22 वर्षीय गुरमीत पुत्र परमेश्वरी लाल अपनी मां 55 वर्षीय जसवंती के साथ बाइक से सिलेंडर लेने के लिए शीतपुरी जा रहा था। इसी दौरान महेशपुरा निवासी 18 वर्षीय आकाश पुत्र राजिंदर सिंह अपनी रिश्तेदारी में शिवपुरी की ओर जा रहा था। बताया जाता है कि शिवपुरी के निकट दोनों बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में गुरमीत और आकाश गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि जसवंती बाल-बाल बच गई। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

**शिवपुरी में आमने-सामने भिड़ीं बाइकें, कार की टक्कर से दो मजदूर भाई गंभीर**

दूसरी घटना मंगलवार रात करीब नौ बजे शिवपुरी मोड़ के निकट हुई। विजय रम्मपुरा निवासी 29 वर्षीय विजय किशोर और 22 वर्षीय राजकिशोर पुत्रगण शत्रुघ्न कोसी कांटे से खनन कार्य कर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। हादसे में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं नगर में हुए एक अन्य सड़क हादसे में इटावा निवासी 30 वर्षीय सीमा पत्नी त्रिलोक सिंह भी घायल हो गईं। उन्हें भी उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# एससी/एसटी शिक्षक एसोसिएशन ने सीएम को भेजा मांग पत्र

■ सामाजिक न्याय व शिक्षकों के हितों पर उठाई आवाज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/चम्पावत।** अनुसूचित जाति-जनजाति शिक्षक एसोसिएशन उत्तराखंड, जनपद चम्पावत द्वारा मुख्यमंत्री उत्तराखंड को 19 सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रेषित किया गया। यह ज्ञापन उपजिलाधिकारी टनकपुर के माध्यम से भेजा गया, जिसमें शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा सामाजिक न्याय से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया है।

एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष मोहन लाल सोनियाल एवं जिला मंत्री सुरेश प्रसाद विश्वकर्मा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेशभर में शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं सामाजिक प्रति. निधियों के साथ व्यापक संवाद और क्षेत्रीय समीक्षा के बाद यह मांग पत्र तैयार किया गया है। ज्ञापन में अनुस. ूचित जाति-जनजाति विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति राशि में वृद्धि, समयबद्ध भुगतान, उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष सहायता, कोचिंग एवं छात्रावास सुविधाओं को मजबूत करने की मांग की गई है। साथ ही पदोन्नति में आरक्षण, रोस्टर प्रणाली का पालन, रिक्त पदों पर विशेष भर्ती अभियान तथा संविदा और आउटसोर्सिंग सेवाओं में आरक्षण व्यवस्था लागू करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।

एसोसिएशन ने अशासकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों-कर्मचारियों के वेतन भुगतान की स्थायी एवं पारदर्शी व्यवस्था, संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण तथा पुरानी पेंशन योजना (OPS) बहाल करने की मांग की है। इसके अतिरिक्त गोल्डन कार्ड योजना के अंतर्गत प्रभावी एवं कैशलेस स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने की बात भी कही गई।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि नीति निर्धारण, आयोगों, समितियों एवं विभागीय बैठकों में एससी/एसटी समाज और शिक्षक-कर्मचारी संगठनों का प्रभावी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए। साथ ही शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखकर मुख्य रूप से शिक्षण कार्य तक सीमित रखने की मांग की गई।

# वन विभाग ने लकड़ी तस्करों की चार बाइक की जब्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** रनसाली वन क्षेत्र में मंगलवार की रात्रि में रनसाली वन क्षेत्र में वन विभाग की टीम ने वन तस्करों की घेराबंदी की। वन तस्कर चार बाइकों में लदे गिल्टे समेत बाइक छोड़कर फरार हो गए। वन विभाग की टीम ने चारों बाइकों को कब्जे में लिया। बाइकों में लट्ठों लदे हुए थे।

रेंजर महेंद्र सिंह रैकुनी ने बताया कि मंगलवार की मध्य रात्रि में सरोंजा वीट में वन तस्करों के होने की सूचना मिली। वन विभाग की टीम सरोजा बीट के अंतर्गत वन निगम के लौट संख्या 4 एवं 5 में पहुंचे। घेराबंदी करने पर रनसाली रेंज के स्टाफ ने मौके से सागौन के लट्ठों से लदी हुई चार बाइकों को मौके से बरामद किया। तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। बाइकों को रेंज कार्यालय रनसाली में लाया गया। रेंजर रैकुनी ने बताया कि बाइक नंबर व चेसिस के आधार पर बाइकों के स्वामियों का पता लगाया जा रहा है। वन विभाग की ओर से विधिक कार्रवाई की जा रही है। टीम में वन दरोगा यशवंत रावत व नंद किशोर पांडेय, अरविंदर सिंह, भास्कर जोशी, गणेश पलड़िया, अंकित राणा, अमन कुमार एवं शक्ति सिंह शामिल रहे।

# चम्पावत से विदा हुए धीरज कार्की, पत्रकारों की आंखें हुई नम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** जनपद के जिला सूचना अधिकारी धीरज कार्की के चमोली जनपद स्थानांतरण पर जिला सूचना कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह भावुक पलों का साक्षी बना। पत्रकारों, सूचना विभाग कर्मियों और सामा. जिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके कार्यकाल को यादगार बताया।

जिला पत्रकार संगठन के अध्यक्ष चंद्र बल्लभ ओली एवं महामंत्री गिरीश बिष्ट के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि धीरज कार्की ने अपने शांत स्वभाव, कार्यकुशलता और सकारात्मक सोच से पत्रकारों व प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया।

वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने चम्पावत के सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं पर्यटन गतिविधियों को प्रदेश ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके कार्यकाल में जिले की कई सकारात्मक खबरों को नई पहचान मिली। अपने संबोधन में धीरज कार्की ने सभी पत्रकारों एवं विभागीय कर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चम्पावत में मिला सहयोग उनके लिए हमेशा यादगार रहेगा।

उन्होंने कहा कि पत्रकारों के सकारात्मक सहयोग से ही वह अपने दायित्वों का बेहतर निर्वहन कर सके। उन्होंने पत्रकारों से अपील की कि उनके स्थान पर आने वाले अधिकारी अनुज कुमार को भी इसी तरह सहयोग और मार्गदर्शन मिलता रहे।

यहां बृजेश पांडे, गणेश पांडे, दिनेश पांडे, चंद्रशेखर जोशी, जीवन बिष्ट, पंकज पाठक, राजीव मुरारी, सुरेश गड़कोटी, दिनेश भट्ट, योगेश जोशी, लक्ष्मण सिंह बिष्ट, बसंत जोशी सहित सूचना विभाग की कार्यालय अधीक्षक आशा गोस्वामी, पंकज आर्या, रजत रावत, गीता, खीमानंद जोशी, सुधीर कुमार, सुरेश पांडेय, गौरव जोशी, लक्ष्मण सिंह, भूपाल, महेश चौडाकोटी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कर्मचारी उन्हें प्रतिक चिन्ह भेंट किया।

# चम्पावत की बेटी ने अमेरिका में लहराया परचम

■ कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में बनीं असिस्टेंट प्रोफेसर

■ सीमांत की होनहार आयुषी भावे को डीएम मनीष कुमार ने किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** जनपद चम्पावत की प्रतिभाशाली बेटी आयुश्री भावे ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए अमे. रिका की प्रतिष्ठित कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर का पद प्राप्त कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। आयुश्री की इस शानदार उपलब्धि पर जिलाधिकारी मनीष कुमार ने उन्हें सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि पहाड़ की कठिन परिस्थितियां और सीमित संसाधन कभी भी सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकते, यदि लक्ष्य स्पष्ट और प्रयास निरंतर हों। उन्होंने कहा कि आयुश्री भावे आज उत्तराखण्ड की बेटियों और युवाओं के लिए प्रेरणा का प्रतीक बन चुकी हैं।

डीएम मनीष कुमार ने कहा कि आयुश्री की सफलता आने वाली पीढ़ियों को शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने की नई ऊर्जा देगी। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि चम्पावत जैसे सीमांत जिले से निकलकर विश्व स्तर पर पहचान बनाना पूरे जनपद के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर आयुश्री की माता भावना को भी सम्मानित किया गया, जो वर्तमान में राजकीय इंटर कॉलेज देवीधुरा में अध्यापिका के पद पर कार्यरत हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि बेटी की सफलता के पीछे मां के संस्कार, शिक्षा और मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

जनपदवासियों ने आयुश्री की इस सफलता को चम्पावत और उत्तराखण्ड के लिए गौरव का क्षण बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एक महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। महिला का कहना है कि बीते 25 मई को सिडकुल स्थित कंपनी में काम पर गई थी। शाम को जब वह घर लौटी तो उसकी पुत्री घर पर नहीं मिली। घर में खोजबीन के दौरान नाबालिग के कपड़ों में एक पर्ची मिली, जिसमें एक मोबाइल नंबर लिखा था। महिला को आशंका है कि डिबडिबा बिलासपुर निवासी विजय पुत्र मनोहर उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है।

# पूर्व छात्रों का सम्मान, मेधावी विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर गूंजीं तालियां

■ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** सीमांत क्षेत्र स्थित पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज दिगालीचौड़ में वार्षिकोत्सव एवं पुरातन छात्र सम्मेलन समारोह बेहद धूमधाम और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जहां छात्र-छात्राओं की रंगारंग प्रस्तुतियों, पूर्व छात्रों की यादों और मेधावियों के सम्मान ने कार्यक्रम को खास बना दिया।



कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य डॉ. सुधाकर जोशी की अध्यक्षता तथा शिक्षक बृजेश सिंह ढेक के संच. ालन में किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी घनश्याम भट्ट एवं पूर्व प्राथमिक शिक्षक संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष गोविन्द बोहरा मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई। लोक संस्कृति, देशभक्ति और सामाजिक संदेशों से सजी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्य डॉ. सुधाकर जोशी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की वार्षिक आख्या प्रस्तुत की और विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस दौरान विद्यालय के पूर्व छात्र एवं शिक्षक जगदीश जोशी तथा पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख हीरा बल्लभ जोशी ने अपने छात्र जीवन की यादें साझा करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। समारोह में पहुंचे पूर्व विद्यार्थियों का विद्यालय परिवार की ओर से अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि आनंद सिंह अधिकारी ने विद्यार्थियों से अनुशासन, संस्कार और गुरुजनों के सम्मान को जीवन का मूल मंत्र बनाने की अपील की। कौशल म्यूजिक एकेडमी के निदेशक अजय कलखुड़िया के नेतृत्व में कमल ओझा, दिव्यांशु पांडेय, गीतांक्षी पांडेय और ध्रुवादित्य जोशी ने विभिन्न वाद्य यंत्रों की शानदार संगत कर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में चार चांद लगा दिए। समारोह में बोर्ड परीक्षा और विभिन्न शिक्षणेत्तर गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रा हेमा नायक समेत तनुजा उप्रेती, ऐश्वर्या उप्रेती, निधि रावत, ऊषा, जतिन जोशी, शिवम, चांदनी भट्ट, खुशी बोहरा, नीरज कुमार, अंकिता और दीपांशु भंडारी सहित कई छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राजकीय शिक्षक संघ जनपद मंत्री प्रकाश चन्द्र उपाध्याय, डाइट प्रवक्ता शिवराज तड़ागी, रमेश रावत, जीवन राय, आशीष प्रताप सिंह, मोहन कलौनी, तारा अधिकारी, भगवती भट्ट, प्रयाग मुरारी, गणेश पंत सहित विद्यालय परिवार और बड़ी संख्या में अभिभावकों की मौजूदगी रही।

## पूर्व मुख्यमंत्री कोश्यारी पहुंचे रामनगर, हुआ स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी के रामनगर पहुं. चने पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि पद्म भूषण मिलना उत्तराखंड का सम्मान है।

बुधवार को तेलीपुरा रोड स्थित एक होटल में भगत सिंह कोश्यारी का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि कहा कि यह उनका नहीं पूरे उत्तराखंड का सम्मान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है। इसीलिए उत्तराखंड को सम्मानित करते हुए उन्होंने मुझे यह सम्मान दिया। भाजपा आज मोदी के नेतृत्व में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सुविधा पहुंचा रही है। प्रदेश में पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं।

इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत,भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी संजय डॉवी,भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती,ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, पीरुमदारा मंडल अध्यक्ष बलदेव रावत,जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा चंदन सिंह बिष्ट,पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी, पूर्व नगर अध्यक्ष भावना भट्ट , भाजपा नेत्री आशा बिष्ट,युवा नेता इशांत चौधरी,पूर्व सभासद मोहम्मद आदिल,डॉक्टर तनवीर अख्तर,अंजना सुंदरियाल, माया रावत आदि मौजूद रहे।

वहीं विधायक दीवान सिंह की दिवंगत पत्नी के 13वीं में प्रदेश के कई विधायक व पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी व हरीश रावत ने पहुंच कर श्रद्धांजलि दी।

बुधवार को विधायक आवास पर आयोजित 13वीं में पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी व हरीश रावत ने परिवार से मुलाकात की। उन्होंने पुष्प चढ़ा कर विधायक की पत्नी आशा बिष्ट को श्रद्धांजलि दी।

# रेनबो पब्लिक स्कूल में योग की गूंज, 120 बच्चों ने किया सामूहिक अभ्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर बुधवार को रेनबो पब्लिक स्कूल में योग कार्यक्रम हुआ। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. आलोक कुमार शुक्ल के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय के 120 छात्र-छात्राओं ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वास्थ्य और अनुशासन का संदेश दिया।

साथ ही विद्यालय के समस्त स्टाफ को 'योग ब्रेक' भी कराया गया। दीपिका मेहरा, साक्षी चौहान व प्राची शर्मा ने विभिन्न योगासन प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं सर्वश्रेष्ठ योगासन करने पर कक्षा 7 'स' के छात्र नितिन बैस को 500 रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अपर जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. दीपक सरकार ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, साथ ही तन, मन और बुद्धि के संतुलित विकास का माध्यम है, जो व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

नोडल अधिकारी (योग) डॉ. वीरेंद्र सिंह रौतेला ने बच्चों को योग के नियमित अभ्यास से होने वाले शारी. रिक व मानसिक लाभों की जानकारी दी। यहां सहायक नोडल अधिकारी डॉ. राहुल पुरोहित व योग अनुदेशक तरुण अग्रवाल, प्रधानाचार्य संजय कुमार अग्रवाल, उप-प्रधानाचार्या स्मिता पाठक, योग पीजीटी शिक्षिका लक्ष्मी नेगी आदि रहे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली और डॉक्टरों की कमी का उठाया मुद्दा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्राम भवानीपुर खुल्बे पीरुमदारा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली और डॉक्टरों की कमी का मुद्दा प्रमुखता से उठने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने इसका कड़ा संज्ञान लिया है। जनहित के इस संवे. दनशील मामले पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश पंत ने स्वयं चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ. पंत ने बताया कि चिकित्सालय भवन की जर्जर स्थिति को सुधारने के लिए जिला स्तर से ६४ लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है, जिससे जल्द ही सुदृढ़ीकरण का कार्य शुरू होगा।वहीं, रात्रि में महिला स्टाफ की सुरक्षा के मुद्दे पर अस्पताल प्रभारी डॉ. दिनेश कोहली ने बताया कि रात्रि कालीन सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के लिए उपजिलाधिकारी रामनगर को पत्र भेजा जा रहा है। कुछ ही दिनों में यहाँ पीआरडी जवान की तैनाती हो जाएगी।25 हजार की आबादी पर एलोपैथिक डॉक्टर न होने के सवाल पर सीएमओ ने आश्वस्त किया कि क्षेत्र की समस्या को देखते हुए बहुत जल्द यहाँ नियमित एलोपैथिक चिकित्सक की नियुक्ति कर दी जाएगी।प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई पर स्थानीय नागरिकों पान सिंह बिष्ट, बलवीर नेगी, राजकुमार, बिशन सिंह, हरि सिंह और राजेश कुमार सहित क्षेत्रवासियों ने संतोष व्यक्त किया है।

# डीएसए में ईद की नमाज़ को हाईकोर्ट की अनुमति

## पुलिस-प्रशासन को नमाज के दौरान शांति व सुरक्षा के इंतजाम करने के निर्देश

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** बक़रीद के मौके पर डीएसए फ्लैट मैदान में नमाज की अनुमति दिए जाने को लेकर अंजुमन ए इस्लामिया के प्रार्थना पत्र का हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया है। न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने मामले की सुनवाई के बाद फ्लैट मैदान में नमाज अदा करने की अनुम. ति दे दी है। यह याचिका अंजुमन ए इस्लामिया नैनीताल की ओर से दायर हुई थी। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में सुबह 9 से 10 बजे तक होने वाली नमाज के दौरान शांति व सुरक्षा के इंतजाम करने के भी निर्देश पुलिस व स्थानीय प्रशासन को दिए हैं। बता दें कि प्रशासन ने विगत दिवस निर्देश दिया था कि ईद के मौके डीएसए खेल मैदान में सार्वजनिक रूप से ईद की नमाज अदा नहीं की जाएगी। मुस्लिम समुदाय के लोगों से मस्जिदों, घरों और निजी प्रतिष्ठानों में ही नमाज अदा करने की अपील की गई थी।



जिसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर हुई थी। बीते रोज ईद की तैयारियों को लेकर मल्लीताल कोतवाली में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारियों ने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से हर वर्ष की तरह डीएसए मैदान में सामूहिक नमाज आयोजित कराने की मांग रखी थी। इस पर एसडीएम ने संबंधित विभागों से एनओसी और अनुमति मिलने के बाद ही आयोजन की बात कही थी। दिनभर मैदान में नमाज की अनुमति को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रही। डीएसए महासचिव की ओर से पहले अनुमति दिए जाने की बात सामने आई, लेकिन बाद में दूसरा आदेश जारी कर अनुमति निरस्त कर दी गई। इसके साथ ही अनुमति का निर्णय जिला प्रशासन पर छोड़ दिया गया। मंगलवार को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि जिला प्रशासन डीएसए खेल मैदान में नमाज अथवा किसी अन्य गतिविधि की अनुमति नहीं देगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि ईद की नमाज मस्जिदों, घरों और निजी प्रतिष्ठानों में शांतिपूर्ण तरीके से अदा की जाएं।

### चर्चित मामले में नरेश पांडे को नहीं मिली राहत

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय में जनपद नैनीताल के भवाली क्षेत्र में यौन शोषण के मामले में युवती द्वारा समझौते व नरेश पांडे द्वारा सुरक्षा के लिए दायर याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट की एकलपीठ ने नरेश पांडे को कोई राहत न देते हुए युवती द्वारा दोनों थानों में दर्ज कराई गई एफआईआरों की जाँच अलग अलग कराई जाएं। बुधवार को मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ में हुई। सुनवाई पर नरेश पांडे की तरफ से कहा गया कि उसे झूठा फंसाया गया है। उसके खिलाफ कोई ठोस सबूत नही है। जिससे कि उसका दोष सिद्ध हो। युवती ने कहा कि पांडे उससे शादी करे। जो मुकदमा दर्ज किया गया है उसे समाप्त किया जाएं। मामले के अनुसार कुछ दिन पूर्व भवाली के उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष नरेश पांडे के खिलाफ युवती ने कुछ लोगों के कहने पर व्यापार मंडल अध्यक्ष के विरुद्ध नैनीताल कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमे कहा गया था कि उसके साथ व्यापार मंडल के अध्यक्ष द्वारा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया गया। बाद में युवती ने मुकदमा वापस लेने के साथ तल्लीताल थाने में 3 अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया, जिसमे कहा कि 3 युवकों ने उसके वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेश पांडे के खिलाफ कोतवाली में झूठा मुकदमा दर्ज करने का दबाव बनाया।

## सरकार की योजनाओं ने ग्रामीणों में जगाई उम्मीद की किरण

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में संचालित स्वरोजगार एवं आजीविका संवर्धन योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में नई संभावनाएं पैदा कर रही हैं। नैनीताल जनपद के कोटाबाग विकासखंड के गिन्ती गांव निवासी भावना देवी इसकी प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आयी हैं। नई किरण समूह से जुड़ी गिन्ती गांव निवासी भावना देवी पत्नी दोसरी लाल ने संगठन एवं सीएलएफ स्तर पर व्यक्तिगत उद्यमिता को अपनाते हुए आरईएपी योजना के अंतर्गत लगभग 19 हजार 500 रुपये की सहायता प्राप्त कर बकरी पालन का कार्य प्रारम्भ किया। वर्तमान में उनका यह कार्य के अंतर्गत सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। भावना देवी ने बताया कि उन्होंने प्रारम्भ में 10 बकरियों की इकाई स्थापित की थी। मेहनत एवं लगन के बल पर उन्होंने इस इकाई को बढ़ाकर अब 22 बकरियों तक पहुंचा दिया है। इस दौरान उन्होंने कुछ बकरियों की बिक्री कर लगभग 32 हजार रुपये की आय भी अर्जित की है। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति सुखद़ हुई है। आज भावना देवी न केवल अपने परिवार की आय बढ़ा रही हैं, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा स्रोत बन गयी हैं। उनकी सफलता से यह स्पष्ट हो रहा है कि राज्य सरकार की योजनाएं ग्रामीण स्तर पर प्रभावी बदलाव ला रही हैं तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान कर रही हैं। यह सफलता की कहानी दर्शाती है कि सही मार्गदर्शन, सरकारी सहयोग एवं आत्मविश्वास के बल पर कोई भी व्यक्ति अपनी परिस्थितियों को बदल सकता है। भावना देवी की यह पहल उत्तराखंड में वोकल फॉर लोकल व आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## एक नजर

### मीडियम पेसर टैलेंट हंट को लेकर विस्तृत चर्चा

**बागेश्वर।** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बागेश्वर की एक अहम बैठक में क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड (सीएयू) द्वारा आयोजित किए जाने वाले मीडियम पेसर टैलेंट हंट को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि उत्तराखंड प्रदेश के प्रत्येक जिले से प्रतिभाशाली मीडियम पेसरों के चयन के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। बागेश्वर जिले में मीडियम पेसर टैलेंट हंट का आयोजन 30 मई 2026 को ऑर्न क्रिकेट एकेडमी मंडलसेरा में किया जाएगा। इसमें अंडर-19, अंडर-23 एवं सीनियर वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। खिलाड़ियों की गेंदबाजी प्रतिभा का मूल्यांकन उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन के चयनकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बागेश्वर के अध्यक्ष राम पाण्डेय ने बताया कि प्रतिभागियों को अपने आवश्यक दस्तावेज एवं एक पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 30 मई को प्रातः 8.30 बजे तक पहुंचना होगा। ट्रायल पूरी तरह निशुल्क रहेगा। बैठक में क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के पूर्व सहसचिव सुरेश सोनियाल, क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बागेश्वर के सचिव रमेश तड़ागी, संरक्षक हरीश रावल, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र परिहार, सहसचिव प्रदीप गड़िया, उपाध्यक्ष रमेश लोथियाल, मनोज ओली, कमल बोरा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### नवनियुक्त एसडीएम मोनिका ने संभाला चार्ज

**हल्द्वानी।** नवनियुक्त उपजिलाधिकारी मोनिका आर्य ने बुधवार को अपना



कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालते ही उन्होंने लंबित कोर्ट मामलों के शीघ्र निस्तारण, राजस्व कार्यों में तेजी और मानसून सीजन की तैयारियों को प्राथमिकता बताया। मूलरूप से पिथौरागढ़ निवासी मोनिका आर्य का ससुराल चंपावत में है। इससे पूर्व वह ऊधमसिंह नगर और बागेश्वर जिलों में विभिन्न प्रशासनिक जिम्मेदारियां निभा चुकी है। एसडीएम मोनिका आर्य ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। साथ ही प्रशासन को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि एसआईआर से संबंधित कार्यों को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। उन्होंने मानसून को देखते हुए सभी विभागों को सतर्क रहने और आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए। इससे पहले कार्यभार ग्रहण करने पर प्रशासनिक अधिका. रियों और कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया।

### जिला अस्पताल की खाली पड़ी भूमि पर काम शुरू

**नैनीताल।** बीडी पांडे अस्पताल की भूमि से वर्ष 2023 में अतिक्रमण हटाए जाने के बाद अब खाली पड़ी जमीन पर निर्माण कार्य शुरू हो गया है। अस्पताल परिसर में करीब 09 करोड़ रुपये की लागत से टाइप-4 आवासीय भवन, ट्रांजिट छात्रावास, मेडिकल स्टोर और चहारदीवारी का निर्माण किया जाएगा। फिलहाल आवासीय भवन और चहारदीवारी का कार्य शुरू कर दिया गया है। बता दें कि 2023 में उच्च न्यायलय के निर्देश पर प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में अस्पताल की भूमि से अतिक्रमण हटाया गया था। जिसके बाद अस्पताल प्रशासन ने स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा था। लंबे इंतजार के बाद शासन ने निर्माण कार्य के लिए बजट स्वीकृत किया। इस दौरान मंडी समिति के कनिष्ठ अभियंता मोदित जोशी ने बताया कि निर्माण कार्य लगभग 15 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

### एक साल से बंद पड़ा स्लाटर हाउस खुला

**नैनीताल।** करीब एक वर्ष से बंद पड़ा तल्लीताल स्थित स्लाटर हाउस फिर



से शुरू हो गया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के बाद नगर पालिका ने इसका संचालन शुरू कर दिया है। बीते वर्ष जून में निरीक्षण के दौरान कई खामियां मिलने पर स्लाटर हाउस बंद कर दिया गया था। इसके बाद नगर पालिका ने व्यवस्थाओं में सुधार कर आवश्यक मानकों को पूरा करने का दावा किया था। हाल ही में सभी औपचारिकताएं पूरी होने और जुर्माना जमा करने के बाद पीसीबी ने एनओसी जारी कर दी। मामले को लेकर ईओ नगर पालिका रोहिताश शर्मा ने बताया कि स्लाटर हाउस का संचालन पर्यावरणीय मानकों का पालन करते हुए किया जाएगा।

### पर्यटन सीज़न में पटरी से उतरी यातायात व्यवस्था

**नैनीताल।** पर्यटन सीजन शुरू होते ही नैनीताल की यातायात व्यवस्था पटरी से उतरती नजर आ रही है। शहर में लगातार लग रहे जाम से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। स्थिति यह है कि एंबुलेंस और दमकल जैसे आपातकालीन वाहन भी जाम में फंस रहे हैं। बीते सोमवार को जंगल की आग बुझाने जा रही दमकल विभाग की गाड़ी कोतवाली क्षेत्र में जाम में फंस गई थी। वहीं मंगलवार को मालरोड पर लगे जाम में बीडी पांडे अस्पताल से मरीज को हल्द्वानी ले जा रही 108 एंबुलेंस करीब आधे घंटे तक फंसी रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष पर्यटन सीजन से पहले प्रशासन कई बैठकें करता है, लेकिन जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं नजर नहीं आतीं। लोगों ने पार्किंग, शटल सेवा, ट्रैफिक डायवर्जन और आपातकालीन वाहनों के लिए अलग कारिडोर की व्यवस्था करने की मांग उठाई है। एसपी यातायात एवं अपराध डा. जगदीश चंद्र ने कहा कि सड़क किनारे खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। वन-वे व्यवस्था में गलत दिशा से आने वाले वाहनों को रोका जा रहा है और अस्थायी पार्किंग स्थलों से शटल सेवा के जरिए पर्यटकों को शहर भेजा जा रहा है।

## आपसी भाईचारे के लिए आगे आए लोग

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** नैनीताल में आपसी भाईचारे की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए स्थानीय नागरिकों के एक समूह ने आयुक्त दीपक रावत से मुलाकात की और ईद उल अधा की नमाज डीएसए ग्राउंड में अदा कराने को लेकर ज्ञापन सौंपा। नागरिकों ने कहा




कि शहर हमेशा से साम्प्रदायिक सौहार्द का उदाहरण रहा है, जहां सभी धर्मों के पर्व मिलजुलकर मनाए जाते हैं। शिष्टमंडल ने बताया कि ब्रिटिश काल से फ्लैट्स मैदान मल्लीताल सभी समुदायों के धार्मिक आयोजनों का साझा स्थल रहा है। ईद की नमाज भी लंबे समय से यहीं अदा की जाती रही है और इसके बाद सौहार्दपूर्ण ईद मिलन कार्यक्रम आयोजित होता है। नागरिकों के अनुसार इस बार समाचारों के जरिये जानकारी मिली कि फ्लैट्स मैदान में नमाज की अनुमति नहीं दी गई है, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता है। नागरिकों ने आयुक्त से अनुरोध किया कि 28 मई को होने वाली नमाज के लिए फ्लैट्स मैदान मल्लीताल को पूर्व की तरह उपलब्ध कराया जाए ताकि शहर की पुरानी परंपरा बिना किसी व्यवधान के जारी रह सके। उन्होंने कहा कि इससे कानून-व्यवस्था पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

## अदालत का फैसला सौहार्दपूर्ण ताने-बाने की पुष्टि: टंडन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** ईद की नमाज़ को लेकर सोमवार को आए उच्च न्यायालय के निर्णय ने शहर के माहौल में खुशी और राहत दोनों बढ़ा दी हैं। अदालत ने 27 मई 2026 को सुनाए अपने आदेश में फ्लैट्स मैदान में मुस्लिम समुदाय को नमाज़ अदा करने की अनुमति दी, जिसके बाद स्थानीय स्तर पर इसे सद्भाव और भाईचारे



को मजबूत करने वाला कदम माना जा रहा है। माँ नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि न्यायालय ने शहर की आपसी एकता और सामूहिक संस्कृति को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष पुनीत टंडन ने बताया कि यह आदेश सिर्फ धार्मिक कार्यक्रम की अनुमति भर नहीं है, बल्कि नैनीताल के सौहार्दपूर्ण सामाजिक ताने-बाने की पुष्टि भी है, जिसे सभी समुदाय मिलकर वर्षों से संभाले हुए हैं। फैसले के बाद मुस्लिम समुदाय में खुशी का माहौल है और कई लोगों ने इसे ईद से पहले मिला एक बड़ा उपहार बताया। व्यापार मंडल की ओर से सभी मुस्लिम परिवारों को ईद की अग्रिम शुभकामनाएं भी दी गईं। टंडन ने कहा कि जिस तरह नैनीताल एकजुटता और मेल-जोल की मिसाल बनकर हमेशा आगे रहा है, यह आदेश उसी परंपरा को आगे ले जाने वाला है।

# कांग्रेस को सत्ता दिलाएगी कार्यकर्ताओं की एकजुटता

## हरीश रावत ने कालाढूंगी में किया 2027 में कांग्रेस सरकार आने का दावा

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**कालाढूंगी।** उत्तराखंड प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने कालाढूंगी पहुंचकर नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष संतोष पांडे को अपना आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान उन्होंने मौजूद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की एकजुटता ही कांग्रेस को सत्ता तक पहुंचाएगी। उन्होंने कहा 2027 के चुनाव में उत्तराखंड में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। जनता भाजपा की जन विरोधी नीतियों से तंग आ चुकी है जिसके चलते इस बार जनता कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए उतावली है। हरीश रावत ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश को बांटने का काम किया है भाजपा सरकार सिर्फ हिंदू-मुस्लिम के मुद्दे को लेकर ही चुनावी मैदान में उतरती है और जीतने



के बाद 5 साल तक इन्हीं मुद्दों पर ही कार्य करती है। भाजपा सरकार को विकास कार्यों से कोई भी सरोकार नहीं है। कांग्रेस पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो सर्व समाज को साथ लेकर चलती है। साथ ही विकास कार्यों को भी प्रगति देती है। बेरोजगारी को दूर करती है। आज भाजपा सरकार में बेरोजगारी इतनी बढ़ चुकी है कि देश का युवा नशे की गिरफ्त में पूरी तरह से जकड़ चुका है। यह सिर्फ बेरोजगारी का ही कारण है। उन्होंने कहा अगर कांग्रेस की सरकार सत्ता में आई तो वह प्रदेश के बेरा. ेजगार युवाओं के लिए ठोस नीति बनाएंगे। उन्होंने कहा कि इस बार कालाढूंगी विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी ही जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने सभी कांग्रेस का कार्यकर्ताओं को एकजुट होने की बात कही। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अरनव कंबोज, कालाढूंगी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष पांडे, हल्द्वानी के पूर्व ब्लाक प्रमुख भोला भट्ट, पूर्व राज्य मंत्री रमेश पांडे, वरिष्ठ कांग्रेसी राज. कुमार पांडे, महिला कांग्रेस कमेटी की नगर अध्यक्ष रंजीत कौर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दीप सती, पूर्व कैप्टन बाला दत्त भट्ट, कमल अधिकारी, नीरज तिवारी, रोहित बुधलाकोठी, प्रताप सिंह सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के उपरांत पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत वरिष्ठ कांग्रेसी नेता स्वर्गीय जीवन लाल के आवास पहुंचकर उनके परि. जनों से मिले और दुख व्यक्त करते हुए शोक संवेदना जताई।

## दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन के दबाव के आरोपी की जमानत खारिज

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रशांत जोशी की अदालत ने भवाली क्षेत्र की युवती को बहला-फुसलाकर उत्तर प्रदेश ले जाने, दुष्कर्म करने, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने के आरोपी सुहैल की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। अभियोजन के अनुसार भवाली थाना क्षेत्र के खैरना-गरमपानी निवासी व्यक्ति ने फरवरी 2026 में पुत्री के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि आरोपी युवती को बिजनौर ले गया और वहां किराये के मकान में रखकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने बयान में आरोप लगाया कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर संबंध बनाए, अश्लील वीडियो तैयार किए और उन्हें वायरल करने की धमकी देकर पैसे मांगता था। साथ ही धर्म परिवर्तन कर कलमा पढ़ने का दबाव भी बनाया जाता था। मामले में अभियोजन पक्ष ने जमानत का विरोध करते हुए आरो. ेपी पर गंभीर धाराओं और उत्तराखंड धार्मिक स्वतंत्रता अधि. नियम के तहत मुकदमा दर्ज होने की जानकारी अदालत को दी। अदालत ने मामले को गंभीर मानते हुए कहा कि आरोपी को जमानत देने पर पीड़िता और गवाहों को प्रभावित करने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसके बाद अदालत ने आरोपी की जमानत याचिका निरस्त कर दी।

## जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल को मुख्यमंत्री धामी ने किया पुरस्कृत

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताला।** उदय शंकर नृत्य एवं संगीत अकादमी अल्मोड़ा में बुधवार को आयोजित राज्य स्तरीय एसडीजी एचीवर्स अवार्ड समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 32 संस्थानों, संगठनों एवं व्यक्तियों और जिला स्तरीय सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) वार्षिक रैंकिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छह जनपदों को पुरस्कृत किया। इसमें नैनीताल जनपद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने नैनीताल के जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल को पुरस्कार से सम्मानित करते हुए बधाई दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह अवसर उन व्यक्तित्वों एवं संस्थाओं को सम्मानित करने का है, जिन्होंने समाजहित में अनुकरणीय कार्य करते हुए सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद मजबूत संकल्प और परिश्रम से असाधारण उपलब्धियां प्राप्त की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि एक समय नीति आयोग के एसडीजी इंडिया इंडेक्स में उत्तराखंड 10वें स्थान पर था, जबकि अब राज्य देश में प्रथम स्थान पर पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार सुशासन, सीमांत क्षेत्रों के विकास, सड़क, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार पर लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की जीडीपी में 7.23 प्रतिशत की वृद्धि तथा प्रति व्यक्ति आय में 4.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। साथ ही बेरा. ेजगारी दर में 4.4 प्रतिशत की कमी लाकर उत्तराखंड ने राष्ट्रीय औसत से बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि उद्योग, स्टार्टअप, हेलीकॉप्टर सेवा, हाईवे निर्माण तथा ग्रीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों में हुए सकारात्मक बदलावों से रिवर्स पलायन को भी बढ़ावा मिला है। बताया गया कि समारोह में घोषित जिला स्तरीय एसडीजी वार्षिक रैंकिंग में रुद्रप्रयाग को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। उत्तरकाशी एवं नैनीताल संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे।

## सरस्वती विहार में शतरंज व बैडमिंटन शुरू

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार में तीन दिवसीय प्रांतीय शतरंज एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता का बुधवार को शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए खेल भावना एवं अनुशासन का परिचय दिया। विद्यालय परिसर में आयोजित उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं अतिथियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास एवं राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण आधार हैं। उन्होंने कहा कि खेलों से विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना का विकास होता है। वही बैडमिंटन एवं शतरंज की विभिन्न आयु वर्ग की स्पर्धाएं प्रारम्भ हुईं, जिनमें प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के उत्साह एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना से प्रतियोगिता रोमांचक बनी रही। उद्घाटन समारोह में विद्यालय के उपप्रधानाचार्य उमेश, चंदन, सुरेंद्र, नरेंद्र, विक्रांत, समीर, निपेन्द्र एवं जितेंद्र सहित अनेक शिक्षक, प्रशिक्षक एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पीक पर नैनीताल का पर्यटन सीज़न

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में पर्यटन सीजन अब चरम पर पहुंचने लगा है। बुधवार को नगर के अधिकांश होटल, होम स्टे व गेस्ट हाउस पूरी तरह पैक रहे। मैदानी इलाकों में बढ़ती गर्मी हीट बेव के चलते पर्यटक बड़ी संख्या में पर्वतीय क्षेत्रों का रुख कर रहे हैं। नैनीताल में लगातार बढ़ रही पर्यटकों की आमद से पर्यटन कारोबार में भी रौनक लौट आई है। नगर के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर दिनभर भारी भीड़ देखने को मिली। बुधवार को सात हजार से अधिक पर्यटकों के पहुंचने से शहर की पार्किंग व्यवस्थाएं पूरी तरह भर गईं। पार्किंग स्थलों के अभाव में शहर की यातायात व्यवस्था भी प्रभावित रही। मस्जिद चौराहा, चिड़ियाघर रोड और मेट्रोपोल रोड पर कई बार जाम



की स्थिति बनी रही, जबकि हल्द्वानी, कालाढूंगी और भवाली मार्ग पर वाहन रेंगते नजर आए। पर्यटकों की भीड़ का असर नगर के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भी दिखाई दिया। स्नो व्यू, हिमालय दर्शन, वाटरफाल, केव गार्डन, चिड़ियाघर और अन्य दर्शनीय स्थलों पर दिनभर सैलानियों का जमावड़ा लगा रहा। मालरोड पूरी तरह पर्यटकों से गुलजार रही, जबकि नैनी झील में नौकायन के लिए भी पर्यटकों की लंबी कतारें लगी रहीं। पर्यटकों की बढ़ती संख्या के साथ ही होटल कारोबा. रियों ने कमरों के किराए में भी भारी बढ़ोतरी कर दी है। वहीं टैक्सी चालकों पर भी मनमाना किराया वसूलने के आरोप लग रहे हैं। पर्यटन सीजन के चरम पर पहुंचने के साथ प्रशासन के सामने यातायात और पार्किंग व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना बड़ी चुनौती बन गया है।

# एमएल साह की स्मृति में मनाया पैटर्न्स डे

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठ स्कूल मोहनलाल साह बाल विद्या मंदिर में पूर्व




प्रबंधक मदनलाल साह की पुण्य स्मृति में बुधवार को पैटर्न्स डे मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से लेकर 6 तक के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी गई। स्वागत गीत, गणेश वंदना, रेट्रो डांस, कव्वाली व कुमाउनी लोक गीत व नृत्य की धूम रही। छात्राओं ने अंग्रेजी नाटक सिंड्रेला और सामाजिक विषयों पर नृत्य नाटिका का प्रदर्शन किया गया। विद्यालय द्वारा छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर छात्रवृत्तियां भी प्रदान की गई। इस दौरान प्रधानाचार्या अनुपमा साह ने कहा शिक्षा के साथ सह शैक्षणिक गति. विधिया भी आवश्यक है। वही प्रबंधक विनय साह ने अतिथियों और उपस्थित लोगों का धन्यवाद किया गया संचालन लता पाठक ने किया। इस दौरान पद्मश्री अनूप साह, आलोक साह, सुनील साह, भरत लाल साह, मीता साह, गीता साह, मोनिता साह, दीपा साह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## पर्यटकों को महंगी पड़ गयी गलत दिशा

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में देर रात रॉन्ग साइड कार चलाना एक पर्यटक को भारी पड़ गया। पुलिस ने तेज रफ्तार और गलत दिशा में आ रही कार को रोककर चालक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात मल्लीताल मस्जिद तिराहे पर पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान मेट्रोपोल क्षेत्र की ओर से एक कार गलत दिशा में तेज गति से मस्जिद की ओर आती दिखाई दी। पुलिस कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को रुकवा लिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान कार सवार युवक पुलिस से छोड़ देने का अनुरोध करते हुए आगे बढ़ने लगे, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने उन्हें रोक लिया और वाहन के दस्तावेजों की जांच की। एसआई मो. यूनुस ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर जयपुर, राजस्थान निवासी राकेश कुमार यादव का चालान किया।

# आबादी क्षेत्रों में पहुंची जंगलों की आग

## घरों की ओर लपटें आती देख मचा हड़कंप

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** पर्यटक नगरी नैनीताल में जंगलों की आग अब सीधे आबादी तक पहुंचने लगी है, लेकिन वन विभाग अब भी केवल दावों तक सीमित नजर आ रहा है। देर शाम तल्लीताल के कृष्णापुर क्षेत्र में जंगल में लगी आग तेज हवाओं के साथ फैलते हुए आवासीय इलाके तक पहुंच गई। आग को घरों की ओर बढ़ता देख क्षेत्र में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोग खुद बाल्टियों व टहनियों के सहारे आग बुझाने में जुट गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रात करीब 8 बजे जंगल में आग भड़की और कुछ ही देर में तेज हवा के कारण आग बेकाबू हो गई, आग की लपटें आबादी के नजदीक पहुंचीं तो लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना के



बाद वन विभाग और दमकल की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक स्थानीय लोग खुद मोर्चा संभाल चुके थे। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद घरों की ओर बढ़ रही आग को रोका जा सका। कूड़ा खाद के निचले हिस्से में चीड़ के जंगल होने के कारण आग लगातार फैलती रही और रात 10 बजे तक वन संपदा जलती रही। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। आबादी से सटे जंगलों में फायर लाइन, निगरानी और त्वरित कार्रवाई की व्यवस्थाएं जमीन पर दिखाई नहीं दे रहीं। डीएफओ आकाश गंगवार ने बताया कि वन विभाग की टीम मौके पर मौजूद है और आबादी की ओर बढ़ रही आग को रोक लिया गया है। उन्होंने कहा कि तेज हवा के कारण आग बुझाने में दिक्कत आ रही है तथा आग लगाने वाले की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

## आगरा डायोसिस के सचिव बनने पर अमनदीप संधू का स्वागत



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** शेरवुड कॉलेज के प्रधानाचार्य अमनदीप संधू को आगरा डायोसिस का सचिव बनाए जाने पर जिला क्रीड़ा संघ ने मंगलवार को उनका स्वागत किया। महासचिव मनोज जोशी ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए कहा कि अमनदीप संधु ने प्रधानाचार्य के रूप में अद्वितीय भूमिका निभाई है। अब उनके पास सचिव का एक और दायित्व आने से जिम्मेदारियां बढ़ गई हैं और वह अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएगे। सचिव अमनदीप संधु ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित रूप जुड़े हैं। नगर हित में भी कार्य करेंगे। इस अवसर पर डीएसए के वॉलीबाल सचिव शैलेंद्र बरगली, एथलेटिक सचिव करन सती, हिमांशु जोशी, मनोज बिष्ट व विकास जोशी मौजूद थे।

# राजस्थान ने एसआर को 244 रन का टारगेट दिया

**हैदराबाद को पारी की दूसरी बाल पर झटका, सूर्यवंशी ने 97 रन की पारी खेली, क्रिस गेल का एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के जमाने का 14 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ा**



**न्यू चंडीगढ़, वार्ता।** राजस्थान रायल्स ने आईपीएल एलिमिनेटर में सनराइजर्स हैदराबाद को 244 रन का टारगेट दिया। मुल्लांपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह स्टेडियम में राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 243 रन बनाए।

जवाब में हैदराबाद ने 1 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 16 रन बना लिए हैं। ईशान किशन और ट्रैविस हेड क्रीज पर हैं। टीम को पारी की दूसरी ही बाल पर पहला झटका लगा। जोफ आर्चर ने अभिषेक शर्मा को आउट कर दिया। वैभव सूर्यवंशी ने सिर्फ 29 गेंदों पर 334.48 की स्ट्राइक रेट से 97 रन बनाए। उन्होंने पारी में 12 छक्के और 5 चौके लगाए। वैभव एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज भी बने। उन्होंने क्रिस गेल का 14 साल पुराना रिकार्ड तोड़ा। गेल ने 2012 में 59 छक्के लगाए थे, जबकि सूर्यवंशी इस सीजन 65 सिक्स जमा चुके हैं।

ध्रुव जुरेल ने अपनी सबसे तेज फिफ्टी लगाई। उन्होंने 20 गेंदों पर फिफ्टी पूरी की। जुरेल 51 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी में 5 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। वहीं, हैदराबाद के लिए प्रफुल हिंगे ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। आखिरी ओवर में हैदराबाद ने शानदार वापसी करते हुए सिर्फ 5 रन दिए। नांद्रे बर्गर रन आउट हो गए, जबकि रवींद्र जडेजा आखिर तक 12 रन बनाकर नाबाद रहे। राजस्थान की टीम 20 ओवर में 243/8 के स्कोर तक पहुंची। नीतीश रेड्डी ने शानदार ओवर डालते हुए सिर्फ 5 रन दिए और जोफ्रा आर्चर का विकेट भी लिया। आर्चर लो फुलटॉस पर बड़ा शाट लगाने गए, लेकिन गेंद लॉन्ग-ऑन पर गई जहां अभिषेक शर्मा ने बेहत. रीन कैच पकड़ लिया। दासुन शनाका ज्यादा देर टिक नहीं सके और 5 रन बनाकर आउट हो गए। ईशान मलिंगा की शार्ट गेंद पर बड़ा शाट लगाने की को. शिश में वह चूक गए और अभिषेक शर्मा ने लान्ग-आन पर आसान कैच पकड़ लिया। 16वें ओवर में रियान पराग की पारी का अंत हो गया। चोट के बावजूद बल्लेबाजी कर रहे पराग ने शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन हेनरिक क्लासन ने लान्ग-आन पर आसान कैच पकड़ लिया। प्रफुल हिंगे ने उन्हें 12 गेंदों में 26 रन पर आउट किया। ध्रुव जुरेल ने सिर्फ 20 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, लेकिन अगली ही गेंद पर प्रफुल हिंगे ने उन्हें आउट कर दिया। जुरेल 21 गेंदों में 50 रन बनाकर नीतीश रेड्डी के हाथों कैच आउट हुए। 14 ओवर के बाद राजस्थान का स्कोर 192/3 है। युवराज सिंह भी सूर्यवंशी की बल्लेबाजी के मुरीद हो गए। उन्होंने लिखा, बास बेबी ने दुनिया के दिग्गजों का रिकार्ड तोड़ दिया! यकीन करना मुश्किल है, इस बच्चे को बल्लेबाजी करते देखना शानदार है। ध्रुव जुरेल ने पैट कमिंस के ओवर में एक छक्का और दो चौके लगाए। इस ओवर में 17 रन बने। 12 ओवर के बाद राजस्थान का स्कोर 168/2 हो गया है। 11वें ओवर में यशस्वी जायसवाल 29 रन बनाकर आउट हो गए। शिवांग कुमार की गुगली पर जायसवाल ने लॉन्ग-ऑफ के ऊपर शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन अभिषेक शर्मा ने कैच पकड़ लिया। सूर्यवंशी 97 रन बनाकर आउट हो गए। उन्होंने प्रफुल हिंगे की गेंद पर थर्ड मैन के ऊपर शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन आर स्मरण ने शानदार कैच पकड़ लिया। सूर्यवंशी ने सिर्फ 29 गेंदों में 97 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 5 चौके और 12 छक्के शामिल रहे। सूर्यवंशी ने क्रिस गेल का एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के जमाने का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। गेल ने 2012 में 59 जमाए थे। सूर्यवंशी इस सीजन 65 छक्के जमा चुके हैं। सूर्यवंशी अपना अर्धशतक पूरा कर चुके हैं।

---

**खेल विशेष**

## जानिक सिनर व कोको गॉफ ने जीत से की शुरुआत

**पेरिस, वार्ता।** विश्व के नंबर एक खिलाघी जानिक सिनर ने फ्रेंच वाइल्डकार्ड क्लेमेंट टैबुर के खिलाफ पहले राउंड में 6-1, 6-3, 6-4 से शानदार जीत दर्ज करके यह साबित कर दिया कि वह इस साल का फ्रेंच ओपन जीतने के सबसे बड़े दावेदार क्यों हैं। मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज के चोट के कारण बाहर होने और 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच के शानदार करियर के अंतिम पड़ाव पर होने के कारण, सिनर 2009 में रौलां गैरो में राफेल नडाल के बाद किसी भी बड़े टूर्नामेंट (मेजर) में जीत के लिए सबसे बड़े दावेदार बन गए हैं। इस बीच पिछली महिला चैम्पियन कोको गॉफ ने अपने फ्रेंच ओपन टाइटल डिफेंस की रोमांचक शुरुआत में कई मुश्किलों का सामना किया, पहले राउंड में जीत हासिल करने से पहले उन्हें एक छोटा कार एक्सीडेंट और ड्रेस में खराबी जैसी समस्याओं से निपटना पड़ा।

## एलिस आयरलैंड की टी-20 विश्व कप टीम में लॉरा डेलानी की जगह लेंगी

**डुबलिन (आयरलैंड), वार्ता।** अठारह साल की एलिस टेक्टर को आगामी महिला टी-20 विश्वकप के लिए आयरलैंड की टीम में चोटिल लॉरा डेलानी की जगह शामिल किया गया है। डेलानी की चोट कैसी है, यह अभी पता नहीं चला है, लेकिन यह इतनी गंभीर है कि वह टूर्नामेंट और वेस्ट इंडीज और पाकिस्तान के बीच 28 मई से शुरू होने वाली ट्राई-सीरीज से बाहर हो सकती हैं। डेलानी का न होना आयरलैंड के लिए एक बड़ा झटका है। 33 साल की यह खिलाड़ी देश की सबसे अनुभवी महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 132 मैच खेले हैं। उन्होंने इस प्रारुप में 1659 रन बनाए हैं और 96 विकेट लिए हैं, जो टीम के लिए उनकी ऑल-राउंड अहमियत को दिखाता है। वहीं टेक्टर ने अभी तक अपना टी-20 अंतर्राष्ट्रीय पर्दापण नहीं किया है, लेकिन 2024 में श्रीलंका के खिलाफ अपने डेब्यू के बाद से वह आयरलैंड के लिए पांच एकदिवसीय मैच खेल चुकी है।

## ऑस्ट्रेलियाई महिला हॉकी टीम ने भारत को 2.1 से हराया

**पर्थ, वार्ता।** भारत महिला हॉकी टीम को चार मैचों की मैत्री सीरीज करीबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। मंगलवार को खेले गए मुकाबले के पहले क्वार्टर में नवनीत कौर ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारतीय टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। भारतीय रक्षापंक्ति पहले हाफ में ज्यादातर समय मजबूत रहा और दूसरे क्वार्टर तक अपनी बढ़त बनाए रखी। हालांकि, दूसरे हाफ में मोमेंटम बदल गया जब ऑस्ट्रेलिया की एबी विल्सन ने दो पेनल्टी-कॉर्नर मौकों का फायदा उठाया।

---

# आरसीबी ने दिखाया नॉकआउट मैच में ऐसे प्रदर्शन की जरूरत होती है: कुंबले

**धर्मशाला, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने क्वालिफायर 1 में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 92 रनों की जीत के साथ आईपीएल के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। स्टार स्पोर्ट्स के 'अमूल क्रिकेट लाइव' पर जियो स्टार के एक्सपर्ट अनिल कुंबले ने आरस. ीबी की शानदार जीत का विश्लोण किया और रजत पाटीदार की बेहतरीन कप्तानी पर बात की।

कुंबले ने आरसीबी की जीत का विश्लोण करते हुए कहा, टॉस हारने के बाद, आरसीबी ने बोर्ड पर 254 रनों का विशाल स्कोर खड़ा करके अपना सर्वश्रेठ प्रदर्शन किया। किसी भी मैच में इतने रन बनाना मुश्किल होता है, लेकिन प्लेऑफ में ऐसा करना असली हिम्मत दिखाता है। पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी थी, लेकिन आरसीबी के बल्लेबाजों को फिर भी मैदान पर उतरकर अपना काम करना था। उन्होंने यह काम शानदार ढंग से किया, जिसमें रजत पाटीदार ने आगे बढ़कर कप्तानी की और विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल ने भी अच्छा योगदान दिया।



कुंबले ने कहा कि जब आरसीबी गेंदबाजी करने उतरी, तो उन्होंने जीटी के ओपनर्स को जमने नहीं दिया। उन्होंने कसी हुई लाइन पर गें. दबाजी की, दबाव बनाए रखा, और साई सुदर्शन के दुर्भाग्यपूर्ण आउट होने से उन्हें शुरुआती सफलता मिल गई। उस विकेट ने जीत के दरवाजे खोल दिए। वहां से, आरसीबी के गेंदबाजों ने मैच पर पूरी तरह से नियंत्रण कर लिया। यह शुरू से लेकर अंत तक एक बेहत. रीन प्रदर्शन था। गेंदबाजी, बल्लेबाजी, फील्डिग - उस रात आरसीबी के लिए सब कुछ एकदम सही रहा। वे सिर्फ जीते ही नहीं, उन्होंने एक बयान दिया है। नॉकआउट मैच में आपको इसी तरह के प्रदर्शन की जरूरत होती है।

रजत पाटीदार की पारी और कप्तानी पर कुंबले ने कहा कि एक खिलाड़ी अपने साथियों का सम्मान तब कमाता है, जब वह बड़े मैच में अच्छा प्रदर्शन करता है। रजत पाटीदार ने ठीक यही किया है। यह पहला क्वालिफायर आरस. ीबी के लिए बहुत बड़ा मैच था। पहला क्वालिफायर जीतकर सीधे फाइनल में पहुंचने से आपको बहुत बड़ा फायदा मिलता है। तीन या चार दिन का आराम खिलाड़ियों को मान. सिक और शारीरिक रूप से ठीक होने का मौका देता है। उन्होंने कहा कि पहला क्वालिफायर जीतने का यही एक बड़ा फायदा है।

# पर्पल कैप की रेस में अभी भी कर्गिसो रबाडा से आगे हैं भुवनेश्वर कुमार

**पर्पल कैप लीडरबोर्ड भुवनेश्वर व कर्गिसो रबाडा इस मैच की शुरुआत लीग में सर्वाधिक 24-24 विकेट के साथ कर रहे थे**



**धर्मशाला, वार्ता।** क्वालिफायर-1 एकतरफा मुक. ाबला रहा, जहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुजरात टाइटंस (जीटी) को 92 रन से रौंदकर आईपीएल 2026 के फाइनल का टिकट हासिल कर लिया। लेकिन मुकाबले के भीतर चल रही लड़ाइयों, खासकर ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की दौड़ में काफी रोमांच देखने को मिला। पर्पल कैप लीडरबोर्ड भुवनेश्वर कुमार और कर्गिसो रबाडा इस मैच की शुरुआत लीग में सर्वाधिक 24-24 विकेट के साथ कर रहे थे। मुकाबला खत्म होने तक दोनों के खाते में 26-26 विकेट हो गए। रबाडा ने पहले वार किया। उन्होंने दूसरे ओवर में वेंकटेश अय्यर का विकेट लिया और बाद में 17वें ओवर में क्रुणाल पंड्या को भी आउट किया। हालांकि, यह रात उनके लिए ज्यादा सुखद नहीं रही क्योंकि वह जीटी के सबसे महंगे गेंदबाजों में से एक रहे। उन्होंने चार ओवर में 54 रन दिए और उनकी इकॉनमी 13-50 रही। भुवनेश्वर का दिन इससे कहीं बेहतर रहा। शुभमन गिल चौथे ओवर में उनका शिकार बने और फिर 19वें ओवर में उन्होंने राहुल तेवतिया को आउट कर 2/28 के आंकड़े के साथ मैच को खत्म किया। दोनों गेंदबाजों की इकॉनमी में अंतर कोई चौंकाने वाली बात नहीं थी। इस सीजन में भुवनेश्वर ने 8.00 की इकॉनमी से रन दिए हैं, जबकि रबाडा की इकॉनमी 9.48 रही है। यही वजह है कि पर्पल कैप अभी भी भुवनेश्वर के सिर पर है। बाकी गें. दबाजों में, जेसन होल्डर ने एक ही ओवर में विराट कोहली और देवदत्त पड़िक्कल को आउट कर दो विकेट लिए। इसके साथ ही वह सिर्फ नौ मैचों में इस सीजन में 15 विकेट तक पहुंच गए और फलिहाल 12वें स्थान पर आ गए हैं।

# सिनर और सबालेंका आगे बढ़े मेदवेदेव और पेगुला बाहर





**पेरिस, वार्ता।** पुरुषों और महिलाओं के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी जानिक सिनर और आर्यना सबालेंका 2026 फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में आसानी से पहुंच गए, जबकि दानिल मेदवेदेव और जेसिका पेगुला को पहले ही दौर में चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा।

सिनर ने फ्रेंच वाइल्डकार्ड क्लेमेंट टैबुर को 6.1, 6.3, 6.4 से आसानी से हरा दिया, जिससे उनकी जीत का सिलसिला 30 मैचों तक पहुंच गया। मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज के चोट के कारण टूर्नामेंट से हटने के बाद, यह इतालवी खिलाड़ी खिताब का सबसे बड़ा दावेदार बन गया था।

सिनर ने कोर्ट पर दिए अपने इंटरव्यू में कहा, मैं यहां वापस आकर बहुत खुश हूं। यह एक बहुत ही खास जगह है और यहां मेरी बहुत अच्छी यादें जुड़ी हैं। पहले दौर के मैच कभी भी आसान नहीं होते, लेकिन रात के सत्र में टूर्नामेंट की शुरुआत करना और भी खास होता है, इसलिए आप सभी का यहां रुकने के लिए धन्यवाद। इस बीच, छठी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव को टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा झटका लगा, जब ऑस्ट्रेलियाई वाइल्डकार्ड एडम वाल्टन ने उन्हें पांच सेटों के एक रोमांचक मुकाबले में 6.2, 1.6, 6.1, 1.6, 6.4 से हरा दिया। सत्रह वर्षीय फ्रेंच वाइल्डकार्ड मोइज कौमे ने पूर्व यूएस ओपन चैंपियन मारिन सिलिच को 7.6 (4), 6.2, 6.1 से हराकर घरेलू दर्शकों में जबरदस्त उत्साह भर दिया।


**राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी**

रामपुर रोड, हल्द्वानी (नैनीताल), उत्तराखण्ड-263139

दूरभाष:-05946-255255, 255926 फैक्स: 05946-282578 वेबसाइट: www.gmchld.org

विज्ञापन संख्या:- 467/जीएमसी/नियु0 **वॉक-इन-इंटरव्यू** दिनांक-27.05.2026

राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी में संकाय सदस्यों/सुपर स्पेशिलिटी के संकाय सदस्य के रिक्त पदों पर संविदा पर नियुक्ति हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू दिनांक 11 जून 2026 (गुरुवार) को पूर्वान्ह-10.00 बजे से कार्यालय प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी, नैनीताल (उत्तराखण्ड) में आयोजित किया जायेगा। पदों की विस्तृत जानकारी हेतु राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी की वेबसाइट:-www.gmchld.com & www.medicaleducation.uk.gov.in देखें।

**प्राचार्य**
**राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी।**


---

## युकी भांबरी, एन श्रीराम बालाजी फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में

**रोम, वार्ता।** भारत के युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी ने अपने-अपने जोड़ीदों के साथ शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फ्रेंच ओपन 2026 टेनिस टूर्नामेंट के पुरा युगल के दूसरे दौर में जगह बना ली है। मंगलवार को खेले गए मुकाबले में युकी भांबरी और उनके जोड़ी न्यूजीलैंड के माइकल वीनस ने अर्जेंटीना के फांसिस्को सेरुंडोलो और मारियानो केस्टेलबोइम को 7-5, 6-2 से हराकर रोलैंड गैरोस के अगले राउंड में जगह बनाई। पहला सेट 11वें अहम गेम तक सर्व पर रहा।


**कार्यालय वसूली अधिकारी**
**ऋण वसूली अधिकरण- I, दिल्ली**
**चौथी मंजिल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001**

**TRC/85/2024** बिक्री उद्घोषणा सूचना

**पंजाब नेशनल बैंक बनाम वेरिफार ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड**

**बैंक और वित्तीय संस्थान बकाया ऋणों की वसूली अधिनियम, 1993 के साथ पठित आयकर अधिनियम, 1961 की दूसरी अनुसूची के नियम 38, 52(2) के तहत बिक्री की घोषणा**

**(सीडी-1) मैसर्स वेरिफार ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड,** पंजीकृत कार्यालय : 706, सिद्धार्थ बिल्डिंग, 96, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली - 110019 **इसके अलावा :** फ्लैट संख्या 207, द्वितीय तल, महागुन मॉर्फियस कॉम्पलेक्स, प्लॉट संख्या 4, ब्लॉक-ई, सेक्टर-50, नोएडा, **इसके अलावा :** सी-59, सेक्टर-63, नोएडा - 201307, **इसके अलावा :** एफ-19, बाबा आर्केड, सेक्टर-5, नोएडा - 201301

**(सीडी-2) उदय कुमार रैना,** निवासी : फ्लैट संख्या 207, द्वितीय तल, महागुन मॉर्फियस कॉम्पलेक्स, प्लॉट संख्या 4, ब्लॉक-ई, सेक्टर-50, नोएडा, **इसके अलावा :** सी-59, सेक्टर-63, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर - 201301, **इसके अलावा :** एफ-19, बाबा आर्केड, प्रथम तल, सेक्टर-5, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर - 201301। **इसके अलावा :** प्लॉट संख्या आर-2, मॉडल टाउन, दिल्ली।

**(सीडी-3) बृजेश कुमार शर्मा, पुत्र श्री शेर सिंह शर्मा,** 1/10918-ए, गली संख्या 6, सुभाष पार्क, शाहदरा, दिल्ली - 110032, **इसके अलावा:** ए-55, सिविल लाइन्स, देहरादून, उत्तराखंड

**(सीडी-4) रमेश भट्ट पुत्र श्री द्वारिका नाथ भट्ट,** एल-370-ए, सेक्टर-12, प्रताप विहार, विजय नगर, गाजियाबाद - 201010।

**(सीडी-5) मैसर्स विपुला विनी ओवरसीज लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालय :** 706, सिद्धार्थ बिल्डिंग, 96, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली - 110019। **इसके अलावा:** मौजा विक्रमपुर, खसरा संख्या 270/3/4, तहसील बाजपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड - 262401, **इसके अलावा :** 407, टॉप फ्लोर, 5/66, के.सी. हाउस, पदम सिंह रोड, करोल बाग, नई दिल्ली - 110005।

**(सीडी-6) विपुला रैना, निवासी :** फ्लैट संख्या 207, द्वितीय तल, महागुन मॉर्फियस कॉम्पलेक्स, प्लॉट संख्या 4, ब्लॉक-ई, सेक्टर-50, नोएडा। **इसके अलावा :** सी-59, सेक्टर-63, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर - 201301। **इसके अलावा :** एफ-19, बाबा आर्केड, प्रथम तल, सेक्टर-5, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर - 201301। **इसके अलावा :** प्लॉट संख्या आर-2, मॉडल टाउन, दिल्ली।

उल्लिखित संपत्ति को दिनांक **06.07.2026** को सार्वजनिक ई-नीलामी द्वारा बेचा जाएगा, ताकि **मैसर्स वेरिफार ओवरसीज प्रा. लि.** से वसूली प्रमाण-पत्र के अनुसार माननीय पीठासीन अधिकारी, डीआरटी- I द्वारा निर्धारित देय राशि **रू. 2,28,20,820.00 (रुपये दो करोड़ अट्ठाईस लाख बीस हजार आठ सौ बीस मात्र)** तथा उस पर देय ब्याज एवं लागत (यदि कोई राशि पूर्व में वसूल की जा चुकी हो तो उसे घटाकर) की वसूली की जा सके।

संपत्ति का विवरण

| लॉट की संख्या | बेची जाने वाली संपत्ति का विवरण, जिसमें सह-स्वामियों के नाम भी शामिल हों-विशेषकर तब, जब संपत्ति किसी डिफॉल्टर और किसी अन्य व्यक्ति की संयुक्त स्वामित्व में हो | संपत्ति या उसके किसी भाग पर निर्धारित राजस्व | किसी अन्य ऋणभार का विवरण, जिसके अधीन संपत्ति है | मूल्यांकन मे, यदि कोई हो, तो प्रमाणपत्र कर्जदार द्वारा दिया गया मूल्यांकन भी बताया जाएगा | संपत्ति के संबंध में, यदि कोई दावे प्रस्तुत किए गए है, और इसकी प्रकृति तथा मूल्य से संबंधित कोई अन्य ज्ञात विवरण | आरक्षित मूल्य जिसके नीचे सम्पत्ति नही बेची जाएगी | आरक्षित मूल्य का 10% या राउण्ड ऑफ ईएमडी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. |
| 1. | औद्योगिक भूखंड पर स्थित संपत्ति, क्षेत्रफल 1.096 हेक्टेयर जिसका खासरा नंबर 270/3/4 गांव विक्रमपुर, तहसील बाजपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखंड में स्थित है। | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं | रू. 76,33,000.00 | रू. 7.70 लाख |

1. नीलामी/बोली केवल ई-नीलामी वेबसाइट अर्थात https://baanknet.com के माध्यम से ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बोली के माध्यम से होगी।
2. इच्छुक बोलीदाताओं को ई-नीलामी में भाग लेने के लिए सेवा प्रदाता के साथ पहले से ही पंजीकरण कराना चाहिए और यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करना चाहिए। यह केवल तभी प्राप्त किया जा सकता है जब अपेक्षित धरोहर राशि निर्धारित मोड में जमा की जाती है।
3. **ईएमडी 02.07.2026 को शाम 05:00 बजे तक वॉलेट/बैंक एसेट ऑक्शन नेटवर्क (BAANKNET)** https://baanknet.com पर जमा की जाएगी। उसके बाद जमा की गई ईएमडी को ई-नीलामी में भाग लेने हेतु विचार नहीं किया जाएगा।
4. उपरोक्त के अतिरिक्त, कंपनी के मामले में पैन कार्ड की प्रति, पता प्रमाण एवं पहचान प्रमाण, ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर, कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा पारित बोर्ड प्रस्ताव की प्रति अथवा कंपनी के प्रतिनिधित्व/अटॉर्नी की पुष्टि करने वाले किसी अन्य दस्तावेज की प्रति तथा ईएमडी जमा राशि की रसीद/काउंटर फाइल **02.07.2026** को शाम 05:00 बजे तक स्कैन कर ई-नीलामी वेबसाइट के माध्यम से सेवा प्रदाता के पास पहुँच जानी चाहिए। ईएमडी जमा रसीदों की हार्ड कॉपी भी **वसूली अधिकारी- I I, डीआरटी- I, दिल्ली के कार्यालय में 02.07.2026** तक पहुँच जानी चाहिए। यही भी माना जाता है कि असफल बोलीदाताओं की धरोहर राशि भुगतान के उसी तरीके के माध्यम से ऐसे बोलीदाताओं के संबंधित खातों में वापस कर दी जाएगी।
5. संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता से ऑनलाइन प्रशिक्षण का लाभ उठा सकते हैं।

| | |
|---|---|
| नीलामी एजेंसी का नाम | बैंक एसेट ऑक्शन नेटवर्क (BAANKNET) |
| संपर्क व्यक्ति | श्री उदय जाधव (बैंकनेट के प्राधिकृत अधिकारी) |
| हेल्पलाइन नं | +91-9820878255 |
| हेल्पलाइन ई-मेल पता | Support.BAANKNET@psballiance.com |
| बैंक अधिकारी | ओम प्रकाश भालोटिया, मुख्य प्रबंधक, मोबाइलः 9453035426 |

6. संबंधित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपनी बोली जमा करने से पहले बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तें तथा प्रक्रिया के लिए वेबसाइट https://baanknet.com पर जाएं।
7. संपत्ति आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जाएगी।
8. संपत्ति उपरोक्त लॉट में उल्लिखित आरक्षित मूल्य के साथ एक (01) लॉट में बेची जाएगी।
9. बोलीदाताओं को संपूर्ण नीलामी अवधि के दौरान रू.1,00,000/- के गुणकों में ऑफर बढ़ा सकेंगे।
10. संपत्ति **"जहां है जैसी है"** के आधार पर बेची जाएगी और ई-नीलामी एजेंसी की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित अन्य नियमों और शर्तों के अधीन होगी।
11. उच्चतम बालीदाता को अपनी अंतिम बोली राशि का 25% वॉलेट बैंक एसेट ऑक्शन नेटवर्क (BAANKNET) https://baanknet.com में पहले से भुगतान की गई ईएमडी के समायोजन के बाद तत्काल अगले बैंक कार्य दिवस शाम 4:00 बजे तक वसूली अधिकारी, डीआरटी- I, दिल्ली खाता टी.आर.सी. क्रमांक **85/2024** के पक्ष में डिमांड ड्रॉफ्ट/पे ऑर्डर के माध्यम से जमा करना होगा।
12. **सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता को संपत्ति की बिक्री की तारीख से 15वें दिन या उससे पहले बिक्री प्रतिफल राशि का शेष 75% जमा करना होगा। यदि 15वां दिन रविवार या अन्य अवकाश है, तो तत्काल पहले बैंक कार्य दिवस पर वसूली अधिकारी, डीआरटी- I, दिल्ली, खाता टी.ए.आर.सी. क्रमांक 85/2024 के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर के माध्यम से जमा करना होगा। उपरोक्त के अलावा, क्रेता को रजिस्ट्रार, डीआरटी- I, दिल्ली के पक्ष में बिक्री प्रतिफल राशि पर 1% पाउंडेज शुल्क (देखें नियम 10) भी जमा करना होगा। पाउंडेज शुल्क के लिए तैयार किया गया डीडी वसूली अधिकारी, डीआरटी- I, दिल्ली के कार्यालय में जमा किया जाएगा।**
13. यदि निर्धारित समय-सीमा के भीतर भुगतान नहीं किया जाता है, तो जमा की गई राशि (बिक्री के खर्चों को काटने के बाद) को, यदि अधिकृत अधिकारी उचित समझें, सरकारी खाते में जब्त किया जा सकता है तथा भुगतान में चूक करने वाला क्रेता उस संपत्ति या जमा की गई राशि पर अपने सभी दावों से वंचित हो जाएगा। बिक्री की नई घोषणा जारी करने के तुरंत बाद उस संपत्ति को पुनः बेच दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, खरीदार उस राशि की भरपाई करने के लिए भी उत्तरदायी होगा जो उसकी अंतिम बोली की राशि और बाद में जिस कीमत पर संपत्ति बेची गई है, उसके बीच के अंतर या कमी के रूप में सामने आती है।
14. **नीलामी का कार्यक्रम इस प्रकार है :-**

| | | |
|---|---|---|
| सभी माध्यम से नोटिस की सर्विस | 04.06.2026 | |
| सम्पत्ति का निरिक्षण | 19.06.2026 | दोपहर 1:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक |
| जमा धरोहर राशि के प्रमाण और नीलामी एजेंसी पोर्टल के दस्तावेज अपलोड करने के साथ भौतिक बोलियाँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 02.07.2026 | 05:00 बजे अप. तक |
| ई-नीलामी की तिथि एवं समय | 06.07.2026 | 12:00 बजे दोपहर से 1:00 बजे अप. |

15. वसूली अधिकारी के पास किसी भी बोली या बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने, अथवा बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी को स्थगित या रद्द करने का पूर्ण अधिकार हे।

इस अधिकरण की मुहर के साथ, मेरे हस्ताक्षर के अधीन, दिनांक **07.05.2026** को जारी किया गया।

हस्ता/-
**निरंजन शर्मा,**
**वसूली अधिकारी- I I,**
**ऋण वसूली अधिकरण- I, दिल्ली**

# प्रदूषण विभाग की लंढौरा क्षेत्र में छापेमारी
# रबड़ फूंकने पर तीन ईट भट्टे किए सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** ईट भट्टों पर प्रतिबंधित ईधन इस्तेमाल करने को लेकर मिल रही शिकायतों पर पॉल्यूशन विभाग की टीम ने लंढौरा और भगवानपुर चंदनपुर क्षेत्र में ईट भट्टों पर छापेमारी की कार्रवाई के दौरान तीन ईट भट्टों पर रबड़ का इस्तेमाल करते पाए जाने पर तीनों भट्ठों को सील कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार लंढौरा और मंगलौर क्षेत्र में सौ से अधिक ईट भट्ठे संचालित है। अधिकतर भट्टे आबादी से सटे हुए है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि अधिकतर भट्ठों पर कोयले की जगह लकड़ी के साथ रबर और प्लास्टिक को फूंक कर ईटे बनाई जाती है। जैनपुर झंझेड़ी के ग्रामीणों ने मामले की शिकायत जवाइंट मजिस्ट्रेट से की थी। बुधवार को पॉल्यूशन विभाग की टीम ने छापामार अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान लंढौरा क्षेत्र में दो और भगवानपुर चंदनपुर क्षेत्र में एक ईट भट्ठे पर रबर और प्लास्टिक जलाने के मामला पकड़ा गया है। पॉल्यूशन विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी राजेंद्र सिंह कठैत ने बताया कि तीनों भट्ठों को सील कर दिया गया है। उनका कहना है



कि रबर और प्लास्टिक जलाने वाले भट्टों पर लगातार कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान रबर जलाने वाले भट्ठा स्वामियों में हड़कंप मचा रहा। टीम में सुनील डबराल, नवीन कार्की शामिल रहे।

# बिजली कनेक्शन काटने व मीटर उतारने पर हंगामा
## नपं प्रतिनिधियों व ऊर्जा निगम की टीम के बीच नोकझोंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** ऊर्जा निगम की ओर से सिंचाई विभाग की भूमि पर लगी अस्थायी दुकानों के बिजली कनेक्शन काटने और मीटर उतारने की कार्रवाई को लेकर बुधवार को जमकर हंगामा हो गया। नगर पंचायत प्रतिनिधियों और ऊर्जा निगम अधिकारियों के बीच घंटों तक नोकझोंक चली। बाद में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच वार्ता के बाद फिलहाल कार्रवाई स्थगित कर दी गई।

बुधवार को ऊर्जा निगम की उपखंड अधिकारी अनिता सैनी और अवर अभियंता गोपाल सैनी के नेतृत्व में टीम कलियर पहुंची। टीम ने अस्थायी दुकानों के बिजली कनेक्शन काटने शुरू कर दिए और कई दुकानों के मीटर भी उतार लिए। अचानक हुई कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया।मामले की जानकारी मिलते ही नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि सलीम अहमद, सभासद गुलफाम साबरी, डॉ. शहजाद, राशिद अली, नाजिम त्यागी, दिलबाग और मौसम अली समेत कई जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंच गए। उन्होंने ऊर्जा निगम अधिकारियों पर बिना नोटिस दिए कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए विरोध जताया। जनप्रतिनिधियों का कहना था कि ईद जैसे बड़े त्योहार से पहले और बिना नोटिस दिए दुकानदारों के कनेक्शन काटना उचित नही है।इस दौरान अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के




बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। चेयरमैन प्रतिनिधि सलीम अहमद ने दुकानों से उतारे गए मीटर को दुकानदारों को वापस कराए। स्थिति तनावपूर्ण होती देख उपखंड अधिकारी ने मामले की जानकारी अधिशासी अभियंता एके मिश्रा और पुलिस को दी।सूचना मिलने पर अधिशासी अभियंता और पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा दोनों पक्षों के बीच वार्ता हुई। बातचीत के बाद फिलहाल कनेक्शन काटने की कार्रवाई रोक दी गई। साथ ही नगर पंचायत प्रतिनिधियों को अस्थायी दुकानों से संबंधित दस्तावेज लेकर कुछ दिन बाद कार्यालय में वार्ता के लिए बुलाया गया है।चेयरमैन प्रतिनिधि सलीम अहमद ने कहा कि बिना सूचना के और नोटिस दिए बिना मीटर हटाने की कार्रवाई का विरोध किया गया है। पहले दुकानदारों को नोटिस दिया जाना चाहिए था। वहीं एसडीओ अनिता सैनी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर अस्थायी दुकानों पर लगे मीटर हटाने की कार्रवाई की जा रही थी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कुछ समय की मांग की है।

# सुराज सेवा दल की गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने व नशा तस्करों पर सख्त कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** बेडपुर चौक सुराज सेवा दल के पदाधिकारियों ने देश में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने और युवाओं को बर्बाद कर रहे नशे के कारोबार पर पूरी तरह रोक लगाने की पुरजोर मांग उठाई।

दल के प्रदेश सचिव इंतजार प्रधान पीरपुरा ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है, जहाँ सभी धर्मों के लोग मिल-जुलकर रहते हैं। एक बड़े समुदाय की आस्था सीधे तौर पर गोमाता से जुड़ी हुई है। गाय में करोड़ों लोगों की श्रद्धा विराजमान है, इसलिए इसका सम्मान होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि देश भर में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की जो मुहिम चल रही है, सुराज सेवा दल उसका पूर्ण समर्थन करता है। केंद्र सरकार को जनभावनाओं का आदर करते हुए अविलंब गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई भी व्यक्ति गाय के साथ क्रूरता करता है या गोवंश के वध में लिप्त पाया जाता है, तो सुराज सेवा दल उसके खिलाफ सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगा उन्होंने क्षेत्र में तेजी से फैल रहे नशे के जाल पर भी गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि स्मैक, चरस और अन्य नशीले पदार्थ हमारी आने वाली नस्लों और युवाओं के भविष्य को पूरी तरह बर्बाद कर रहे हैं। सुराज सेवा दल ने पुलिस और प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में सक्रिय नशा तस्करों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए, ताकि युवाओं को इस दलदल से बचाया जा सके। इस अवसर पर दल के वरिष्ठ नेता रईस अहमद सहित कई कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## विधानसभा चुनाव से पहले बहुजन समाज पार्टी में फेरबदल
# अनिल चौधरी बने बसपा प्रदेश अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को देखते हुए बहुजन समाज पार्टी ने उत्तराखंड प्रदेश संगठन में बड़ा उलटफेर किया है। बसपा सुप्रीमो मायावती द्वारा अनिल कुमार को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है,इसके साथ ही प्रदेश महासचिव प्रदीप कुमार एवं जिलाध्यक्ष मदनपाल को नियुक्त किया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

रुड़की प्रीत विहार कॉलोनी स्थित बसपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ नेताओं का जोरदार स्वागत किया। अनिल कुमार ने बसपा अध्यक्ष मायावती का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की रीति नीति को आगे बढ़ाते हुए मजबूती के साथ काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी आगामी चुनावों से पूर्व संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

नवनियुक्त प्रदेश महासचिव चौधरी प्रदीप कुमार एवं जिलाध्यक्ष हरिद्वार अध्यक्ष मदन पाल ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे बसपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को



साथ लेकर पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव में मजबूत स्थिति में पहुंचाने के लिए लगातार मेहनत की जाएगी। इस अवसर पर भगवानपुर विधानसभा प्रभारी विनोद जयंत,विधानसभा प्रभारी रुड़की एवं झबरेड़ा सोहनवीर सिंह, रामलाल पटेल,धनराज, तेलूराम, रहतु सिंह, चौधरी संजय,लियाकत,तुलसीराम मौर्य,धनराज वर्मा,सोनी कुमार,सद्दाम,शहनवाज त्यागी,मेनपाल,आजादवीर आदि लोग मौजूद रहे।

# बाल विवाह मामले में बड़ी कार्रवाई
# नाबालिग का गर्भवती होने पर हुआ खुलासा, केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** पुलिस ने बाल विवाह के एक मामले में बड़ी कार्रवाई की है। 14 साल की नाबालिग की अवैध शादी का खुलासा तब हुआ जब वह अस्पताल में गर्भवती पाई गई। अस्पताल से सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई। जांच में शादी गैरकानूनी मिली। पुलिस ने तुरंत आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया और ससुराल व मायके पक्ष पर भी केस दर्ज किया।

एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने साफ कहा कि बाल विवाह अपराध है। इसमें शामिल हर व्यक्ति पर सख्त धाराओं में कार्रवाई होगी। पुलिस अब शादी कराने वाले लोगों की तलाश कर रही है। मंगलौर में बाल विवाह कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ाने का मामला सामने आया है। 14 साल की बच्ची की चोरी छिपे शादी करा दी गई। मामला तब खुला जब तबीयत खराब होने पर अस्पताल में उसके गर्भवती होने का पता चला। नियम के मुताबिक अस्पताल ने पुलिस को जानकारी दी। मंगलौर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट और बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत पति, ससुराल और मायके पक्ष पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी पति जेल भेज दिया गया है। एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने कहा कि नाबालिग से शादी गंभीर अपराध है। इस केस को उदाहरण बनाया जाएगा ताकि आगे कोई ऐसी हिम्मत न करे। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पति को गिरफ्तार कर लिया है। शादी कराने में शामिल ससुराल और मायके के लोगों पर भी केस दर्ज हुआ है। एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने कहा कि समाज को जागरूक होने की जरूरत है। दोषियों पर इतनी सख्त कार्रवाई होगी कि नजीर बने।

# झबरेड़ा बस अड्डे पर अतिक्रमण 80 फीट की रोड हुई 20 फीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा के बस अड्डा अमर जवान चौक केआस पास दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण करने से 80 फुट चौडी सड़क लगभग बीस से पच्चीस फुट ही रह गई है। नगर पंचायत झबरेड़ा अधिशासी अधिकारी हर्षवर्धन रावत के नेतृत्व में बुधवार को कस्बे के मुख्य बाजार व बस अड्डा के आसपास से अतिक्रमण हटाया गया। कुछ दुकानदारों के चालान भी काटे गए। लोगों का कहना है कि नगर पंचायत कर्मचारीयों द्वारा अतिक्रमण हटाने के नाम पर दुकानदारों से 100 का चालान काटकर खानापूर्ति कर दी जाती है। यही स्थिति कस्बे के मुख्य बाजार की भी है। कस्बे में क्षेत्र वासियों द्वारा स्थाई रूप से अतिक्रमण को हटाने की मांग की गई है।

कस्बे से होकर निकलने वाले मुख्य सड़क मार्ग की चौड़ाई 80 फीट है। सड़क के दोनों और के दुकानदारों द्वारा सड़क मार्ग पर अतिक्रमण करने से कस्बे के बस अड्डा अमर जवान चौक के आसपास सड़क मार्ग की चौड़ाई घटकर लगभग बीस फीट ही रह गई है। मुख्य बाजार में भी दुकानदार अपनी दुकानों के आगे सब्जी वालों की फड लगवाते हैं जिससे अच्छी खासी चौड़ी सड़क छोटी हो जाती है। आसपास के गांव से बाजार में आने वाले अधिकतर लोग बाइक से सामान खरीदने के लिए कस्बे के बाजार में आते हैं। यह लोग भी अपनी बाइक सड़क पर खड़ी कर देते हैं जिससे कितनी ही बार मुख्य बाजार से पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। लोगों का कहना है कि समय-समय पर नगर पंचायत कर्मचारियों द्वारा अतिक्रमण हटाए जाने के नाम पर दुकानदारों व सब्जी तथा फल ठेली वालों से घ100 का चालान काट कर खाना पूर्ति कर देते हैं। कस्बे व क्षेत्र वासियों द्वारा स्थाई रूप से अतिक्रमण हटाने की मांग की गई है।

# रुड़की में 29 मई से फिर शुरू होगी एसआईआर की प्रक्रिया : जेएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की में में मतदाता सूची को शुद्ध और अपडेट करने के लिए प्रशासन ने बड़ी तैयारी शुरू कर दी है। 29 मई को एसआईआर की प्रक्रिया शुरू होगी जो 15 सितंबर तक चलेगी।

जॉइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद शेठ ने तहसील परिसर स्थित कार्यालय में पत्रकार वार्ता कर एसआईआर यानी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन अभियान की विस्तृत जानकारी दी। यह अभियान 29 मई से शुरू होकर 15 सितंबर तक चलेगा। जॉइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद शेठ ने बताया कि यह एक सामान्य लेकिन बेहद महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिसके तहत



सभी मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने बताया कि हस अभियान काउद्देश्य यह है कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से बाहर न रहे और गलत नामों को चिन्हित किया जा सके। उन्होंने बताया कि पूरी प्रक्रिया को तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण

❖बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे और जरूरत पड़ने पर फॉर्म नंबर 6 और 8 भरवाकर जमा कराएंगे

में कर्मचारियों और बीएलओ को ट्रेनिंग दी जाएगी। दूसरे चरण में बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे और जरूरत पड़ने पर फॉर्म नंबर 6 और 8 भरवाकर जमाने कराएंगे। तीसरे चरण में नोटिस जारी करने और सुनवाई की प्रक्रिया होगी।

## छह लावारिस बाइक बरामद

**लंढौरा।** पुलिस द्वारा गस्त के दौरान करीब आधा दर्जन लोग अपनी बाइक छोड़ मौके से भाग निकले पुलिस ने बाइकों को कब्जे में लेकर लावारिस में दाखिल कर दिया है।बुधवार की दोपहर उपनिरीक्षक महेश चंद्रा पुलिस टीम के साथ रुड़की-लक्सर मार्ग पर गस्त कर रहे थे। जैसे ही वह मिलाप ईट भट्टे के समीप पहुंचे तो पुलिस को देख कुछ लोग अपनी बाइकें छोड़ भाग निकले। चौकी प्रभारी अशोक सिरस्वाल ने बताया कि बाइकों को कब्जे में लावारिस में दाखिल कर दिया गया है। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल शूरवीर सिंह चौहान, कास्टेबल मनीष, होमगार्ड कमाल हैदर मौजूद रहे।

# बेड़पुर में दो ट्रॉली चोरी

**पिरान कलियर।** क्षेत्र के बेड़पुर में अलग-अलग स्थानों से दो ट्रालियां चोरी होने के मामले सामने आए हैं। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

कलियर थाना क्षेत्र के बेडपुर गांव निवासी अकरम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 मई को उसने अपने घर के बाहर खाली प्लॉट में अपनी बड़ी ट्राली खड़ी की थी। उसी दिन दोपहर करीब तीन बजे अज्ञात चोर ट्राली चोरी कर ले गए। काफी तलाश के बावजूद ट्राली का कोई सुराग नहीं लग पाया।वहीं दूसरा मामला बेडपुर चौक स्थित एक वेल्डिंग की दुकान का है। मरगूबपुर मुस्तफाबाद निवासी शमीम अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी दुकान के बाहर खड़ी करीब दो लाख रुपये कीमत की बड़ी ट्राली 14 मई की रात अज्ञात चोर चोरी कर ले गए है। पीड़ित ने आसपास काफी तलाश की लेकिन ट्राली का कोई पता नही चल सका। दोनों पीड़ितों ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर अज्ञात चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए ट्रालियां बरामद करने की मांग की है।

# वाल्मीकि घाट पर ध्वस्तीकरण नोटिस से लोगों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भगवान वाल्मीकि घाट पर सिंचाई विभाग द्वारा ध्वस्तीकरण का नोटिस चस्पा किए जाने के विरोध में वाल्मीकि समाज का एक प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को मांग पत्र सौंपते हुए कहा कि इस कार्रवाई से समस्त वाल्मीकि समाज की धार्मिक भावनाएं गहराई से आहत हुई हैं और समाज में भय तथा असंतोष का माहौल उत्पन्न हो गया है।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि भगवान वाल्मीकि घाट केवल एक स्थान नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था, सम्मान और धार्मिक पहचान का प्रतीक है। समाज के लोगों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस पवित्र स्थल पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई को वाल्मीकि समाज किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने बताया कि नोटिस लगाए जाने के बाद समाज में लगातार आक्रोश बढ़ रहा है और लोगों में भविष्य को लेकर चिंता बनी हुई है।

प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने समाज को आश्वस्त किया कि वाल्मीकि समाज की धार्मिक भावनाओं का पूरा सम्मान किया जाएगा तथा मामले का न्यायपूर्ण समाधान निकालने के लिए सकारात्मक पहल की जाएगी। मंत्री के इस आश्वासन के बाद समाज के लोगों में उम्मीद की नई किरण जगी है।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री शलोनी पत्नी आनंद नि. टांडा महतौली लक्सर व छोटी पुत्री स्वाती का आचरण ठीक न होने के कारण मैंने शलोनी व स्वाती से संबंध विच्छेद कर तमाम सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद इनके किसी भी अनैतिक कृत्य की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**कर्म सिंह पुत्र हर्षी नि. ग्राम बुक्कनपुर, थाना पथरी हरिद्वार।**

# इकबालपुर शुगर मिल की मालकिन को गुजरात पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** लक्ष्मी शुगर मिल इकबालपुर मालकिन व अन्य कुछ अधिकारियों के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज होने के बाद आखिर गुजरात पुलिस द्वारा शुगर मिल मालकिन को गिरफ्तार कर लिया गया। अब कोतवाली झबरेड़ा में भी शुगर मिल के खिलाफ जो मुकदमे दर्ज थे पुलिस खंगाल रही है।लक्ष्मी शुगर मिल इकबालपुर मालकिन श्रेया साहनी को आखिर गुजरात पुलिस द्वारा दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया। कोतवाली झबरेड़ा में भी शुगर मिल मालकिन श्रेया साहनी सहित शुगर मिल महाप्रबंधक सुरेश शर्मा शुगर मिल डायरेक्टर रमजान के खिलाफ चार मुकदमे पूर्व में दर्ज किए हुए हैं। 4 फरवरी 2025 को हर्ष शर्मा निवासी ग्राम हल्लू माजरा थाना भगवानपुर द्वारा शुगर मिल मालकिन श्रेया साहनी महाप्रबंधक सुरेश शर्मा शुगर मिल डायरेक्टर रमजान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था ।आरोप था कि इकबालपुर शुगर मिल की जमीन का फर्जी एग्रीमेंट करते हुए 9 करोड रुपए की धोखाधड़ी कर रुपए हड़प लिए है । रुपए वापस मांगने पर गाली गलौज मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया गया था। शुगर मिल डायरेक्टर रमजान निवासी ग्राम उरदहाँ थाना रामकोला जिला कुशीनगर उत्तर प्रदेश हाल निवासी इकबालपुर को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया था। इससे पूर्व भी सन 2024 में पदम सिंह भाटी निवासी ग्राम धर्मपुर द्वारा लक्ष्मी शुगर मिल इकबालपुर मेल मालकिन श्रेया साहनी महाप्रबंधक सुरेश शर्मा पर तीन मुकदमे झबरेड़ा कोतवाली में दर्ज कराए गए थे ।आरोप लगाया गया था कि उक्त द्वारा किसानों के साथ झूठ बोलकर कि वह 14 दिन के अंदर गन्ना भुगतान कर देंगे लेकिन गन्ना भुगतान नहीं किया गया था। इसमें धोखाधड़ी चार सौ बीस तथा पैसे मांगने पर किसानों के साथ गाली गलौज व मारपीट तथा तीसरा मुकदमा किसानों के साथ धोखाधड़ी करते हुए उन्हें बिना बताए उनकी जमीन पर बैंक से लोन लिया गया था ।उक्त तीनों मुकदमे मे वादी पदम सिंह भाटी निवासी ग्राम धर्मपुर ने बताया कि उनके द्वारा शुगर मिल मालकिन श्रेया साहनी व मिल प्रबंधन के खिलाफ तीन मुकदमे दर्ज कराए गए थे। तीनों मुकदमों की जांच सीबीसीआईडी द्वारा भी की गई थी जिसमें लगाए गए सभी आरोप जांच में सही पाये गये थे।

**लक्सर तहसील क्षेत्र में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**

**इस्लाम अंसारी**
**संवाददाता मो. नं.** 9368942735, 9759860322
**विनित भैया**
**संवाददाता मो. नं.** 9837277814

## ईद-उल-अजहा को लेकर मंगलौर नपा ने की तैयारी तेज
# चेयरमैन ने ईदगाह पहुंचकर व्यवस्थाएं परखी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** ईद-उल-अजहा के त्यौहार को लेकर नगर पालिका परिषद मंगलौर ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को पालिका अध्यक्ष मोहिउद्दीन अंसारी ने अधिकारियों के साथ ईदगाह पहुंचकर सफाई व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और अन्य आवश्यक इंतजामों का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पालिका अध्यक्ष मोहिउद्दीन अंसारी ने कहा कि ईद-उल-अजहा केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि मोहब्बत, भाईचारे, कुर्बानी और इंसानियत का पैगाम देने वाला पर्व है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ईद की नमाज अदा करने आने वाले हर नमाजी को साफ-सुथरा, सुरक्षित और पुरसुकून माहौल मिलना चाहिए। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं। उन्होंने शहरवासियों से भी अपील करते हुए कहा कि सभी लोग मिल-जुलकर त्योहार मनाएं और शहर की साफ-सफाई तथा आपसी सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि खुशियां बांटना और भाईचारे को मजबूत करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि नगर पालिका की ओर से ईद-उल-अजहा को लेकर हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने दुआ की कि



अल्लाह तआला सबकी कुर्बानियों को कबूल फरमाए और शहर में अमन, तरक्की व खुशहाली कायम रखे। साथ ही उन्होंने समस्त देशवासियों को ईद-उल-अजहा की दिली मुबारकबाद दी। इस दौरान अधिशासी अधिकारी उत्तम सिंह नेगी, सफाई निरीक्षक जसवीर चौधरी, अवर अभियंता सुभाष चंद्र, नगर पालिका की टीम तथा कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने बेहतर व्यवस्थाओं को लेकर अपने सुझाव भी साझा किए।

# पूजा-अर्चना व सेवा कार्यों के साथ मंत्री बत्रा ने मनाई माता जी की पुण्यतिथि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने अपनी पूजनीय माता स्वर्गीय ईश्वरी देवी जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने भगवान का आशीर्वाद प्राप्त कर माता जी की स्मृति में प्रेम मंदिर और मालवीय चौक स्थित ठंडे शरबत (छबील) एवं भोजन प्रसाद का वितरण भी किया।

जानकारी के अनुसार कैबीनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने कहा कि उनकी माता जी द्वारा दिए गए परोपकार, जनसेवा और धार्मिक संस्कार ही आज उनके जीवन और जन-प्रतिनिधित्व के सबसे बड़े मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि समाजसेवा और लोगों के प्रति समर्पण की भावना उन्हें अपनी माता जी से ही मिली है।

इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं समर्थक मौजूद रहे। सभी ने स्वर्गीय ईश्वरी देवी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी पुण्यात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मंत्री प्रदीप बत्रा ने ईश्वर से प्रार्थना करते



हुए कहा कि माता जी की पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में शाश्वत शांति प्रदान करें।

# सम्पादकीय

गुरुवार, 28 मई 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## होर्मुज पर सहमति

क्या वाकई एक महीने के भीतर होर्मुज में जहाजों की आवा. जाही शुरू हो जाएगी। अगर ईरान की मिजान न्यूज एजेंसी की मानें, तो यह संभव लगता है। इस न्यूज एजेंसी ने अमेरिका ईरान संभावित शांति समझौते के ड्राफ्ट को लेकर नई जानकारी दी है। एजेंसी के अनुसार अमेरिका ईरान के आसपास तैनात अपनी सैन्य ताकत हटाने पर सहमत हुआ है और अपनी नोसैनिक घेरा. बंदी खत्म करेगा, इसके बदले में ईरान तीस दिनों के भीतर होर्मुज में व्यवसायिक जहाजों की आवाजाही को युद्ध से पहले के स्तर पर बहाल करेगा। हालांकि यह व्यवस्था अमेरिकी सैन्य जहाजों पर लागू नहीं होगी। इतना ही नहीं होर्मुज में जहाजों की आवाजाही का प्रबंधन ईरान और ओमान मिलकर करने की बात रिपोर्ट में कही गई है, लेकिन साथ ही एजेंसी का यह भी कहना है कि समझौते का ड्राफ्ट अभी फाइनल नहीं है और बिना किसी ठोस गारंटी के ईरान आगे नहीं बढ़ेगा। जहां तक बात अमेरिका की है, उसकी तरफ से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। जाहिर है अभी जो महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, उन पर पेंच बराबर फंसा हुआ है। ईरान के बीच हाईली एनरिच्ड यूरेनियम प्रतिबंधों में राहत और फ्रीज ईरानी संपत्तियां जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अभी भी गतिरोध बना हुआ है। हां रिपोर्ट में यह उम्मीद जताई गई है अगर 60 दिनों के अंदर समझौता हो जाता है तो इसको संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव के रूप में मंजूरी दी जाएगी। जाहिर है अभी यह तो नहीं कहा जा सकता कि ईरान और अमेरिका के बीच कोई महत्वपूर्ण समझौता हो गया है, लेकिन अगर ईरान कह रहा है कि होर्मुज को लेकर फिल्हाल बात हो रही है और उस पर लगभग समझौता हो गया है तो यह भी दुनिया के लिए एक बड़ी खबर है। लेकिन एक बात यहां यह भी साफ हो जाती है कि ईरान होर्मुज से अपना नियंत्रण छोड़ने के लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं है। अब आगे क्या होता है यह देखने वाली बात होगी, क्योंकि दोनों ही पक्षों के बीच अविश्वास इतना गहरा है कि कब कौन पीछे हट जाए कहा नहीं जा सकता, विशेषकर अमेरिकी राष्ट्रपति के संबंध में तो यह बात पूरी तरह लागू होती है। फिल्हाल तसल्ली की बात यही है कि बातचीत सही दिशा की तरफ बढ़ती दिखाई दे रही है।

### अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003
Dainikshahtimes@gmail.com

## छात्रों के लिए यह जीवन मरण का सवाल



देश में हर घंटे दो छात्र आत्महत्या कर रहे हैं और इसका सीधा संबंध खराब होती शिक्षा व्यवस्था से है, देश में शिक्षा और परीक्षाओं से जुड़ी गड़बड़ियां सरकार के लिए भले कॉमेडी हों, लेकिन छात्रों के लिए यह जीवन-मरण का सवाल बन चुकी हैं, मीडिया का एक बड़ा हिस्सा गंभीर छात्र मुद्दों की बजाय गैर-जरूरी विषयों पर बहस करता है, जबकि छात्रों की आत्महत्याओं और परीक्षा घोटालों पर पर्याप्त चर्चा नहीं होती, हर साल नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट परीक्षा में गड़बड़ियां सामने आती हैं, लेकिन न तो शिक्षा मंत्री इस्तीफा देते हैं और न ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई होती है, एसएससी जीडी परीक्षा के एक केंद्र पर 800 अभ्यर्थियों को बुलाया गया, जबकि बैठने की व्यवस्था 250 छात्रों के लिए थी।

**-कन्हैया कुमार, प्रभारी, एनएसयूआई**

# सीबीएसई का डिजिटल प्रयोग बना छात्रों की सबसे बड़ी परीक्षा



**प्रो. आर.के. जैन**



जब सुधार के नाम पर व्यवस्था ही संकट बन जाए, तब शिक्षा तंत्र पर सवाल उठना स्वाभाविक है। सीबीएसई ने 2026 में कक्षा 12 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली लागू की, जिसे पारदर्शिता और गति की दिशा में बड़ा कदम माना गया। उद्देश्य था निष्पक्ष और त्रुटिरहित मूल्यांकन, लेकिन वास्तविकता ने लाखों छात्रों का भरोसा तोड़ दिया। धुंधली स्कैनिंग, गलत उत्तर पुस्तिकाओं का अपलोड, कई उत्तरों का बिना जांच छूटना और पोर्टल की तकनीकी विफलताओं ने वर्षों की मेहनत पर संकट खड़ा कर दिया। नतीजतन पास प्रतिशत गिरकर 85.2 प्रतिशत पर आ गया, जो सात वर्षों का सबसे निचला स्तर रहा। कई मेधावी छात्र अचानक कम अंकों से स्तब्ध रह गए। यह केवल तकनीकी गड़बड़ी नहीं, बल्कि सपनों पर पड़ा गहरा आघात बन गया।

जहां शिक्षा सपनों को उड़ान देती है, वहीं डिजिटल अव्यवस्था ने हजारों छात्रों के भविष्य पर विराम लगा दिया। जेईई मेन पास करने वाले कई मेधावी छात्र ओएसएम की खामियों के कारण क्लास 12 में अपेक्षित अंक नहीं ला सके। कई मेधावी छात्र अपेक्षित अंकों (विशेषकर 75 प्रतिशत कट-ऑफ) से पीछे रह गए, जिससे एनआईटी/आईआईटी आदि में प्रवेश प्रभावित हुआ। फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स और इंग्लिश में अप्रत्याशित कम अंकों ने वर्षों की मेहनत पर पानी फेर दिया। कोचिंग का खर्च, जागी रातें और सुनहरे सपने एक तकनीकी गड़बड़ी के आगे बिखरते दिखे। यह केवल रिजल्ट की भूल नहीं, बल्कि युवाओं के करियर और आत्मविश्वास पर गहरा आघात है।

जब एक गलती मार्कशीट से निकलकर मन तक पहुंच जाए, तब उसका असर सबसे भयावह हो जाता है। पूरी मेहनत और समर्पण से तैयारी करने वाले हजारों छात्र अचानक चिंता, निराशा और मानसिक दबाव में घिर गए। सोशल मीडिया पर उठते हमारी मेहनत क्यों बर्बाद? जैसे सवाल व्यवस्था की संवेदनहीनता उजागर करने लगे। कई विद्यार्थियों की नींद छिन गई, परिवार तनाव में डूब गए और कॉलेज एडमिशन की डेडलाइन ने युवाओं को टूटन के कगार पर पहुंचा दिया। शिक्षा का उद्देश्य आत्मविश्वास जगाना है, न कि युवाओं को असुरक्षा में धकेलना। लेकिन सीबीएसई की लापरवाही ने हजारों घरों की शांति और भरोसा दोनों हिला दिए। डिजिटल गलती का यह प्रभाव अब केवल स्क्रीन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि घर-घर की बेचैनी बन गया। जब जांच की प्रक्रिया ही भरोसे के संकट में घिर जाए, तब सबसे बड़ा सवाल यही उठता है कि पूरा परिणाम दोबारा मैनुअल तरीके से क्यों न तैयार कराया जाए। जिन स्कैन की गई उत्तर पुस्तिकाओं को छात्र स्वयं स्पष्ट रूप से नहीं पढ़ पा रहे, उसी डिजिटल प्रारूप में निष्पक्ष री-इवैल्यूएशन कैसे संभव माना जाए? यही कारण है कि मैनुअल री-चेकिंग की मांग अब सबसे न्यायपूर्ण विकल्प बनकर उभरी है। शिक्षक जब वास्तविक कॉपी देखकर जांच करते हैं, तब वे लिखावट, उत्तर की संरचना और सोच की क्रमबद्धता को बेहतर समझ पाते हैं। इसके विपरीत ओएसएम में धुंधली इमेज, सीमित .श्यता और स्क्रीन थकान के कारण कई सही उत्तर भी अनदेखे रह गए। यही कारण है कि प्रभावित छात्रों के लिए मैनुअल री-चेकिंग या पूर्ण समीक्षा की मांग अब सबसे न्यायपूर्ण विकल्प बनकर उभरी है।

डिजिटल व्यवस्था की चमक उस समय बिखर गई, जब पोर्टल की खामियां छात्रों के लिए नई परेशानी बन गईं। उत्तर पुस्तिका प्राप्त करने और री-इवैल्यूएशन के लिए छात्रों को घंटों पोर्टल पर जूझना पड़ा, लेकिन बार-बार तकनीकी गड़बड़ियों ने पूरी प्रक्रिया को अव्यवस्थित बना दिया। पेमेंट फेल होने के बावजूद राशि कट जाना, कैप्चा गायब होना और आवेदन 'पेंडिंग' रहना जैसी समस्याओं ने तनाव कई गुना बढ़ा दिया। कई छात्रों को आर्थिक नुकसान झेलने के बाद भी प्रक्रिया अधूरी और अनिश्चित बनी रही। सीबीएसई द्वारा फीस कम करना और डेडलाइन बढ़ाना राहत जरूर है, पर यह केवल अस्थाई उपाय है। असली संकट कमजोर डिजिटल ढांचे का है। तकनीक तभी वरदान बनती है, जब उसकी नींव मजबूत, सुरक्षित और भरोसेमंद होय अन्यथा वही सुविधा शिक्षा पर अतिरिक्त बोझ बन जाती है। एक तकनीकी गलती छात्रों की प्रतिभा तय नहीं कर सकती, लेकिन उसने सीबीएसई की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ओएसएम की खामियों ने साफ कर दिया कि चूक प्रणाली की है, छात्रों की मेहनत की नहीं। जेईई मेन जैसी कठिन परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों की योग्यता किसी पोर्टल त्रुटि से कम नहीं हो जाती। ऐसे समय में छात्रों को अपना आत्मविश्वास और तैयारी बनाए रखनी चाहिए। नए कौशल और वैकल्पिक अवसर आगे की राह मजबूत करेंगे। सफलता केवल अंकों से नहीं, बल्कि संघर्ष और धैर्य से तय होती है। यह संकट छात्रों का नहीं, बल्कि सीबीएसई की डिजिटल व्यवस्था की विफलता का प्रतीक बन गया है। अब जिम्मेदारी सीबीएसई और नीति-निर्माताओं की है। शिक्षा व्यवस्था में भरोसा लौटाना है, तो केवल सफाई नहीं, ठोस सुधार जरूरी हैं। आई-आई-टी जैसे संस्थानों की मदद से ओएसएम प्रणाली को मजबूत बनाया जा सकता है। प्रभावित छात्रों के लिए मैनुअल री-चेकिंग तुरंत शुरू होनी चाहिए। जब डिजिटल मूल्यांकन पर इतने सवाल उठ चुके हैं, तो पूरा परिणाम दोबा. रा मैनुअल तरीके से क्यों न तैयार कराया जाए। शिक्षा मंत्री ने रिपोर्ट मांगी है, लेकिन अब जरूरत निर्णायक कार्रवाई की है। छात्रों की आवाज आज शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता की सबसे बड़ी परीक्षा बन चुकी है। जब एक तकनीकी व्यवस्था लाखों सपनों को संदेह में डाल दे, तब यह केवल रिजल्ट की गड़बड़ी नहीं रह जाती, बल्कि पूरी डिजिटल शिक्षा प्रणाली पर सवाल बन जाती है। जब लाखों छात्र एक साथ प्रभावित हों, तब चुप्पी समाधान नहीं बन सकती। यदि सीबीएसई छात्र हित को केंद्र में रखकर मैनुअल री-चेकिंग और तकनीकी सुधार लागू करे, तो खोया भरोसा लौट सकता है। अब बोर्ड को स्वनिर्णय लेते हुए पूरे परिणाम की निष्पक्ष मैनुअल समीक्षा करानी चाहिए। छात्रों को भी अपनी मेहनत और संघर्ष पर विश्वास बनाए रखना होगा। यह कठिन दौर बीत जाएगा, प्रणाली सुधरेगी, लेकिन युवाओं की लगन ही देश का असली भविष्य तय करेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अनोखे बीटल्स जो आपको खुशबू से ठगते हैं

**मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर केमिकल इकॉलॉजी के कार्बनिक रसायनज्ञ रयान आलम की बीटल्स के अध्ययन में दिलचस्पी थी। ब्लिस्टर बीटल आत्मरक्षा के लिए कैंथेरीडिन नामक विषैला रसायन छोड़ते हैं, जिससे त्वचा पर फफोले उभर आते हैं। जब आलम को पता चला कि ब्लिस्टर बीटल की कुछ प्रजातियां घास और पौधों के सिरे पर चढ़ जाती हैं तो वे हैरान रह गए। वे सो. चने लगे कि कहीं इनके लार्वा कोई गंध तो नहीं छोड़ते।**

छल-धोखा सिर्फ हमारे साथ नहीं होता। जीवजगत में भी कई ऐसे उदाहरण मिलते हैं जहां एक जीव अपने फायदे के लिए दूसरे जीव का इस्तेमाल करता है। जैसे, कुछ ऑर्किड के फूल मधुमक्खियों को छलते हैं। इन ऑर्किड के फूलों का रूप-रंग मादा मधुमक्खी की तरह होता है और वे उन्हीं की तरह महक बिखेरते हैं। मादा की तलाश कर रहीं नर मधुमक्खी इन फूलों पर चली जाती हैं। संभोग तो होता नहीं लेकिन संभोग की कोशिश में उनके शरीर पर ऑर्किड के परागकण चिपक जाते हैं। ऑर्किड का परागण हो जाता है, बदले में मधुमक्खी को कुछ नहीं मिलता।

वैज्ञानिकों को अब ऐसी ही एक और धोखाधड़ी के बारे में पता चला है। इसमें मधुमक्खियों को धोखा देते हैं भृंग यानी बीटल्स ब्लिस्टर बीटल के लार्वा फूल जैसी महक बिखेरते हैं, जिससे मधुमक्खियां उनके पास खिंची चली आती है। फिर, लार्वा मधुमक्खी से चिपक जाते हैं, चिपके-चिपके उनके छत्तों में पहुंच जाते हैं और उनके अंडे खा जाते हैं।

मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर केमिकल इकॉलॉजी के कार्बनिक रसायनज्ञ रयान आलम की बीटल्स के अध्ययन में दिलचस्पी थी। ब्लिस्टर बीटल आत्मरक्षा के लिए कैंथेरीडिन नामक विषैला रसायन छोड़ते हैं, जिससे त्वचा पर फफोले उभर आते हैं। जब आलम को पता चला कि ब्लिस्टर बीटल की कुछ प्रजातियां घास और पौधों के सिरे पर चढ़ जाती हैं तो वे हैरान रह गए। वे सो.



चने लगे कि कहीं इनके लार्वा कोई गंध तो नहीं छोड़ते। जांच के लिए वे जर्मनी के घास के मैदानों से 40 युरो. पियन ब्लैक ऑयल बीटल (Meloe proscarabaeus) इकट्ठा करके प्रयोगशाला ले आए। यहां बीटल्स ने प्रजनन किया और हजारों अंडे दिए। अंडे से निकलने के बाद लार्वा प्रयोगशाला की घास पर चढ़ गए। कैंथेरीडिन रसायन से बनने वाले फफोलों से बचने के लिए दस्ताने पहनकर आलम ने लार्वा इकट्ठा किए और उन्हें मसल दिया। फिर उन्होंने इस लार्वा-चटनी की गैस क्रोमैटोग्राफी की और देखा कि इसमें कौन-कौन-से रसायन मौजूद हैं। उन्हें लार्वा में मोनोटर्पिनॉइड्स नामक कुछ अणु मिले। ये कीटों में तो कम मिलते हैं, लेकिन पौधों में आम तौर पर पाए जाते हैं। लार्वा में सबसे अधिक पाए गए आठ अणुओं में से कई प्राय: फूलों में पाए जाते हैं।

जैसे लिनेलूल ऑक्साइड और लिलेक एल्डिहाइड। फूलों में ए रसायन परागणकर्ताओं को आकर्षित करते हैं। लेकिन फूलों में पाए जाने वाले रसायन किसी कीट में मिलना हैरानी की बात थी। तो सवाल था कि क्या वाकई कीट में मौजूद ए रसायन मधुमक्खियों को न्यौता देते हैं? इसे जांचने के लिए शोधकर्ताओं ने एक Y-शेप का रास्ता बनाया, जिसका एक रास्ता बीटल-लार्वा से बिखेरी गई खुशबू की ओर जाता था और दूसरा रास्ता व्हीटग्रास की खुशबू की ओर। मधुमक्खी दोनों में से कोई एक खुशबू चुन सकती थीं। रेड मेसन मधुमक्खियों (Osmia bicornis) और बेयर-सैडल्ड सेलोफेन मधुमक्खियों (Colletes similis), दोनों ने व्हीटग्रास की बजाय लार्वा से निकलने वाली फूल-जैसी खुशबू का मार्ग चुना। शोधकर्ताओं ने यह भी पता लगाया कि बीटल लार्वा फूल जैसे रसायन कैसे बनाते हैं। पता चला कि उनमें इन रसायनों का निर्माण उन्हीं एंजाइम्स से होता है, जिनसे ये पौधे में बनते हैं। मादा-सरीखी खुशबू फैलाने की बजाय फूल-जैसी खुशबू बिखेरने से फायदा यह है कि इस खुशबू से नर और मादा दोनों मधुमक्खियां आकर्षित होती है। और सिर्फ मादा मधुमक्खियां ही अपने छत्ते में वापस लौटती हैं, नर नहीं। तो क्यों न छत्ते तक पहुंचने के लिए नर को छोड़कर सीधे मादा से लिफ्ट ली जाए। लार्वा वसंत की शुरुआत में, असली फूल खिलने से पहले, घास के तनों पर चढ़ जाते हैं। और उन्हें फूल समझकर बेचारी मधुमक्खियां उनके पास खींची चली आती हैं और ठगी जाती हैं। हो सकता है इस तरह की महकती नकल जीवजगत में और भी आम हो, जिन पर लोगों का ध्यान न गया हो।

**-स्रोत फीचर्स**

# एक मंच पर आने की रणनीति बना रहीं नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टियां



**यशोदा श्रीवास्तव**

भारत के पांच प्रदेशों में हुए चुनाव परिणाम का असर नेपाल के कम्युनिस्ट पार्टियों पर पड़ा है। पश्चिम बंगाल जो कभी कम्युनिस्ट का न केवल गढ़ था, वहां लंबे समय तक कम्युनिस्ट की सरकार रही है, इस चुनाव में तो उसका नामलेवा तक कोई नहीं बचा। जबकि एक वक्त था जब बंगाल में लगातार 12 वर्षों तक उसकी सरकार रही है।त्रिपुरा में कम्युनिस्ट अब नहीं है। बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों से उसका सफाया हो गया। ले दे कर एक केरलम था जहां कम्युनिस्ट की सरकार बची हुई थी। इस चुनाव में यहां से भी उसका सफाया हो गया।

भारत के इन चुनाव परिणामों से नेपाल के कम्युनिस्ट दलों में बौखलाहट स्वाभाविक है क्योंकि किसी न किसी रूप में नेपाली कम्युनिस्ट दलों को भारत के कम्युनिस्ट पार्टियों से खाद पानी मिलता रहता था। नेपाल के कम्युनिस्ट दलों की चिंता यह है कि एक तो नेपाल में भी वे कमजोर हो गए दूसरे उनकी हौसला अफजाई करने वाले भारत के कम्युनिस्ट दल भी हासिए पर आ गए। भारत में कम्युनिस्ट पार्टियों का हश्र देख नेपाल के प्रमुख कम्युनिस्ट नेता पुष्प कमल दहल प्रचंड नेपाल में कम्युनिस्ट विच. ारधारा को बचाने की कोशिशों में जुट गए हैं। उन्होंने टुकड़ों में बंटे कम्युनिस्ट दलों को एक मंच पर आने की जरूरत बताते हुए कहा कि दुनिया से कम्युनिस्ट विच. ारधारा को खत्म करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साजिश रची जा रही है। इसे समझना होगा वरना हम सब मारे जाएंगे।

पिछले दिनों काठमांडू में 26 वें निर्मल लामा दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए प्रचंड ने कहा कि देश के भीतरी और बाहरी प्रतिक्रिया वादी ताकतें नेपाल के कम्युनिस्ट आंदोलन को नेस्तनाबूद करने की साजिश में लगी हुई है। ऐसा कहकर प्रचंड ने नेपाल की राजनीति में एक नई बहस की शुरूआत कर दी है। प्रचंड ने भारत का नाम नहीं लिया लेकिन कहा कि यदि नेपाल के कम्युनिस्ट दलों ने इस वास्तविकता को स्वीकार कर आत्ममंथन नहीं किया, तो यह श्रमिक वर्ग और उनकी आकांक्षाओं के साथ अन्याय होगा। प्रचंड ने श्रमिक वर्ग का जिक्र इसलिए किया ताकि इसका संदेश विश्व स्तरीय हो।

उन्होंने कहा, कम्युनिस्ट आंदोलन को नेपाल से समाप्त करने के लिए देशी-विदेशी प्रतिक्रियावादी शक्तियां बड़े डिजाइन के तहत काम कर रही हैं। यदि हम इस सच्चाई को स्वीकार नहीं करते, तो हम जान-बूझकर या अनजाने में श्रमजीवी वर्ग के साथ विश्वासघात करेंगे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि नेपाल के कम्युनिस्ट दलों को सबसे पहले अपने भीतर आत्मसमीक्षा करनी चाहिए और अपनी कमजोरियों को सुधारना चाहिए।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की मांग है कि सभी कम्युनिस्ट शक्तियां एकजुट होकर नए ढंग से आंदोलन को आगे बढ़ाएं। प्रचंड ने साफ कहा कि नेपाली जनता भी चाहती है कि सभी कम्युनिस्ट दल एकजुट होकर देश के राजनीतिक भविष्य को आगे बढ़ाएं। प्रचंड का यह विचार सामने आते ही विभिन्न धड़ों में बंटे हुए कम्युनिस्ट दलों के एक मंच पर आने की संभावना को लेकर बहस छिड़ गई है। बताने की जरूरत नहीं कि नेपाल में कम्युनिस्ट विचारधारा राजशाही के जमाने से ही काफी मजबूत रही है। एक बार नेपाली कांग्रेस के स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला के समर्थन से बनी प्रखर कम्युनिस्ट नेता स्वर्गीय मनमोहन अधिकारी के नौ महीने के शासन को आज भी याद किया जाता है। वहीं राजशाही खत्म होने के बाद सत्ता में प्रचंड के नेतृत्व में आई पहली कम्युनिस्ट सरकार लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में विफल रही। प्रचंड को नौ महीने में ही सरकार छोड़ने को मजबूर होना पड़ा था। उसके बाद आते जाते रहे सभी कम्युनिस्ट सरकारों का कार्यकाल बेहतर नहीं रहा। कभी नेपाली कांग्रेस के समर्थन से कम्युनिस्ट पार्टी सरकार में आई तो कभी कम्युनिस्ट पार्टी के समर्थन से नेपाली कांग्रेस सत्ता में आती रही,सभी के सभी जनता की अपेक्षा पर खरा उतरने में कामयाब नहीं रहे। यही वजह है कि नाराज जनता ने एक दम नई पार्टी ष्जिसे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के नाम से जाना जाता है ष को भारी बहुमत से सत्ता सौंप दी जिसके प्रधानमंत्री हैं काठमांडू के पूर्व मेयर बालेन शाह। बालेन शाह का अभी तक जो कार्यकाल है,वह बहुत परिवर्तन कारी नहीं दिख रहा। नेपाल के एक राजनीतिक टिप्पणीकार ने क्या खूब कहा कि बालेन शाह नेपाल को एक नगर-निगम की भांति चला रहे हैं। नेपाल में लगभग गुम हो गई कम्युनिस्ट पार्टियां क्या फिर वापसी कर पाएंगी, इस बाबत कोई दावा नहीं किया जा सकता लेकिन नेपाल की जनता के मूड का भी कोई भरोसा नहीं। जब वह नेपाली कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियों को एक झटके में खारिज कर सकती तो बालेन शाह क्या हैं? बतौर प्रधानमंत्री जब बालेन शाह के अबतक कार्यकाल की समीक्षा करें तो इसमें आम जनता के लिए कुछ खाश नहीं है। सुकंबासी कहे जाने वाले एक बड़े वर्ग के घरों को उजाड़ कर उन्हें नाराज कर दिया गया है। ऐसे लोगों की आबादी करीब 20 लाख है। ए लोग कम्युनिस्ट पार्टी और नेपाली कांग्रेस के वोटर हुआ करते थे। सुकंबासी परिवारों का कोई न कोई सदस्य अमेरिका और अन्य देशों में रोजगार के सिलसिले में रहता है। इन सदस्यों के कहने पर इस बार सुकंबासियों का वोट राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को झूम कर मिला। फिलहाल बहुत कम समय में ही इस समुदाय का मोह बालेन शाह सरकार से भंग हो गया, ऐसा जान पड़ रहा है। नेपाल के आर्थिक समृद्धि में मारवाड़ी समाज का भी योगदान कम नहीं है। पूरे नेपाल में इनकी भी आबादी लाखों में है। ए नेपाल के हर क्षेत्र में फैले हुए हैं। वीरगंज में इस समुदाय के लोगों का भी घर उजाड़ दिया गया है। इससे पूरे नेपाल के मारवाड़ी समुदाय सरकार से खफा है। भारत नेपाल सीमा पर सामानों की खरीदारी पर सख्त प्रतिबंध से नेपाल के तराई वासी भी बालेन सरकार से नाराज हो गए। इस चुनाव में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवारों को तराई वासियों ने भर भर कर वोट दिया था।

नेपाल उच्च न्यायालय ने बालेन सरकार के इस फैसले पर रोक लगा दी है लेकिन राजनीतिक रूप से बालेन शाह का नुकसान तो हुआ ही। बालेन सरकार के इन फैसलों का विरोध नेपाली कांग्रेस ने भी किया और कम्युनिस्ट पार्टियों ने भी। बालेन सरकार के हर उस कदम पर विपक्ष खासकर कम्युनिस्ट पार्टियों की नजर है जो जनता के माफिक न हो। नेपाल के कम्युनिस्ट पार्टियों की नजर बालेन सरकार के विदेश नीति पर भी और राजदूतों की संभावित नियुक्तियों पर भी टिकी हुई है।बालेन शाह की सरकार कई अंतर्राष्ट्रीय विषयों को लेकर कंफ्यूज दिख रही है। पिछले दिनों उन्होंने अमेरिका से आए ट्रंप के खास दूत से मुलाकात नहीं की और अभी हाल ही भारत के विशेष दूत विक्रम मिसरी से भी वे नहीं मिले। दोनों बड़े देशों के सरकारों की ओर से भेजे गए विशेष दूतों से न मिलने का कारणों पर भी कम्युनिस्ट दलों की बारीक नजर है। पहले की सरकारों में नेपाल भारत और चीन के करीब रहा है। अब यहां अमेरिका हावी होता हुआ दिख रहा है। बालेन शाह बतौर प्रधानमंत्री अभी किसी देश के दौरे पर नहीं गए हैं। 11 मई को उनका भारत दौरा प्रस्तावित था जो किन्हीं कारणों से नहीं हो पाया। नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टियां उनके विदेशी दौरे की प्राथमिकता पर भी नजर गड़ाए हुए हैं। कुल मिलाकर नेपाल के राजनीति में यह देखा जा रहा है कि 2026 के चुनाव में हासिए पर आ आ गई नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टियां एक ओर जहां अंदरखाने एक मंच पर आने की रणनीति पर तेजी से काम कर रही है वहीं बालेन सरकार के आंतरिक और विदेशी नीतियों पर खामोशी से नजर गड़ाए हुए हैं। नेपाल राजनीति को अंदर तक समझने वाले विश्लेषकों का कहना है कि नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टियां यदि एक मंच पर आने में कामयाब हो गई तो अभी भले नहीं, आने वाले दिनों में बालेन शाह सरकार के समक्ष बड़ी चुनौती पेश कर पाने में सफल जरूर होंगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दुनिया-टाइम्स







# लेबनान में इजरायली सेना की बमबारी, 31 की मौत


## अमेरिकी मध्यस्थता में युद्ध विराम के प्रभावी होने के बाद अब तक की सबसे भारी बमबारी

**बेरुत।** दक्षिणी लेबनान में इजरायली सेना की भीषण बमबा. री में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई है। अप्रैल के मध्य में अमेरिका की मध्यस्थता में हुए युद्ध विराम के प्रभावी होने के बाद से यह अब तक की सबसे भारी बमबारी मानी जा रही है।

**अकेले मशघरा में मलबे से एक महिला और दो बच्चों समेत 11 शव निकाले गए हैं, जबकि 15 अन्य लोग घायल हुए हैं**

ये हवाई हमले बेका घाटी के मशघरा गांव, दक्षिणी शहर बुर्ज अल-शमाली और यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल करीब 900 साल पुराने मध्ययुगीन किले 'ब्यूफोर्ट कैसल' के आस-पास के इलाकों में किए गए हैं। हवाई हमलों के अलावा इजरायल के थल सेना भी लेबनान के इलाके में काफी भीतर तक दाखिल हो रही है। इसके साथ ही दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के शहरों और गांवों को खाली करने के लिए कहा जा रहा है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अकेले मशघरा में मलबे से एक महिला और दो बच्चों समेत 11 शव निकाले गए हैं, जबकि 15 अन्य लोग घायल हुए हैं। सुरक्षित बचे लोगों में सात साल का मोहम्मद भी शामिल है, जो उस समय सो रहा था, जब एक मिसाइल ने उसके घर को तबाह कर दिया। इस हमले में मोहम्मद के पिता और उसकी दो बहनों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार, हवाई हमलों में दक्षिणी लेबनान के मशघरा और बुर्ज अल-शमाली को भी निशाना बनाया गया है। सरकारी मीडिया ने कहा कि कुछ हमले ब्यूफोर्ट कैसल के करीब हुए हैं। यूनेस्को ने करीब 900 साल पुराने इस किले को इस इलाके में 'मध्ययुगीन किलों के सबसे सुरक्षित बचे हुए उदाहरणों में से एक' के रूप में मान्यता दी है। ईरान युद्ध के 89वें दिन इजरायल के हमलों में काफी तेजी आई है।










## अमेरिकी सीनेटर ने ईरान युद्ध को लेकर ट्रम्प पर साधा निशाना

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सीनेटर मार्क वॉर्नर ने 'एक और अंतहीन युद्ध शुरू करने' के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तीखी आलोचना की है और दावा किया है कि ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य कार्रवाई लगातार जारी है। सीनेट इंटेलिजेंस कमेटी के उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाल रहे सीनेटर वॉर्नर ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में ट्रम्प पर वादे तोड़ने और महंगाई बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा कि डोनाल्ड ट्रम्प लगातार दावा कर रहे हैं कि युद्ध खत्म होने वाला है, लेकिन सच यह है कि अमेरिका अब भी ईरान पर हमले कर रहा है। वह अपना हर वादा तोड़ रहे हैं। नए अंतहीन युद्ध शुरू कर रहे हैं और हर चीज की कीमतें बढ़ा रहे हैं। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब एक तरफ बातचीत की रफ्तार बेहद धीमी है, तो दूसरी तरफ अमेरिका ने सोमवार को दक्षिणी ईरान पर नए हमले किए हैं।

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
- जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज
- बांझपन का इलाज
- बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
- परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा ।
- हाईरिस्क गर्भावस्था
- बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
- बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
- नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004

## अफ्रीकी देशों से अहमदाबाद आए 11 लोग आइसोलेशन में

**बेंगलुरु।** अफ्रीकी देशों में इबोला वायरस फैलने के चलते युगांडा, दक्षिण सूडान और कांगो से अहमदाबाद आए 11 मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा गया है। अहमदाबाद कार्पोरेशन के अधिकारी डा. भाविन सोलंकी ने बताया कि प्राथमिक जांच में इनमें से कोई भी संदिग्ध नहीं पाया गया है। लेकिन, एहितायन यह कदम उठाया है। वहीं, भारत सरकार ने बुधवार को बताया कि देश में इबोला वायरस से जुड़ा एक भी मामला नहीं है। सरकार को यह स्पष्टीकरण इसलिए देना पड़ा क्योंकि युगांडा से भारत आई एक महिला में इबोला जैसे लक्षण देखे गए थे।

